4 रायपुर संभाग — फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने किया लगभग 6 लाख का गबन
6 अभिमत — नेपाल की रणनीतिक स्वायत्तता
09 विविध — विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में जिले के देशी दुकानों से हो रही तस्करी
11 छत्तीसगढ़ — बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से उठाईगिरी करने वाली एमपी के...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 01 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-99 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ रूपये की योजना को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की एक योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1079.96 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से 126.41 करोड़ रुपये और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाएं प्रमुख भागीदार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं की भागीदारी का बहुत महत्व है और वे इसमें प्रमुख रूप से भागीदार है। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि निकट भविष्य में कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनकर उभरेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष की शुरुआत में अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करने घोषणा की। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य कोमलापति वेंकट रावनम्मा ने कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन उड़ाना सीखने का अपना अनुभव साझा किया।

### कजाकिस्तान के अल्माटी में छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के अल्माटी में एक छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन विभाग ने एक बयान में यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि आग तीन मंजिला आवासीय इमारत के बेसमेंट में लगी थी। इस इमारत की पहली मंजिल और बेसमेंट में छात्रावास चलाया जा रहा था। आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं और देखा कि आग पहले ही इमारत के बेसमेंट को अपनी चपेट में ले चुकी है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मौतें कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण हुईं।

# एग्जिट पोल : छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर के बीच कांग्रेस को बढ़त, राजस्थान-मध्यप्रदेश में भाजपा आगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 तारीख को आना है। इससे पहले एग्जिट पोल में सेम्पल साइज को आधार मानते हुए राज्यों के प्राथमिक रुझान सामने आए हैं। छत्तीसगढ़ में 2023 के इस विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर के बीच कांग्रेस को बढ़त मिलने के आसार लगभग सभी एग्जिट पोल में सामने आए हैं। आज तक एक्सिस माय इंडिया द्वारा जारी किए गए एग्जिट पोल के अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 40-50 सीटों पर जीत मिलने की संभावना है। वहीं भाजपा भी इस एग्जिट पोल में बहुमत के आंकड़े को छूते नजर आ रही है। भाजपा को 36-46 सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है। वहीं अन्य दलों एवं निर्दलीय के खाते में 1-5 सीटें जा सकती हैं। एबीपी और सी वोटर के सर्वे में कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिलने की संभावना है। भाजपा को 36 से 48 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 0-4 सीटें जा सकती है। न्यूज-24 और टुडेज चाणक्या के एग्जिट पोल अनुमान में कांग्रेस को 57 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 33 सीटें मिलेंगी। अन्य के खाते में एक भी सीट नहीं जाएगी। रिपब्लिक और मैट्रिज के अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है। कांग्रेस को 44 से 52 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 34 से 42 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। टीवी-9 पोल स्ट्रैट के अनुमान के अनुसार कांग्रेस को 40-50 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 0-3 सीटें मिल सकती हैं। टाइम्स नाऊ और ईटीजी के सर्वे में कांग्रेस को 48-56 सीटें मिलने का अनुमान है। इस सर्वे के मुताबिक भाजपा को 32-40 सीटें, जबकि अन्य के खाते में 2-4 सीटें जा सकती हैं।




### राजस्थान में भाजपा को बढ़त

एग्जिट पोल के अनुसार राजस्थान में कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 100-122 सीटें मिल सकती हैं। अन्य दलों के खाते में 14-15 सीटें जाने का अनुमान है। आज तक एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में राजस्थान में कांग्रेस को 86-106 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 80-100 सीटें जीत सकती है। अन्य के खाते में 9-18 सीटें जा सकती हैं। टीवी-9 पोल स्ट्रैट के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 90-100 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा के खाते में 100-110 सीटें जा सकती हैं। अन्य और निर्दलीय उम्मीदवारों को 5-15 सीटें मिलने का अनुमान है। टाइम्स नाऊ ईटीजी के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 56-72 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 108-128 सीटें मिल सकती हैं। अन्य के खाते में 13-21 सीटें जा सकती हैं। रिपब्लिक पी मार्क के एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार को तगड़ा झटका लगने के आसार हैं। इसके मुताबिक कांग्रेस को केवल 69-91 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 105-125 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य की झोली में 5-15 सीटें जाएंगी।

### तेलंगाना और मिजोरम

तेलंगाना में बीआरएस को 40-55 सीटें, कांग्रेस को 48-64, बीजेपी को 7-13 सीटें और आईएमआईएम को 4-7 सीटें मिल सकती हैं। मिजोरम में पोल के आंकड़ों में एमएफ को 10-14, जेपीएम को 15-25, कांग्रेस को 5-9, बीजेपी को 0-2 सीटें मिल सकती हैं।

### मध्यप्रदेश में भाजपा

रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में भाजपा को 118-130 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 97-107 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। इन अनुमानों के मायने हैं कि मध्य प्रदेश में भाजपा को बहुमत मिलेगा। बता दें कि मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 116 है। वहीं छह में से तीन एग्जिट पोल में बीजेपी की सरकार, एक में कांग्रेस और दो में बराबरी की टक्क र दिख रही है। न्यूज 24-चाणक्य ने मध्यप्रदेश में बीजेपी को 151 सीटें दी, जबकि कांग्रेस को 74 सीटें। वहीं, अन्य को पांच सीटें मिलती दिख रही हैं। टाइम्स नाउ-ईटीजी के मुताबिक, बीजेपी को 105-117, कांग्रेस को 109-125 और अन्य को 1-5 सीटें मिलने का अनुमान है। रिपब्लिक भारत का सर्वे में भाजपा को 118-130 सीटें, कांग्रेस को 97-107 सीटें, अन्य को दो सीटें। टीवी 9 भारतवर्ष-पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्यप्रदेश में कांटे की टक्क र होगी। बीजेपी को 106-116 और कांग्रेस को 111-121 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टूडे- एक्सिस माय इंडिया का एग्जिट पोल भाजपा को 118-130 सीटें, कांग्रेस को 97-107 सीटें, अन्य को 0-2 सीटें मिल सकती है।

## समृद्धि के लिए देश की सीमाओं के साथ आंतरिक सुरक्षा जरूरी : मुर्मु



पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मुर्मु ने पुणे के खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सेना की 5वीं बटालियन के भवन की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा , शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम 'वसुधैव कुटुंबकम' की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं जो देश की एकता और अखंडता की भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एनडीए नेतृत्व का एक ऐसा उद्गम स्थल है जिसने महान योद्धाओं को जन्म दिया है। यह अकादमी देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में भी विशिष्ट स्थान रखती है और इसकी सशस्त्र बलों के लिए देश के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मान्यता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए से प्राप्त प्रशिक्षण और जीवन मूल्य कैडेटों को अपने जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कैडेटों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को सीखकर और उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी।

## सुप्रीम कोर्ट ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोपीनाथ की पुनर्नियुक्ति रद्द की


एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. गोपीनाथ रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की समीक्षा के बाद यह फैसला सुनाया। पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति बरकरार रखने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि नियुक्ति केरल सरकार के अनुचित हस्तक्षेप के कारण गलत थी। कन्नूर विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य प्रेमचंद्रन कीज़ोथ और अकादमिक परिषद के सदस्य शिनो पी जोस ने पुनर्नियुक्ति प्रक्रिया के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। पीठ की ओर से फैसला सुनाने वाले न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि इस अदालत ने चार सवालों पर विचार करने के बाद फैसला सुनाया गया। क्या कार्यकाल के पद पर पुनर्नियुक्ति की अनुमति है, क्या कन्नूर विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 10 (9) में निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 60 चार साल के लिए पुनर्नियुक्ति के मामले में भी लागू होता है, क्या पुनर्नियुक्ति के लिए चयन समिति की स्थापना करके कुलपति की नियुक्ति के समान प्रक्रिया का पालन करना होगा और क्या कुलाधिपति ने पुनर्नियुक्ति की शक्ति पद छोड़ दिया या आत्मसमर्पण कर दिया शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के अनुचित हस्तक्षेप के कारण यह निर्णय गलत हो गया।

## आज होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया चौथा टी-20 मैच रायपुर में

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला 1 दिसंबर को खेला जाएगा। ये मैच शाम 7 बजे से शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला 1 दिसंबर को खेला जाएगा। ये मैच शाम 7 बजे से शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला जाएगा। तीसरे टी20 में टीम इंडिया हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 3 विकेट खोकर 222 रन बनाए थे। जवाब में कंगारू ने 5 विकेट रहते जीत हासिल कर ली। पांच मैचों की सीरीज में मैन इन ब्लू 2-1 से आगे है। मुकेश कुमार अपनी शादी के अंतिम तीन मैच से बाहर हो गए। उनकी जगह दीपक चाहर को स्क्वाड में शामिल किया गया। श्रेयस अय्यर भी आखिरी दो मैच में टीम में शामिल होंगे। इस मैच को देखने के लिए प्रदेश के कोई कोने से लोग रायपुर पहुंच रहे हैं। घंटों लाइन में लगकर लोग टिकट ले रहे हैं। आपको बता दे की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने सभी साथियों के साथ स्टेडियम में मैच देखने पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार भारत-ऑस्ट्रेलिया के मैच को देखने के लिए उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, मंत्री रविन्द्र चौबे, मो. अकबर समेत सभी मंत्री होंगे। इनके अलावा कई वरिष्ठ नेता भी इसे पहुचेंगे। इनमें सत्यनारायण शर्मा, राजेंद्र तिवारी जैसे नाम शामिल हैं। इसके लिए सभी प्रत्याशियों और नेताओं को जानकारी दे दी गई है। मैच के दौरान क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचने वाले दर्शकों के लिए पैरामेडिकल स्टॉफ और आवश्यक दवाओं के साथ पांच डॉक्टर मौजूद रहेंगे। जो किसी भी आपात स्थिति में लोगो की मदद के लिए तैयार रहेंगे। ये डॉक्टर पार्किंग के साथ स्टेडियम के अलग अलग हिस्सों में मौजूद रहेंगे।

### भारत का स्पष्ट मत है कि आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य

## भारत की जी-20 अध्यक्षता में नए बहुपक्षवाद की शुरुआत : मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी -20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। मोदी ने भारत की जी 20 अध्यक्षता के कार्यकाल के अंतिम दिन एक लेख में उम्मीद जताई कि इन इन क्षेत्रों में आगे भी तेजी से काम किया जायेगा। मोदी ने कहा, अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने भू राजनीतिक मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श की अगुवाई की। भारत का स्पष्ट मत है कि आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमें जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने कहा कि भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के 365 दिन पूरे हो गए हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। उन्होंने कहा कि जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था। इसके अलावा, कमजोर होता बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में



परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा। जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः, भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली घोषणा पत्र जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरुआत की। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरुआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाया।

## करीब सवा दो लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2.23 लाख करोड़ रूपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। इनमें वायु सेना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय से संबंधित खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन प्रस्तावों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है और इनमें से 2.20 लाख करोड़ रूपये की खरीद घरेलू उद्योगों से की जायेगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इनमें हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर , युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों में सेना के लिए टाइप-2 और टाइप-3 की टैंक रोधी तोप की खरीद का प्रस्ताव शामिल है । ये तोप बख्तरबंद वाहनों और टैंकों को ध्वस्त करने में सक्षम होगी। रक्षा परिषद ने हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से वायु सेना और सेना के लिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर और वायु सेना के लिए हल्के लड़ाकू विमान एम के 1ए की जरूर के आधार पर खरीद की भी मंजूरी दी है। इसके अलावा एचएएल सुखोई -30 एम के आई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य भी करेगा। परिषद ने नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। सेना के लिए टी 90 टैंकों के लिए ऑटोमेटिक टारगेट ट्रेकर और डिजिटल बसाल्टिक कंपयूटर की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है।

# एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com

लघु,सूक्ष्म और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) सेक्टर को आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसएमई उद्यमी अपने उत्पादों की गुणवत्ता से समझौता कतई ना करें, प्रदेश सरकार शासकीय खरीद में उन्हें हर हाल में प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा आयोजित उद्यमी महासम्मेलन को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा उत्तर प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हमने टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करके इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुए रिफॉम के परिणाम सबके सामने हैं। पूरी दुनिया विश्वास के भाव से उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। हमें अभी से 2024 के इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरयम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवॉर्ड्स इंडस्ट्री 4.0 एंड स्किल 48 से संबंधित प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया, जिसमें प्रदेशभर से एमएसएमई स्टार्टअप्स उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों और उद्यमियों का प्रदेश की राजधानी में स्वागत करते हुए कहा कि पहले यूपी में उद्यम के लिए माहौल और सरकार के स्तर पर प्रोत्साहन व संरक्षण ना होने पर उद्यमी हतोत्साहित था। 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपने परंपरागत उत्पादों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करने के कार्यक्रम का परिणाम हम सबके सामने है। ये देश ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक



अभिनव योजना है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि कंपटीशन के दौर में प्रोडक्ट की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही उसकी पैकेजिंग पर और ज्यादा कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करते हुए इंस्पेक्टर राज से मुक्ति के कार्यक्रम चलाए गये हैं। सीएम योगी ने निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल और ऑनलाइन इन्सेंटिव प्लेटफॉर्म की चर्चा करते हुए कहा कि इससे उद्यमियों को प्रदेश के अंदर निवेश की संभावनाओं को विकसित करन के साथ साथ उनकी सुविधाओं के सरलीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की रैंकिंग आज से 6 साल पहले 14वें स्थान पर थी। इसमें व्यापक रिफॉर्म किये गये। जिसका परिणाम सबके सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर लैंड बैंक बनाने का कार्य हो या बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करना हो, हर दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सितंबर में ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन भी शानदार रहा। इसमें 70 हजार बायर्स आए थे और टोटल फुटप्रिंट चार लाख थी। 400 से ज्यादा विदेशी बायर्स भी वहां पहुंचे। सभी को नये भारत के नये यूपी के पोटेंशियल को देखकर आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया विश्वसनीयता के भाव से भारत और यूपी की ओर देख रही है। जहां नोएडा और ग्रेटर नोएडा को विकसित करने में 46 साल लगे, वहीं वर्तमान में हम झांसी, बुंदेलखंड में एक नए औद्योगिक संस्थान की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं। झांसी में हमारे पास पहले ही चरण में 38 हजार एकड़ लैंडबैंक मौजूद है। 46 साल में पहली बार हमारी सरकार में ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार है, वहीं झांसी में हम पहले ही चरण में एयरपोर्ट देने जा रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि वह स्थानीय स्तर पर मौजूद शिक्षण संस्थाओं से मैन पॉवर प्राप्त करें। इसके लिए पीएम और सीएम इंटर्नशिप स्कीम की मदद लें। सीएम योगी ने प्रदेश के हर हिस्से में ट्रेड शो के आयोजन पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से सोलर पॉवर के उपयोग को लेकर भी आह्वान किया, जिससे बिना प्रदूषण के बिजली प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) अमित मोहन प्रसाद, आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, उद्यमी महासम्मेलन के समन्वयक राजीव बंसल सहित प्रदेश भर से बड़ी संख्या में आए एमएसएमई उद्यमी मौजूद रहे।

## मंत्री भदौरिया ने पोस्ट किया वीडियो, एक ही व्यक्ति बार-बार करवा रहा है मतदान

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक व्यक्ति एक मतदान केंद्र में उपस्थित कई लोगों को मतदान करने ले जाता हुआ और मतदान के दौरान भी वहां खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। भदौरिया ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए निर्वाचन आयोग से मांग की है कि दिखाई दे रहे बूथ पर दोबारा मतदान कराया जाए। ये वीडियो भिंड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र का बताया जा रहा है। भदौरिया अटेर से ही चुनाव लड़ रहे हैं। इस विधानसभा के एक और मतदान केंद्र पर इसके पहले अनियमितताओं की शिकायत पर दोबारा मतदान कराया जा चुका है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग को लिखित शिकायत कर अटेर विधानसभा क्षेत्र के इस मतदान केंद्र क्रमांक 11 एवं 12 का मतदान निरस्त कर पुनः मतदान कराए जाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने उक्त दोनों मतदान केन्द्रों के मतों की गणना पर भी रोक लगाने की मांग करते हुए निर्वाचन आयोग को साक्ष्य भी सौंपे है। भदौरिया ने ये वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा है, ''अटेर विधानसभा में बूथ खड़ित के क्रमांक 11 एवं 12 पर मतदान के दिवस 17 नवम्बर को असामाजिक तत्वों द्वारा बूथ कैप्चरिंग की गई थी। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग को पहले भी की गई थी आज ये उस बूथ का वीडियो भी सामने आया है। निर्वाचन आयोग से अनुरोध है जाँच कर इन बूथों पर पुनर्मतदान कराया जाए। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि मतदान केंद्र पर एक व्यक्ति कतार में लगे लोगों को एक-एक करके मतदान कराने ले जा रहा है।

## घाटी की शांति भंग करने वालों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा'

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करना, टेक्स्ट और संदेश पोस्ट करना, सांप्रदायिक उन्माद भड़काने, शांति बाधित करने, आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने की वालों को कानून के तहत कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। स्वैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए कर्तव्यबद्ध है कि केन्द्रशासित प्रदेश में कोई भी तत्व शांति भंग करने और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए पैगंबर मुहम्मद या किसी धार्मिक समूह या समुदाय के प्रति किसी भी प्रकार का अनादर करने का प्रयास न करे।

## मेरी ड्यूटी खत्म, मैं चला घर 2500 ट्रेन यात्रियों का फूटा गुस्सा

एजेंसी बाराबंकी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड ने बीच रास्ते में ही खड़ी कर यह बोलकर चले गए कि ड्यूटी खत्म हो गई है, जिसके चलते काफी देर तक ट्रेन बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। जिसके बाद ट्रेन में सवार यात्रियों का गुस्सा फूटा, यात्रियों ने रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्पेशल एक्सप्रेस सहरसा से दिल्ली के लिए निकली थी। थोड़ी दूर चलने के बाद बुढ़वल जंक्शन के पास से स्पेशल एक्सप्रेस रुकी और इस दौरान वहां से एक मालगाड़ी पास हुई। सभी यात्रियों को लगा की अब ट्रेन चलने वाली है। लेकिन करीब



एक घंटा ट्रैक पर ही खड़ी रही, तब सभी यात्री परेशान होने लगे। वजह जानने के बाद यात्रियों के होश उड़ गए। उन्हें जानकारी दी गई की लोको पायलट और गार्ड की ड्यूटी खत्म हो गई है और वो घर चले गए हैं। जब यात्रियों को ट्रेन खड़ी रहने के कारण का पता चला तो सभी का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। करीब दो बजकर 20 मिनट पर अधीक्षक ने ड्राइवर व गार्ड के चले जाने की सूचना कंट्रोल रूम को दी तो वहां भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में गोण्डा से ड्राइवर व गार्ड को भेजा गया। ड्राइवर व गार्ड आए फिर ट्रेन चार बजकर 50 मिनट पर आगे रवाना की गई।

## राजोआना मामले पर फैसले के लिए पंथक प्रतिनिधियों की बैठक दो दिसंबर को : धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की गुरुवार को हुई आपात बैठक में बलवंत सिंह राजोआना के मामले पर गंभीर चर्चा के बाद इस संबंध में पंथक पार्टियों के प्रतिनिधियों से मशवरा के लिए दो दिसंबर को बैठक बुलाने का फैसला लिया गया है। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई बैठक में बलवंत सिंह राजोआना द्वारा भेजे गए पत्र पर करीब तीन घंटे तक चर्चा हुई। बैठक केवल एक निर्धारित एजेंडे पर 72 घंटे के नोटिस पर बुलाई गई थी। बैठक के बाद पत्रकारों से जानकारी साझा करते हुये एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि बलवंत सिंह राजोआना की ओर से भेजे गये पत्र में उन्होंने शिरोमणि कमेटी से अपनी याचिका वापस लेने और पांच दिसंबर से भूख हड़ताल शुरू करने के लिये कहा था। अधिवक्ता धामी ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है, जिस पर संप्रदाय प्रतिनिधियों की राय जानने के बाद आम राय के मुताबिक ही कोई निर्णय लिया जा सकता है, क्योंकि 2012 में शिरोमणि कमेटी की ओर से राजोआना की फांसी की सजा को देश के व्यापक हितों के मद्देनजर सांप्रदायिक भावनाओं के अनुरूप माफ करने के संबंध में राष्ट्रपति को याचिका सौंपी गई थी। एसजीपीसी के लिए इस याचिका पर स्वयं कोई निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। इसलिये अंतर समिति ने निर्णय लिया है कि विभिन्न पंथक दलों की राय लेना जरूरी है, जिसके मद्देनजर दो दिसंबर को पंथक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जायेगी।

## तेलंगाना में मशहूर हस्तियों ने डाले अपने वोट

एजेंसी हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कई मशहूर हस्तियों ने राजधानी हैदराबाद में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अभिनेता चिरंजीवी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ जुबली हिल्स क्लब के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। टॉलीवुड अभिनेता जूनियर एनटीआर और अल्लू अर्जुन ने जुबली हिल्स में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों अभिनेता सुबह 07.00 बजे मतदान शुरू होने के तुरंत बाद मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अन्य मतदाताओं के साथ कतार में खड़े हो गये। जूनियर एनटीआर, उनकी मां और पत्नी ने ओबुलरेड्डी स्कूल मतदान केंद्र तथा अल्लू अर्जुन ने बीएसएनएल मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। संगीत निर्देशक एमएम कीरावनी ने भी जुबली हिल्स मतदान केंद्र



पर अपना वोट डाला। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने एसआर नगर के नारायण जूनियर कॉलेज में मतदान केंद्र क्रमांक 188 में अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपना वोट डाला। प्रदेश की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने शहर के जुबली हिल्स के प्रशांत नगर में मतदान केंद्र संख्या 162 में अपना वोट डाला। पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार ने अपने परिवार के साथ सुबह अंबरपेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। इस मौके पर संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है।

## झारखंड के जामताड़ा जिले में छापेमारी कर पांच साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

**रांची।** जामताड़ा जिले में साइबर अपराध थाना की पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के घोषबाद व मुरलीडीह गांव में छापेमारी कर पांच साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने आज बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर करमाटांड़ के घोषबाद व मुरलीडीह में छापेमारी कर रियाज अंसारी, बिदुर महतो, विशाल मंडल, जयंत विश्वास व अजय यादव को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 19 मोबाइल, 34 सिम, 02 एटीएम कार्ड, सोने की चेन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पूछताछ के क्रम में इन सभी के मोबाइल से साइबर क्राइम की पुष्टि हुई है। साथ ही स्वीकारोक्ति में साइबर अपराध करने की बात कबूल किया है। इन सभी के विरुद्ध जामताड़ा साइबर थाना में मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया है। इन सभी साइबर आरोपियों का कार्यक्षेत्र मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश है।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने की आत्महत्या

एजेंसी कोटा
www.dailypioneer.com

राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिछले तीन दिनों में कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की यह दूसरी जबकि इस साल की 27वीं घटना है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के महावीर नगर प्रथम इलाके में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही एक कोचिंग छात्रा निशा यादव (21) ने कल देर रात को किसी समय अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा उत्तर प्रदेश के औरैया जिले की रहने वाली थी। छात्रा निशा यादव पहले इन्द्र विहार इलाके में एक हॉस्टल में रहती थी लेकिन हाल ही में 13 नवम्बर को वो महावीर नगर प्रथम इलाके में दूसरे हॉस्टल में रहने लगी थी। घटना के पहले देर पहले इस छात्रा ने अपने पिता से फोन पर बात की थी। थोड़ी देर बाद जब उसके पिता ने वापस उसे फोन किया तो छात्रा ने फोन नहीं उठाया। बार-बार फोन करने पर भी जब छात्रा ने फोन नहीं उठाया तो आशंकित पिता ने हॉस्टल के स्टाफ को फोन किया जिन्होंने जाकर जब कमरे का दरवाजा खोला तो छात्रा फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। शहर में रहकर पिछले तीन दिनों में नीट की तैयारी कर रहे किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की यह दूसरी घटना है। इसके पहले सोमवार को पश्चिमी बंगाल के रहने वाले और कोटा में एक निजी कोचिंग संस्थान से नीट की कोचिंग ले रहे छात्र फोरीद हुसैन ने 27 नवम्बर को फ़ांसी से लटक कर आत्महत्या कर ली थी जो दादाबाड़ी थाना इलाके की वक्फ़ कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रह रहा था।

## कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात, मैदानी इलाकों में बारिश

वार्ता श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को घाटी के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हुई और एहतियात के तौर पर कई सड़कें बंद कर दी गईं। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में ताजा हिमपात हुआ, जिससे वहां रहने वाले पर्यटक काफी खुश हुए। दूधपथरी, सोनमर्ग, मुगल रोड, दक्षिण कश्मीर में पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में भी आज ताजा हिमपात हुआ। एक यातायात अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड को ताजा बर्फ जमा होने के कारण एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। फिलहाल, ताजा बर्फबारी के कारण लद्दाख में रणनीतिक श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क संपर्क जोजिला दर्रा पर यातायात बंद कर दिया गया है। यातायात अधिकारियों ने कहा, ÷बर्फ हटाने का काम जारी है और हरी झंडी मिलने के बाद सड़क को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में आज भारी बारिश हुई, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हो गईं। जम्मू-कश्मीर के मध्य और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बताया कि एक से 10 दिसंबर तक आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं। न्यूनतम तापमान में आज 3-5 डिग्री सेल्सियस का महत्वपूर्ण सुधार देखा गया और यह सुधार एक दिसंबर तक रहने और बाद में, तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के अनुमान हैं। तीस नवंबर से एक दिसंबर की दोपहर तक पहाड़ी क्षेत्रों और जोजिला, सिंथन दर्रा, मुगल रोड जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर परिवहन चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर में पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले गुरुवार को न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। एक दिन पहले दर्ज किए गए शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले पहलगाम का न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि कोकरनाग में पिछली रात के 2.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि एक दिन पहले यह 1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में पिछली रात के शून्य से कम 1.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान शून्य से कम 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### पांच राज्यों में विधानसभा आमचुनाव के बाद अब लोकसभा के लिए फिर से यहां माहौल काफी गरमाने लगा है

## लोकसभा चुनाव में होगा बहुकोणीय संघर्ष, बसपा की भूमिका होगी अहम : मायावती

वार्ता लखनऊ
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने के लिये कैडरों को तैयार रहने का आवाहन करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली के कारण आम चुनाव में बहुकोणीय संघर्ष होने के पूरे आसार हैं जिसमें बसपा की भूमिका अहम होने वाली है। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड में पार्टी की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मायावती ने गुरुवार को कहा कि देश और यूपी समेत विभिन्न राज्य सरकारों की संकीर्ण, जातिवादी तथा जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली के कारण राजनीतिक हालात तेज़ी से बदल रहे हैं तथा ऐसे में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं होकर बहुकोणीय संघर्ष का रास्ता लोग चुनने को आतुर नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोकसभा का अगला आमचुनाव दिलचस्प, संघर्षपूर्ण और व्यापक जनहित एवं देशहित में साबित होने की प्रबल संभावना है, जिसमें बसपा की भूमिका अहम होगी। उन्होने कहा कि ऐसे हालात में पार्टी को समय-समय पर दिये जा रहे दिशा-निर्देशों पर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक मेहनत करके अच्छा रिज़ल्ट हासिल किया जा सकता है। ऐसा होने पर बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 'आत्म सम्मान व स्वाभिमानी मूवमेन्ट' को न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में मज़बूती मिलेगी तथा समस्त ग़रीबों, वंचितों, शोषितों-पीड़ितों में से ख़ासकर सदियों से जातिवाद के शिकार दलित, आदिवासी व अन्य पिछड़े वर्गों के साथ-साथ धार्मिक अल्पसंख्यकों में से विशेषकर मुस्लिम समाज के करोड़ों लोगों को जुल्म-ज्यादती, द्वेष, भेदभाव व दूसरे दर्जे के नागरिक की तरह के सरकारी व्यवहार से मुक्ति मिल जाएगी।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि इसके लिए विरोधी पार्टियों और उनकी सरकारों के साम, दाम, दण्ड, भेद आदि सभी किस्म के हथकण्डों को अपनी बहुजन एकता और एकजुटता तथा सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने की अपनी चाह/ललक को ठोस लोकतांत्रिक मजबूती प्रदान करना जरूरी होगा, जो 'बहुजन समाज' के लिए मुश्किल काम नहीं है, क्योंकि ऐसा



उन्होंने ख़ासकर यूपी में अनेको बार करके देश को दिखाया है। सम्बोधन से पहले मायावती ने पार्टी की पिछली बैठक में दिये गये जरूरी दिशा-निर्देशों पर ज़मीनी स्तर पर होने वाले अमल की जिला व मण्डलवार समीक्षा रिपोर्ट लेने के बाद उन्हें अमलीजामा पहनाने में आने वाली कमियों को दूर करके आगे बढ़ने के लिये नये दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पाँच राज्यों में विधानसभा आमचुनाव के बाद अब लोकसभा के लिये फिर से यहाँ माहौल काफी गरमाने लगा है तथा नई सरगर्मी भी शुरू हो गयी है। मायावती ने कहा कि इस बार इस कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया गया है जिसके तहत् अब पश्चिमी यूपी के छह मण्डलों तथा आगरा, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ तथा सहारनपुर मण्डल के लोग नोएडा में बसपा की सरकार द्वारा दिल्ली-यूपी सीमा पर निर्मित भव्य 'राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन' में पूरी सामूहिकता के साथ अपने मसीहा बाबा साहेब डा.अम्बेडकर को अति-प्रभावी तौर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे, जबकि यूपी के शेष 12 मण्डलों में पार्टी के लोग 'डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल' प्रांगण में स्थित डा. अम्बेडकर स्मारक में अपने मसीहा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होने कहा कि रोजी-रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास, सुख-शान्ति, समृद्धि के 'अच्छे दिन' को तरसते उत्तर प्रदेश के लगभग 25 करोड़ लोगों के जीवन में छाई गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन व पलायन के दुःख भरे जीवन की बात है। यह भाजपा के शासनकाल में भी लगातार जारी है, बल्कि वास्तविकता यह है कि पिछले वर्षो में लोगों का दुःख-दर्द घटने के बजाय सरकारी वादों, दावों व घोषणाओं के विपरीत हालात और बिगड़े हैं तथा लोगों का जीवन त्रस्त हुआ है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार में भी उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में समग्र विकास के बजाय इनमें से मात्र कुछ गिने-चुने ज़िले को ही उसी प्रकार से सरकारी धन व्यय को प्राथमिकता दी जा रही है जिस प्रकार से सपा के शासनकाल में कुछ चुनिन्दा ज़िले ही सरकारी कृपादृष्टि के पात्र हुआ करते थे और जिस संकीर्ण राजनीति से जनता पहले की तरह ही दुःखी व त्रस्त है।

उन्होने कहा कि साफ है कि भाजपा भी, सपा व कांग्रेस की तरह अपने काम के बल पर जनता से वोट माँगने की स्थिति में नहीं है और इसीलिए उसे घोर चुनावी स्वार्थ की राजनीति के लिए संकीर्ण, भड़काऊ एवं विभाजनकारी मुद्दों का फिर सहारा लेने की जरूरत है, जिससे बहुजन समाज के लोगों को बहुत सावधान रहना है।

# जेसीबी लगा रेत का अवैध परिवहन करने वाले रेत तस्कर ने कहा तहसीलदार क्या कलेक्टर को भी बुला लो मेरा कुछ नहीं कर सकते

## सुबह 4 बजे से तो रात को 8 बजे के बाद शहर के आसपास व बायपास सड़क के किनारे नदी से रोज हो रहा रेत का अवैध परिवहन

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com




खनिज विभाग व राजस्व विभाग द्वारा अवैध उत्खनन को ले नदी तटों पर अवैध उत्खनन को लेकर सूचना पटल लगा रेत की अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर ठीक इसके विपरित रेत माफि या शहर से गुजरने वाली दूध नदी में बकायदा जेसीबी उतार टिप्परों से रेत की चोरी की जा रही है। और यह चोरी अब बढ़ने लगी है जिस पर खनिज विभाग को गम्भीर होने की आवश्यकता है।

यह पूरा मामला किसी अंदरूनी क्षेत्र का नहीं बल्कि शहर से सटे बायपास मार्ग के ग्राम मनकेशरी की है। जहाँ रेत माफिया द्वारा रेत निकाल धड़ल्ले से नदी को तालाब बनाने में लगा हुआ है। जब कुछ ग्रामीण व पत्रकार वहाँ पहुँचे और इसका विरोध करते हुए इसकी सूचना तहसीलदार को दिया गया है कहते हुए वीडियो बनाने लगे तो माफिया द्वारा यह धमकाया जा रहा था कि तहसीलदार को ही क्यों कलेक्टर को भी बुला लो हमारा कुछ नहीं होगा इतना कहकर जेसीबी वाहन को नदी से निकाल लिया गया अब इस तरह की धमकी दे दादागिरी करते हुए जिला प्रशासन को चैलेंज कर अवैध उत्खनन करने वाले पर नकेल कसने क्या कोई बड़ी कार्यवाही होगी या फिर इनकी दादागिरी को मौन सहमती दी जायेगी?

**माफिया का दबदबा काफी समय से बना हुआ आखिर कार्यवाही क्यों नहीं :** ग्रामीणों की माने तो उनका कहना है कि यह अवैध उत्खनन काफी महीनों से चल रहा है यही नहीं ये रेत का ही नहीं बल्कि मुरुम मिट्टी व गिट्टी का भी अवैध परिवहन करता है मानो इसे किसी अधिकारी का संरक्षण प्राप्त हो तभी तो बेधड़क जेसीबी लगा टिप्परों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर उचित कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद होते जा रहे है जिसके चलते नदी नालों को ये लोग तालाब में तब्दील कर रहे है और इनको देख अन्य लोग भी ऐसे अवैध परिवहन को अंजाम दे रहे है।

**चार से पांच जगहों पर हो रही है अवैध उत्खनन :** शहर के आसपास लगभग चार से पांच जगहों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है जिसमें देवरी, नारा, मुड़पार, मनकेशरी गढ़पिछवाड़ी, लाल माटवाड़ा, नवागांव में कहीं ट्रैक्टरों से तो कहीं टिप्परों से अब इसे खनिज विभाग की उदासीनता कहें या फिर रेत माफियाओं की सक्रियता रेत का अवैध परिवहन लगातार जारी है। कभी कभार एक दो ट्रैक्टरों में कार्यवाही के बाद खनिज विभाग भी चुप्पी साध लेती है जिसके चलते इनके हौसले बुलन्द है।

**जानकारी मिली है कार्यवाही की जायेगी :** इस पूरे मामले में खनिज इंस्पेक्टर दीपक तिवारी ने कहा कि रेत माफिया के द्वारा वीडियो में धमकाने की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है जल्द ही इस पर उचित कार्यवाही की जायेगी। हमको इसकी सूचना नहीं मिली थी यदि सूचना मिलती तो जरूर कार्यवाही की जाती।

# यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा अरविंद महाविद्यालय में रखा गया ब्लड ग्रुप टेस्ट कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल स्थित शासकीय अरविंद महाविद्यालय में महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस इकाई के तहत ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कुआकोंडा के सहयोग से चिरायु टीम के द्वारा महाविद्यालय में आज ब्लड ग्रुप टेस्ट कार्यक्रम रखा गया।इस कर्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. तंजीन आरा खान के द्वारा किया गया। इसके बाद प्राचार्य के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयोजक सुखराज नरेटी ,सहायक प्रध्यापक शारदा दर्रो,डॉ. ममता रात्रे,डॉ. रवि रंजन, शामिल भास्कर, सुष्मिता साना एवं चिरायु टीम के सदस्य के रूप में डॉ. पूजा देवांगन, सुरेखा मंडावी,र ाहुल लाखड़ा, चंचल देवांगन एवम यूथ रेड क्रॉस इकाई के समस्त वालंटियर उपस्थिति रहे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ी ही उत्साह पूर्वक अपना-अपना ब्लड ग्रुप टेस्ट करवाया।

## नगरपालिका किरन्दुल में 49.25 प्रतिशत किया गया नल जल समेकित कर का भुगतान

**किरन्दुल।** किरंदुल नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत कर दाताओं ने अब तक 49.25 प्रतिशत नल जल एवं समेकित कर का भुगतान किया है। नगरपालिका राजस्व निरीक्षक डी एस साहू ने जानकारी देते बताया कि चलित वर्ष 2023 24 तक 2 करोड़ 53 लाख 40 हजार रु की मांग थीं जिसमें अब तक 1 करोड़ 24 लाख 89 हजार रु कर दाताओं ने भुगतान किया है।



# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मनाया आश्रम के बच्चों के साथ दीपावली मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मंशानुरूप प्रदेश के समस्त जिले में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में बुधवार को दंतेवाड़ा जिला इकाई के द्वारा दीपावली मिलन समारोह सुदूर अंचल में स्थित माता भगवती गायत्री आश्रम चोलनार के बच्चों के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम गायत्री पूजन एवम सामूहिक आरती की गई।जिसके बाद आश्रम के 70 बच्चों को जेमिटरी बॉक्स गर्म कपड़े जैकेट वितरण किया गया।जैकेट पाकर बच्चों में खुशी का माहौल था।साथ ही मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना,संयोजक राजेंद्र सक्सेना,महासचिव जितेंद्र चौधरी,रामकृष्ण बैरागी,शेखर दत्ता,कुआकोंडा ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास,अनीश परिहार,गोविंद नाग, असीम पाल,संदीप दीक्षित,हरीश शर्मा,नीलेश पाटले,रवि दुर्गा,किशोर जाल,बी रामू राव, गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष डीपी डेहरिया,शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# विश्रामपुरी में सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला अंर्तगत माध्यमिक शाला कोडापारा संकुल विश्रामपुरी मे प्रधान अध्यापिका के पद पर पदस्थ रमो देहारी को संकुल परिवार संकुल केन्द्र विश्रामपुरी की ओर से उसके सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू के द्वारा बताया गया कि, रमो देहारी मेम ने 41वर्षो से शिक्षा विभाग में अपना अमूल्य योगदान दिया जिसे शिक्षा विभाग कभी भूल नहीं सकता, बड़ेराजपुर वि.ख.के शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया ने भी देहारी मेम के शिक्षा विभाग में अमूल्य योगदान की सराहना की। ज्ञात हो कि, शिक्षिका देहारी 30 जून को माध्यमिक शाला कोडापारा से सेवानिवृत्त हुई जिसे शाला स्तर पर सम्मानित करते हुए विदाई समारोह का आयोजन किया गया व 27 नवंबर को संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के समस्त संस्थाओं के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया की उपस्थिति में रमो देहारी को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# महाराष्ट्र के अंर्त्तराज्यीय गांजा तस्कर जीजा साली से 23.410 किग्रा गांजा बरामद



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन में केशकाल पुलिस के द्वारा लगातार अंर्न्तराज्यीय गांजा तस्करो पर कार्यवाही की जा रही थी। 29 नवंबर को केशकाल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि, बेड़मा बड़े पारा तिराहा नेशनल हाईवे 30 मेनरोड के पास एक पुरूष व एक महिला हरा पीला व नीला रंग के दो ट्राली बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा को बिकी करने हेतु अपने ट्राली बैग मे छुपाकर रखे हैं। जिसकी सूचना पर बेड़मा बड़े पारा तिराहा पर रवाना होकर घेराबंदी कर दोनो संदिग्धो के संयुक्त कब्जे से ट्राली बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 23.410 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 2 लाख 30 हजार रूपये को बरामद कर दोनो आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी का धरना, स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी के आरोपों पर उठाय सवाल

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 की मतगणना के तीन दिन पहले से ही कोलाहल जारी हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोंडागांव से प्रत्याशी लता उसेंडी ने आज अपने समर्थकों के साथ मतगणना स्थान के सामने धरना देने का ऐलान किया हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की हैं और उनका आरोप हैं कि, अधिकारियों की देखरेख में कांग्रेस के अभिकर्ता समेत दो-तीन लोग स्ट्रांग रूम में प्रवेश किए हैं। लता उसेंडी ने इस मामले में कार्रवाई के लिए प्रशासन से जगह की मांग की हैं, लेकिन उनका दावा हैं कि, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ हैं और उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि, मतदान 7 नवंबर को समाप्त होने के बाद से उन्होंने स्ट्रांग रूम की देखरेख के लिए प्रशासन से जगह की मांग की थी, लेकिन उन्हें स्ट्रांग रूम के सामने नहीं जगह दी गई है। उन्होंने कहा, यहां से हम कैसे स्ट्रांग रूम में होने वाली गड़बड़ी को देख सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि, मत पत्रों को ट्रेजरी में रखा गया हैं, जहां कई लोगों का आना-जाना हैं और उन्हें भी स्ट्रांग रूम में रखने के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं। लता उसेंडी ने यह साफ कह दिया हैं कि, जब तक कोई कार्रवाई नहीं होती वह और उनके समर्थक धरने से हटने वाले हैं। इस बयान से साफ होता है कि, चुनाव प्रबंधन में सुरक्षा और न्याय की निगरानी की आवश्यकता हैं।

## प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरणों में दी गई 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोंडागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के बेलगांव निवासी चांदनी की तेज हवा के कारण साल वृक्ष गिरने से उसके चपेट में आने से पैर, पीठ एवं सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु होने पर माता सियाबती मण्डावी एवं पिता तुलाराम मण्डावी, माकड़ी तहसील के ग्राम तारगांव निवासी सरस्वती नेताम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता आसमती नेताम एवं पिता कुश कुमार, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम खलारी निवासी रामचंद की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मनशीला एवं माता भागवती को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिये गये हैं।

## मतगणना कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में मतगणना की प्रक्रिया के हर संशय का समाधान : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए मतगणना सहायक, पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारीकियां बताई गई। इस दौरान डाक मत पत्र और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) से प्राप्त मतों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लिप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम और निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने के संबंध में पूरी जानकारी दी गई।

इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि, मतगणना की प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की संशय होने पर उसका समाधान अवश्य प्राप्त करें, जिससे मतगणना केन्द्र में पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य संपादित किया जा सके। उन्होंने पूरे अनुशासन के साथ मतगणना कार्य के संपादन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना के प्रत्येक चक्र के उपरांत अभिकताओं द्वारा संतुष्टि जताए जाने पर ही अगले चक्र की गणना प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतगणना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है, कि सभी नियमों को भलीभांति ज्ञान हो। उन्होंने मतगणना प्रारंभ करने के पूर्व मौके पर उपस्थित उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने को कहा।

**मोबाइल ले जाना पूर्णतः वर्जित :** इस दौरान प्रशिक्षकों ने मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों व मतगणना के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानी के संबंध में बताया। प्रशिक्षण में बताया गया कि, मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। इस दौरान मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की जानकारी देते हुए उनका शत-प्रतिशत् पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना, लाट आदि की प्रक्रियाओं एवं निदेर्शों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया कि, दो उम्मीदवारों को बराबर मत प्राप्त होने की स्थिति में लाट निकाला जाएगा। लाट निकालने से पहले निर्वाचन आयोग से अनुमति लेना आवश्यक है। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकताओं और मीडियाकर्मियों को पहचान पत्र जारी किए जाने के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षकों की भूमिका के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान वन मंडलाधिकारी आरके जांगड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर सहित मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक और माईक्रो आर्ब्जवर उपस्थित रहें।

## शपथ पत्र

मैं दुष्यंत कुमार पिता श्री बिसन लाल साहू जाति तेली स्थाई निवासी कुरूद तहसील छुरा, जिला गरियाबंद छ.ग. का हूँ जो कि निम्न शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड एवं पेन कार्ड जारी हुआ है, जिसमें मेरा नाम दुष्यंत कुमार पिता बिसन लाल साहू दर्ज है, जबकि मेरे बैंक खाता एवं बजाज अलियांज की पॉलिसी के बॉड पेपर में मेरा नाम दुष्यंत कुमार साहू पिता श्री बिसन लाल दर्ज है।
3. यह कि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में अंकित नाम दुष्यंत कुमार पिता बिसन लाल साहू एवं खाता एवं बान्ड पेपर में अंकित नाम दुष्यंत कुमार साहू पिता बिसन लाल एक ही व्यक्ति का नाम है एवं मेरे ही पिता जी का नाम है।
4. यह कि मेरे द्वारा दी जा रही जानकारी सत्य एवं सही है।
5. यह कि शपथ पत्र एक ही व्यक्ति के नाम के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने किया लगभग 6 लाख का गबन

## ब्रांच मैनेजर ने थाने में की शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




शहर के एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा महिला समूह ग्रुप लोन के किस्त की रकम हड़प कर भाग जाने के के आरोप में कंपनी के ब्रांच मैनेजर के द्वारा उक्त कर्मचारी के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। थाना से मिली जानकारी अनुसार वेक्टर फायनेंस ब्रांच सरायपाली में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ सत्यभूषण लुहा पिता सुधाकर लुहा निवासी ग्राम नेगीमुंडा तहसील सोहेला जिला बरगढ ओडिशा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वेक्टर फाइनेंस शाखा सरायपाली में शहरी एवं ग्रामीण महिलाओं को ग्रुप में लोन दिया जाता है, जिसका मासिक किस्त ग्रुप लोन लेने वाले लोगों को पटाना पडता है। शाखा में अजय भारद्वाज पिता स्व दुखिराज भारद्वाज उम्र 23 वर्ष निवासी भरनी पोस्ट थाना सकरी जिला बिलासपुर छग कस्टमर रिलेशनशिप आफिसर के पद पर वर्ष 2021 से कार्यरत है। अजय को मुख्य रूप से संस्था के ग्राहकों को ऋण वितरण करना, ऋण की वसूली करना तथा वसूली किये गये रकम को शाखा में जमा करने का कार्य सौंपा गया है। सरायपाली क्षेत्र के बाजारपारा, महलपारा, भवरचुआं, चारपाली, घरझरा, किसडी, बेलटिकरी, केन्दुढार, बेहेरापाली, पोटापारा, बस्तीसरायपाली, हरदा, बिजराभांठा, विरेन्द्रनगर, बिछिया एवं अन्य गांव से ग्रुप लोन का किस्त नहीं पट रहा था। तब उनके द्वारा अजय को लोन की मासिक किस्त हेतु निर्देशित किया गया, तो उसने कहा कि अभी ग्रुप लोन लेने वाले किस्त जमा नहीं कर रहे है। तब उनके द्वारा सरायपाली क्षेत्र के कई गांव में आडिट किया गया, तो पता चला कि अजय भारद्वाज के द्वारा पिछले 6 महीनों में लगभग 149 ग्राहको से वसूली कर वसूली किये गये रकम को शाखा में जमा नहीं किया गया है एवं वसुली किये गये रकम 4,01,580 रूपये को निजी उपयोग में खर्च कर दिया है ।

# अपने मतगणना अभिकर्ताओं को कांग्रेस ने दिया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिले के चारों विधानसभा महासमुंद, खल्लारी, सरायपाली थे। एवं बसना के कांग्रेस पार्टी के मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना के दिवस मतगणना स्थल पर किए जाने वाले कार्यो के बारे में बारीकियां को समझाने का प्रशिक्षण का आयोजित किया गया। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अंकित बागबाहरा को ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने मतगणना शुरू करने से परिणाम की घोषणा तक किस प्रकार कार्यो का संपादन करना है एवं गणना की निगरानी रखते हुए शांतिपूर्वक मतगणना संपन्न करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। जिसका उल्लेख किया गया तथा मतगणना के दिन किस प्रकार मत पेटियों का निरीक्षण करना है एवं मतगणना संपन्न कराना है उसके बारे में दिशा निर्देश प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर में चारों विधानसभा के पार्टी के मतगणना अभिकर्ताओं समेत डॉक्टर रश्मि चंद्राकर प्रत्याशी महासमुंद, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष, ढेलु निषाद, खिलावन साहू, जिला महामंत्री संजय शर्मा,सदस्य बीज अनुसंधान दाऊ लाल चंद्राकर, हरबंस सिंह ढिल्लों, प्रमोद चंद्राकर, प्रकाश राव साकरकर, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर,अमर चंद्राकर, अमन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, दौलत चंद्राकर, सुनील चंद्राकर,अनवर हुसैन, नीतेंद बैनर्जी, लमकेश्वर साहू, हरदीप सिंह रैना, किशन देवांगन, राजू साहू,बादल मक्कड़, कमल प्रजापति, ममता चंद्राकर, सोनम बांसोड़, द्रोण चंद्राकर,कुणाल चंद्राकर, जाकिर राजा,देवेंद्र चंद्राकर, अक्षय साकरकर, नीरज चंद्राकर, अजय नंद उपस्थित थे।

# अतिक्रमण हटाने की अपील के बाद अब पालिका ने शुरू की कार्रवाई

## मुख्य मार्ग के अलावा अन्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्ग के साथ अन्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करने शुरू किए गए अभियान में अतिक्रमण करने वालों को हटाने के निर्देश देने के बाद अब अमले ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अमले ने मंगलवार को बीटीआई रोड में सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान संचालित कर रहें दुकानों में समान जब्ती और हटाने की कार्रवाई की। इसी क्रम में बुधवार को भी शहर के मुख्य मार्ग में कचहरी चौक से बरोंडा चौक और नेहरू चौक से स्वामी चौक तक सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण कर फुटफ़ाथ पर दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी रखा इस दौरान अपील के बाद भी दुकान लगाने वाले दो दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 5-5 सौ रुपए वसूल किया गया। कार्रवाई में निकले पालिका के राजस्व अमले ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे सड़क के किनारे फुटफ़ाथ पर दुकान संचालित न करें अन्यथा पालिका उन पर कार्रवाई करेगी जिसकी पूरी जवाबदेही दुकान संचालित करने वालों की होगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक अनीश ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, अनुराग गुप्ता, ललित साहू, शुभम सोना, जयकिशन सोना और धनेंद्र चंद्राकर सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया कार्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बुधवार को अचानक पालिका कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। सीएमओ को अचानक देख अधिकारी-कर्मचारी के होश उड़ गए। निरीक्षण के दौरान कुछ जो अधिकारी-कर्मचारी अपने कक्ष से अनुपस्थित मिले उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। कार्यालय में विभिन्न विभागों के औचक निरीक्षण का उद्देश्य पालिका में जनहित के कार्यो में गति लाना है। इसी के मद्देनजर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने ऑफिस खुलते ही उपस्थित पंजी का अवलोकन कर कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों में दस्तक दी। रात्रे ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें और अपने कार्य के प्रति मुस्तैद रहें तथा जनहित के कार्यो को गति प्रदान करें। उन्होंने निर्देश में कहा कि समय- समय पर सभी विभागों का कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जांच की जाएगी। निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारी कर्मचारीयो पर नियमानुसार कार्रवाई करना प्रस्तावित किया जाएगा।

# विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 6 दिसंबर को

## जिला स्पोर्टस स्टेडियम मे होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान मे विकासखंड स्तरीय महिला खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन 6 दिसंबर दिन बुधवार को बलौदाबाजार के जिला स्पोर्टस स्टेडियम मे आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे दो आयु वर्ग जिसमे 9 से 18 वर्ष एवं 19 से 35 वर्ष तक की बालिका एवं महिलाये भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स, 100 मी,400 मीटर, तवाफेक, खोखो, हाकी, बैडमिटन, बालीबाल , कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबाल, वेटलिफ्टींग, रस्साकश्शी, खेल का आयोजन होगा। विजेता खिलाडी चयनित होकर आगामी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता मे बलौदाबाजार विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेगे। खेल मे भाग लेने के लिए विकासखंड नोडल अधिकारी शिवकुमार बांधे मोबाईल नंबर 9926170385, से संपर्क कर अपना पंजीयन 5 दिसंबर तक करा सकते है। खिलाडी प्रतियोगिता स्थल मे जन्मप्रमाणपत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति अनिवार्यत लेकर आवे।

# मौसम में नमी, सभी धान खरीदी केंद्रों में बारिश से बचाव संबंधित निर्देश जारी

## धान भीगा तो जिम्मेदारी केंद्र प्रभारी की : कलेक्टर





पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम,जनपद सीईओ, सहकारिता,बैंक,खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

# प्रश्न बैंक निर्माण कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com






कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन व अपर कलेक्टर अविनाश भोई के मार्गदर्शन पर नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर व मनोज केला द्वारा दसवीं -बारहवीं बोर्ड परीक्षा हेतु प्रश्नबैंक निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गरियाबंद में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने कहा कि सभी बच्चों के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ साथ बोर्ड परीक्षा कि तैयारी को सुनिश्चित करना एक ऐसा लक्ष्य है जो विद्यार्थियों के सफ्लता को प्रदर्शित करता है। असफलता सफ्लता की प्रथम सीढ़ी है, हमें ऐसे प्रश्नपत्र का निर्माण करना चाहिए जिसे कमजोर विद्यार्थी भी आसानी से हल कर सके, साथ साथ उत्कृष्ट गरियाबंद का नाम माध्यमिक शिक्षा मंडल पर उत्कृष्ट स्थान बना सके। जिला मिशन समन्वयक के. एस. नायक ने कहा कि गरियाबंद जिले के दसवीं बारहवीं का बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत हो जिसके लिए सभी विषय शिक्षक की सहभागिता जरुरी है। हम सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित ही सफ्लता प्राप्त होगी। सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में बच्चों के स्तर एवं आवश्यकता के अनुसार तभी बदलाव लाया जा सकता है। जब शिक्षक उसके प्रति सजग रहे, प्रत्येक विषय का एक नोडल शिक्षक होगा जो अन्य शिक्षक को विषय से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा। जिले के 65 व्याख्याता का विषय विशेषज्ञ की कोर कमेटी का गठन किया गया है। जो मासिक, तिमाही, अर्द्धवार्षिक एवं प्री बोर्ड पर सतत कार्य करते रहेंगे, प्रश्नबैंक निर्माण करते समय वैकल्पिक, लघुत्तरीय, अति लघुत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न का समावेश हो, शिक्षक भयमुक्त वातावरण का निर्माण कर अध्यापन करावे ताकि परीक्षा परिणाम अच्छा हो सके। एपीसी मनोज केला ने कहा कि दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा प्रश्नबैंक निर्माण करते समय गत पांच वर्ष में बोर्ड परीक्षा में पूछे गए प्रश्न के आधार पर किया जावे। आप सभी अपने कार्यशैली को प्रभावोत्पादक बनाए जिससे आपकी व्यक्तित्व का विकास हो। प्रश्नबैंक का निर्माण करते समय इस बात पर ध्यान दिया जावे कि सभी छात्रों के लिए उपयोगी हो एवं कमजोर बच्चे भी आसानी से समझ सके। इस अवसर पर विभिन्न विषयों के नोडल शिक्षक विजयमणी वर्मा, पूरन लाल साहू, साधना वर्मा, राखी पटेल, रेशम कोसले, रवि अग्रवाल, हुलास साहू, कुशल सिंह ध्रुव, रूद्र कुमार यादव, ओमप्रकाश वर्मा, घनश्याम साहू, सविता सिन्हा, पूनमचंद ध्रुव सहित गरियाबंद जिले के कोर कमेटी के विषय शिक्षक उपस्थित थे।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा जारी, 4 दिसंबर तक मनाया जाएगा सेवा प्रदाता पखवाड़ा




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में इस समय पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा ज़ारी है। इसमें 21 नवंबर से 27 नवंबर तक संपर्क पखवाड़ा का आयोजन किया गया तथा 28 से 4 दिसम्बर तक सेवा प्रदाता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की संपर्क पखवाड़ा के अंतर्गत समुदाय में प्रचार-प्रसार के माध्यम से पुरुष नसबन्दी हेतु लोगों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। स्वस्थ माँ स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा पर मोर मितान मोर संगवारी जैसी सामुदायिक परिचर्चा में इस पर लोगों से बात की गई। पुरुषों को परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थायी दोनो ही साधनों के बारे में बताया गया। इस दौरान सास बहू सम्मेलन भी किये गए। 28 नवंबर से ज़ारी सेवा प्रदाता पखवाड़ा जो 4 दिसंबर तक ज़ारी रहेगा के तहत जिले के जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में पुरुष नसबंदी की भी व्यवस्था के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत भाटापारा, सिमगा एवं लवन शासकीय अस्पताल में प्रतिदिन जबकि जिला अस्पताल में बुधवार शनिवार, पलारी तथा कसडोल में सोमवार गुरुवार को नसबंदी का कार्य किया जाता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल के अनुसार पुरूष नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थायी सुरक्षित साधन है । ऑपरेशन में ज्यादा समय नहीं लगता,व्यक्ति उसी दिन अपने घर जा सकता है। नसबन्दी के बाद किसी भी प्रकार की कमज़ोरी नहीं आती व्यक्ति कुशलतापूर्व अपना विवाहित जीवन जी सकता है । हितग्राही को इसके लिए 3 हज़ार की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है।

# मतगणना हेतु गणना सुपरवाईजर एवं सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 की 3 दिसंबर 2023 (रविवार) को मतगणना होना है, जिसको लेकर जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की मौजूदगी में वन विद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र के सभाकक्ष में दो पालियों में 184 गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। 3 दिसंबर को जिले की चारों विधानसभा सीटों की मतगणना ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी पिटियाझर में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। तत्पश्चात सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक तथा सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी। इस दौरान प्रत्येक राउंड की समाप्ति पर अभ्यर्थी व उनके अभिकर्ता की उपस्थिति एवं प्रेक्षक की निगरानी में रेंडम के आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी। मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। मतणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएगी। एक टेबल पर मतगणना सुपरवाइजर, और मतगणना सहायक रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर मलिक ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को पालन करते हुए त्रुटिरहित एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कराने निर्देश दिए। इसके साथ ही मतगणना प्रक्रिया में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। दिये गए प्रशिक्षण के अनुसार ही मतगणना कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो तुरंत अपने रिटर्निंग ऑफिसर या नोडल अधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी मतगणना हेतु लगाई गई है वह निर्धारित समय पर अपने कार्य करने हेतु उपस्थित रहें व सभी कार्य बड़ी शांतिपूर्वक व सावधानी से करने है।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जले में चोरी के अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा थाना प्रभारी निरीक्षक के.सी.दास के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी ओम साहू के नेतृत्व में चौकी गिरोधपुरी थाना गिधोरी टुण्ड्रा के अपराध क्र. 245/2023 धारा 379 भादवि के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर आरोपी से मोटरसाइकिल जप्त कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम नंदकुमार पटेल पिता विश्वकर्मा पटेल उम्र 24 साल साकिन गिरौदपुरी थाना गिधौरी टुंड्रा जिला बलौदाबाजार भाटापारा है। प्रार्थी संतराम पटेल के द्वारा 29 नवंबर को अपने मोटर सायकल पैशन प्रो काला रंग क्रमांक सीजी 11 ए एल 6733 को आंगनबाड़ी गिरोधपुरी के पास हैंडल लॉक कर खड़ा करके अपने परिवार के साथ गिरोधपुरी बांध में पिकनिक मनाने चला गया था दोपहर लगभग 1:00 बजे वापस आकर देखा तो मोटरसाइकिल नहीं था, जिसे पता क्लास करने पर नहीं मिलने तथा नंदकुमार पटेल को चोरी करने के संदेह होने का लिखित रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी नंद कुमार पटेल ग्राम गिरोधपुरी को पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर उक्त वाहन को चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में चोरी गये मोटर सायकल फैशन प्रो क्रमांक सीजी11 AL 6733 को आरोपी से जप्त किया गया है तथा आरोपी नंदकुमार पटेल को दिनांक 29 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर. 153 जितेंद्र साहू, आरक्षक 654 कार्तिकेश्वर कश्यप, आरक्षक 50 लकेश्वर पुरैना का विशेष योगदान रहा।

सांभर के शिकारियों को वन अमला ने धरदबोचा, कुल 13 आरोपियों ने दिया था घटना को अंजाम

# गोमर्डा वन अमला को मिली बड़ी सफलता, फरार 11 शिकारी पकड़ाए

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



गोमर्डा अभ्यारण्य में वन अपराध करने वालों की खैर नहीं है। क्योंकि विभागीय अमला पूरी तरह चुस्त और दुरुस्त है। यही कारण है कि पिछले दिनों गोमर्डा के बटाउपाली परिसर में साम्भर का शिकार करने वाले सभी आरोपियों को वन अमला ने धरदबोचा है। पहले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। बाद में मामले की जांच करते हुए सभी तेरह शिकारियों को पकड़ा गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायलय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोमर्डा अभ्यारण्य सारंगढ़ परिक्षेत्र के अन्तर्गत बटाउपाली परिसर के कक्ष क्र. 930 पीएफमें छह नवंबर को साम्हर का शिकार किया गया था। जिसकी जानकारी वन अमला को लगी तो मामले में डीएफओ गणेश यूआर के निर्देशानुसार एसडीओ कृषाणु चंद्राकर के मार्गदर्शन में मुख्य आरोपी कैलाश पटेल को पकड़ा गया। इसके बाद बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। जहां कुछ दिन बाद फरार आरोपी दयानिधि पिता अधनू बरिहा निवासी रेंगलमुड़ा को धर दबोचा गया। इसके बाद लगातार मामले में अन्य फरार आरोपियों की जांच की जा रही थी। जहां बुधवार को रामकुमार पिता भागीरथी पटेल, डिलेश्वर पिता कलपराम अघरिया, मनोहर पिता पुनितराम, बालकुमार पिता बालक राम अघरिया, यादराम पिता बोहरन निषाद, गंगधर पिता कोन्दा साहू, उत्तम पिता ध्वजाराम बिंझवार, पदुम पिता धनेश साहू, महेन्द्र पिता शिवलाल यादव, लक्ष्मण पिता पदुमलाल यादव, मुनुदाउ पिता सुखरू चौहान को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल किया गया है। डीएफओ गणेश यूआर के निर्देशानुसार एवं गोमर्डा अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर के मार्गदर्शन में फरार सभी शिकारियों को धरदबोचने में प्रभारी रेंजर राजू प्रसाद सिदार, वनपाल रघुनाथ यादव, वनपाल मंगल निषाद, वनपाल राजेन्द्र सिंह, वनरक्षक कुलदीप सिंह बरगाह, वन रक्षक खगेश्वर प्रसाद रात्रे, वन रक्षक मिथलेश दास महंत, सहयोगी सेवानिवृत कर्मचारी लुकदेश्वर सिंह ठाकुर की अहम भूमिका रही।

### लगातार की जा रही मानिटरिंग

गोमर्डा अभ्यारण्य में काफी मात्रा में वन्यप्राणी हैं और इनकी सुरक्षा के लिए लगातार वन अमला मानिटरिंग कर रहा है। संबंधित परिसर रक्षक नियमित रूप से बीट का भ्रमण करते हुए वन अपराधों को रोकने जंगल गश्त कर रहे हैं, लेकिन मौका पाते ही शिकारी भी घटना को अंजाम दे जाते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका। शिकार होने के बाद तत्काल बाद मुख्य आरोपी को वन अमला ने गिरफ्तार किया। इसके बाद फरार सभी शिकारियों को धरदबोचने में बड़ी सफलता हासिल की गई है।

# कम्प्यूटर दुकान से 27 लैपटॉप की चोरी

## गैस कटर से ताला काटकर चोर ने दिया घटना को अंजाम, किरोड़ीमल नगर क्षेत्र की घटना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





अज्ञात चोरों ने शातिराना अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए कम्प्यूटर दुकान से 25 से अधिक लैपटॉप की चोरी कर ली है। घटना की सूचना के बाद कोतरा रोड़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खैरपुर निवासी विकास अग्रवाल का किरोड़ीमल नगर क्षेत्र में यूनिवर्सल कम्प्यूटर्स नामक दुकान है। मंगलवार की देर रात तकरीबन डेढ़ बजे अज्ञात चोरों के द्वारा चेहरे पर नकाब लगाकर शातिराना अंदाज में सबसे पहले दुकान से लगे आसपास के घरों को बाहर से बंद करते हुए गैस कटर का उपयोग करते हुए कम्प्यूटर दुकान का ताला तोड़ते हुए वहां रखे 27 लैपटॉप की चोरी कर ली गई। चोरी सामान की कीमत लगभग ढाई लाख रूपये बताई जा रही है। इस घटना की सूचना दुकान संचालक को सुबह साढ़े 5 बजे लगी जिसके बाद जब वे दुकान पहुंचे तब उसने देखा कि दुकान में डिस्पले में लगा हुआ 27 नग पुराना लैपटॉप चोरी हो चुका है जबकि नया लैपटॉप जस का तस था। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बहरहाल चोरी की इस घटना की जानकारी मिलते ही कोतरा रोड़ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी आधार पर उनकी पतासाजी शुरू कर दी है।

## स्कूली बच्चों को समिति द्वारा ठंड से राहत पाने मंकी कैप व स्टेशनरी समान वितरण



**सरायपाली।** संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल एवं समिति के सदस्यों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पतेरापाली के सभी बच्चो को ठंड से बचने के लिये मंकी केप एवं स्टेशनरी समान का वितरण किया गया। समिति के सदस्य तुषार सेन, आशीष सेन, विजय नाग, आयुष साहू, महोम्मद वासिफ़, किशन जायसवाल एवं शाला के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# रासेयो का एक दिवसीय शिविर ग्राम गागरा में संपन्न हुआ

## 65 स्वयं सेवको ने श्रमदान कर संविधान दिवस पर लिया शपथ

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयं योजना के गोद ग्राम गगरा में एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के प्राचार्य एस रामटेके व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में 65 स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया तथा सभी ने संविधान शपथ भी लिया आठ ग्रुपों में विभाजन कर सभी का नाम वीरांगना व महापुरुषों पर रखा गया। विद्यालय परिसर एवं गांव की गलियों की सफाई नालियों का सार्वजनिक स्थलों की सफाई, तालाब पचरीकरण की सफाई, गार्डन की सफाई तथा अटल चौक, पंचायत भवन की भी अलग.अलग टीम के द्वारा सफाई कार्य कर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पूरे ग्राम गागरा में जन जागरूकता रैली निकाली गई व नारा कश्मीर हो या कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी, सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार, प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच पन्नी पॉलिथीन, लगाया गया एवं ग्राम पंचायत की सहयोग से ही भोजन की व्यवस्था की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुवा गीत, बस्तरिया मोर संगवारी, पंथी नृत्य, राउत नाचा, स्वागत गीत, की शानदार प्रस्तुति की गई। रामाधार साहू, कुंदन सिंह नेताम के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया।

# आदिवासी समाज के जमीन को गैर आदिवासियो को बेचे जाने के विरोध 5 को आंदोलन

## आंदोलन को सफल बनाने पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थिति की अपील

- आदिवासियों के जमीन को गैर आदिवासियों को बेचे जाने हेतु कैबिनेट प्रस्ताव के विरोध में 5 दिसंबर को नुआपाडा उड़ीसा में होगा उग्र आंदोलन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



उड़ीसा राज्य में आदिवासी समाज के जमीन को गैर आदिवासियों को बिक्री हेतु अनुमति दिए जाने के लिए दिनांक 14 नवंबर को उड़ीसा कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हुआ है। उक्त आदिवासी विरोधी कैबिनेट प्रस्ताव के कारण उड़ीसा में आदिवासियों के जमीन को उद्योगपतियों को बेचकर बंदरबांट करने का प्रयास हो रहा है, जिसके कारण समाज में भारी आक्रोश है। इसके विरोध में 5 दिसंबर मंगलवार को नुआपाडा उड़ीसा में उक्त कैबिनेट प्रस्ताव को वापस लिए जाने हेतु उड़ीसा सरकार के खिलाफ आदिवासी समाज के समस्त संगठन एवं गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा उग्र आंदोलन किया जावेगा। आंदोलन में उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न हिस्सों से आदिवासी समाज के प्रमुख उपस्थित रहेंगे। गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी विधायक कांकेर, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खामसिंह मांझी, प्रदेश अध्यक्ष उड़ीसा महेंद्र नायक, राष्ट्रीय महासचिव लोकेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव, राष्ट्रीय सचिव दिवाकर पेंदाम महाराष्ट्र द्वारा पूरे देश भर के समस्त आदिवासी वर्ग के विभिन्न संगठनों से उक्त आंदोलन को सफल बनाने हेतु पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थिति की अपील किए हैं।

# मतगणना के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा, 57 कुरूद और 58 धमतरी के लिए आगामी 3 दिसम्बर को भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रूद्री में मतगणना सम्पन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने मतगणना के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना भवन से 100 मीटर की दूरी पर स्थित अधिकारी, कर्मचारी प्रवेश द्वार पर नायब तहसीलदार रामकुमार सिन्हा, मतगणन भवन मुख्य प्रवेश द्वार अधिकारी, कर्मचारी पर संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, मतगणना भवन से 100 मीटर दूरी पर स्थित अभ्यर्थी/अभिकर्ता प्रवेश द्वार पर नायब तहसीलदार विवेक चन्द्राकर और मतगणना भवन अभ्यर्थी, अभिकर्ता मुख्य प्रवेश द्वार के लिए डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव को कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रायगढ़.** कोड़ातराई के पास मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रैबार थाना पुसौर के दो युवक कन्हैया पटेल और धनेश्वर कुर्रे पेशी के लिए रायगढ़ आए थे। शाम 4 बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे, कोड़ातराई पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मारी दी। सूचना के बाद दोनों घायल को मेडिकल कॉलज में भर्ती किया गया। जहां कन्हैया पटेल की मौत हो गई वहीं धनेश्वर कुर्रे गंभीर रूप से घायल है। दोनो बाइक से जा रहे थे। रात 10 बजे उसकी मौत हुई है।

# गजानंद बेहरा स्मृति डीजे डांस प्रतियोगिता 2023 संपन्न, ओडिशा सहित कई जिलों से पहूचे प्रतिभागी



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के लमकेनी ग्राम में आयोजित स्व, गजानंद बेहरा के स्मृति में डी,जे, डांस प्रतियोगिता किया गया। जिसमें सर्व प्रथम ग्राम देवता बुढ़ादेव एवं कला की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना तथा सहयोग दाता अतिथियों ग्राम पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीण गणमान्य नागरिकों का स्वागत सम्मान पश्चात् डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया मंचीय संचालक प्रेमानंद भोई एवं अजय प्रधान व्याख्याता द्वय के साथ मुख्य निर्णायक में संजय प्रधान डा प्रदीप साहू एवं अरूण विशाल का विशेष योगदान रहा। इस वर्ष लमकेनी के डांस प्रतियोगिता में दूर-दूर से प्रतिभागी कलाकारों के साथ दर्शकों का जनसमूह भीड़ उमड़ पड़ा था फाइनल मुकाबला अगले दिन सुबह 10 बजे तक चला आयोजन को शांति पूर्ण सफल बनाने में ग्राम के समस्त युवाओं सहित ग्रामवासियों का जनसहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी राजेन्द्र सिंह सिदार शिक्षक ने मिडिया में दी है।

# कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

- मतगणना की सभी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को रविवार 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल पर उचित बैठक व टेबल व्यवस्था, राउंड वाइस डिक्लेरेशन बोर्ड, विद्युत व्यवस्था, डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मीडिया सेंटर में आवश्यक व्यवस्थाएं, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही वाहनों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाकमत पत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसंबर को गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां की जा रही है। मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना का कार्य सुबह 08 बजे से प्रारंभ होगा।

# जिला दण्डाधिकारी रघुवंशी ने घोषित किया कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र 'जोन्स ऑफसाइलेंस' घोषित किया है। इसके तहत धमतरी जिले के सभी शासकीय, अशासकीय अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय (भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन), सभी धार्मिक स्थल (किसी भी धार्मिक स्थान या परिसर में लाऊड स्पीकर का उपयोग, जहां यह परंपरा के रूप में बना हुआ है, को छोड़कर) भौगोलिक सीमा के अंतर्गत 100 मीटर की परिधी को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र 'जोन्स ऑफ साइलेंस' घोषित किया है। जिला दण्डाधिकारी रघुवंशी ने अधिकृत सक्षम अधिकारी को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराते हुए ध्वनि प्रदूषण (नियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## मतगणना के संबंध में द्वितीय प्रशिक्षण आज

**धमतरी।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रूद्री में आगामी 3 दिसम्बर को मतों की गणना की जायेगी। मतगणना के संबंध में माईक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों का द्वितीय प्रशिक्षण 1 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने सभी संबंधितों को उक्त प्रशिक्षण में नियत समय पर उपस्थित के निर्देश दिये हैं।

## हुल्लास त्रिवेदी का निधन



**धमतरी।** मैत्री विहार कालोनी निवासी हुल्लास त्रिवेदी(हक्कू) 58 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान मैत्री विहार कॉलोनी से शांति घाट के लिए रवाना हुई जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आसकरण राखेचा का निधन



**धमतरी।** बालक चौक निवासी आसकरण राखेचा पिता स्व प्राताचंद राखेचा का निधन हो गया है। वे अनोपचंद, राजेन्द्र, संतोष व कमल के बडे भाई थे। अन्तिम यात्रा गोल बाजार स्थित निवास स्थान अमित साडी सेंटर से शांति घाट के लिए रवाना हुई जिसमें समाजजनो के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

# प्रकाश पर्व पर पंच प्यारों की अगुवाई में निकाली नगर कीर्तन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com





स्थानीय सिक्ख समाज के द्वारा श्री गुरूनानक देव का 554वां प्रकाश पर्व भव्य एवं अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिनों तक अखंड पाठ चलने के बाद नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाली गई। प्रकाश पर्व पर नगर के सभी मार्गों को सिक्ख समाज के द्वारा स्वागत द्वार, झालर, बैनर लगाकर सजाया गया था। पदमपुर रोड स्थित गुरूद्वारे को आकर्षक लाईटों से रौशनी प्रदान की गई थी। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विगत 15 दिनों से सिक्ख समाज की महिलाएं एवं पुरूष वर्ग शबद - कीर्तन करते हुए नगर में प्रभात फेरी निकालते रहे। सुबह से ही माईक की मधुर ध्वनि में गुरूवाणी का मंद्धिम स्वर लोगों के लिए कर्णप्रिय रहा। इस बीच 25 से 27 नवंबर तक गुरु नानक देव जी का श्री अखंड पाठ किया गया, रात्रि में रैन सबाई का कार्यक्रम हुआ, और गुरु नानक देव का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात रायपुर श्याम नगर के गुरुद्वारा से पहुंचे प्रदीप सिंह के द्वारा गुरुद्वारा में भजन-कीर्तन पाठ करवाया गया जो देर रात तक चलता रहा। कीर्तन पाठ समाप्ति के पश्चात सभी समाज के लोगों को व गणमान्य नागरिकों को सिख समाज के द्वारा स्वागत किया गया। गुरूसिंग सभा के तत्वाधान में शाम 5 बजे नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें राजनांदगांव से व रायपुर से झांकी लाया गया था राजनांदगांव की झांकी को रिंकल भाटिया द्वारा सेवा की गई थी वहीं रायपुर की झांकी को सरदार परविंदर सिंह भाटिया द्वारा सेवा की गई थी, उनके द्वारा आकर्षक रूप से वाहन को फूलों से व लाइट से सजाया गया था। इस दौरान पंजाब से आए गतका पार्टी के द्वारा विभिन्न स्थानों पर हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक के पास गतका पार्टी के लिए सुसज्जित मंच तैयार किया गया था, जहां अनेक लोगों ने उन करतबों का आनंद लिया। इस वर्ष शोभायात्रा में दो वाहनों में झांकी निकाली गई थी। शोभायात्रा पदमपुर रोड गुरुद्वारा से निकलकर गुरुनानक चौक होते हुए फव्वारा चौक, जयस्तंभ चौक, अग्रसेन चौक, उड़िया पारा चौक से गुजरते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंची। शोभायात्रा में फूलों से सजे सुसज्जित वाहन में गुरू ग्रंथ साहिब की सवारी भी निकली। शोभा यात्रा की बड़ी विशेषता यह रही कि समाज के सभी महिला पुरूष शुभ्रवेश में दिखे। परंपरा के अनुसार पंच प्यारों के सामने समाज की महिलाएं झाड़ू लगाते हुए आगे बढ़ रही थी। शोभायात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा पंच प्यारों का स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के द्वारा शोभायात्रा के स्वागत हेतु मदरसा निजामिया के सामने स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद, मण्डी अध्यक्ष सीता अमृत पटेल ने शोभायात्रा का स्वागत किया एवं यात्रा के सामने झाड़ू भी लगाए।

pnb Housing Finance Limited
पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
रायपुर शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, कार्यालय क्रमांक 111–112, प्रथम तल, प्लॉट क्रमांक 1, ब्लॉक क्रमांक 9, डीबी कॉर्पोरेट पार्क, रजबंधा मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002, अद्यतन संशोधित, के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अध्याय ||| की धारा 13(2) के अधीन सूचना**

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "पीएनबीएचएफएल" के रूप में वर्णित) ने वत्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में वर्णित) के अध्याय ||| की धारा 13(2) अधीन मांग सूचना जारी की थी। उक्त मांग सूचना हमारे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित आप सब कर्जदारों/सह–कर्जदार/गारंटरों को जारी की गई थी, क्योंकि आपका खाता, किश्तों/ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन की किश्तों, ब्याज इत्यादि के भुगतान में की गई चूकों के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे दी गई है। आगे, हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्त करने से बच रहे हैं और इसीलिए यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन अपेक्षित भी है। एतद्द्वारा आपसे उक्त राशि, अद्यतन ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती हैं, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को अदा करने की मांग की जाती है। जिसमें विफल रहने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अधीन, किसी एक या अधिक या सभी प्रत्याभूत आस्तियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदारों तथा गारंटरों की प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत अधीन आप सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही कर सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं किया जाता है, तो आप उसके पश्चात प्रत्याभूत आस्ति(यां) छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे। आगे, आप के ऊपर, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों का बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में, रोक लगी है।

| क्र. स. | ऋण खाता सं. | कर्जदार, सह-कर्जदार का नाम / पता | ग्रांटर का नाम और पता | बंधक सम्पत्ति | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HOU/RAI/1118/600338, बी.ओ.: रायपुर | सुश्री शिखा नामदेव (आवेदक) निवासी पताः चूना भट्टी, रमन मंदिर वार्ड, गुढ़ियारी, एनआर सरकारी स्कूल, शिव मंदिर के पास, फाफाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, कार्यालय पताः मार्कस एंड स्पेंसर रिलायंस, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मैग्नेटो मॉल, लाभांडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001 बंधक संपत्ति का पताः मानसी विहार, 0.0, ब्लॉक–22, ख नंबर 447/6, 447/1, 470, 469, 473, 474, 475/1, 475/2, 484, 485, 486, मौजा बेलभट्ठा , रिंक अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर – 494335 | द्वारिका सिंह राजपूत (गारंटर) निवासी पताः पुत्र कुमार सिंह राजपूत, चूणाभट्टी, रमन मंदिर वार्ड, शीतला माता मंदिर के पीछे, गुढ़ियारी रायपुर–492009, छत्तीसगढ़ | मानसी विहार, 0.0, ब्लॉक –22, मानसी विहार, खसरा नंबर 447/6, 447/1, 470,469,473, 474, 475/1, 475/2, 484, 485, 486, मौजा बेलभाठा, आरआईसी अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ –494335 | 14-11-2023 | 14.11.2023 तक रु.5,82,835.41 (रूपये पाँच लाख बयासी हजार आठ सौ पैंतीस और इकतालीस पैसे मात्र) |

स्थान : रायपुर, दिनांकित : 01-12-2023
प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# युद्धविराम का विस्तार स्थायित्व की उम्मीद

**गाजा** में युद्धविराम के विस्तार से क्षेत्र में विभिन्न पक्षों को स्थायित्व स्थापित करने का अवसर मिला है। यह युद्धविराम और उसका विस्तार एक औसत फिलिस्तीनी के लिए ईश्वरीय वरदान की तरह है जिसे तोप के गोलों से राहत मिली है और उसे शांति से राशन व दवायें प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिनका युद्धक्षेत्र में मिलना बहुत कठिन हो गया था। युद्धविराम के दो-दिवसीय विस्तार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में आशा की किरण पैदा की है। यह समय क्षेत्र में लंबी शांति के लिए परोक्ष राजनय को अवसर देने का है। लेकिन, हमास और इज़राइल द्वारा फिलहाल युद्ध बंद करने की घोषणा के बाद स्थायित्व की दीर्घकालीन संभावनाओं पर सवाल भी उठ रहे हैं। सवाल है कि क्या इन अतिरिक्त दो दिनों से स्थाई शांति के लिए सार्थक वार्तालाप संभव हो सकेगा अथवा यह खूनी युद्ध फिर शुरू होने के पहले केवल अस्थाई ठहराव है? अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने घटनाक्रम को यहां तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है तथा टिकाऊ शांति का माहौल तैयार किया है। युद्धविराम में दो दिन के विस्तार का निर्णय हमास व इज़राइल की इच्छा से लिया गया है जो बमों, गोलियों और रक्तपात के अलावा समस्या समाधान के अन्य रास्ते खोजना चाहते हैं। युद्धविराम से मिली इस राहत से तनाव घटाने तथा वार्तालाप के लिए रास्ता खुलने की उम्मीद है। लेकिन क्षेत्र में टकरावों के इतिहास से ऐसे समझौतों के स्थायित्व पर संदेह पैदा होता है। युद्धविराम के विस्तार से मानवीय प्रयासों को मौका मिलेगा तथा हिंसा से प्रभावित लोगों तक आवश्यक वस्तुयें व दवायें पहुंचाना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही युद्धविराम से राजनयिक पहलों को अवसर मिल सकता है। इससे वह परिवेश तैयार होगा जिसमें दोनों पक्ष संवाद के माध्यम से मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं।


गाजा में टकराव का एक परोक्ष, लेकिन बड़ा नतीजा क्षेत्रीय राजनीति में महाशक्तियों की बढ़ती संलिप्तता है। अब अमेरिका और पश्चिम इज़राइल के साथ हैं, जबकि चीन और रूस ने हमास का समर्थन किया है। इसके सारी दुनिया के लिए जटिल नतीजे निकल सकते हैं। इसलिये यह न केवल इज़राइल और फिलिस्तीन की जनता, बल्कि सारी दुनिया के हित में है कि फिलहाल यह टकराव थम जाए। इसके लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ, क्षेत्रीय शक्तियों और अन्य प्रभावशील देशों समेत सभी पक्षों को सक्रिय रूप से दोनों पक्षों को सार्थक संवाद के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि टकराव का कारण बनने वाले प्रमुख मुद्दों को संबोधित किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को परस्पर सहयोग से पुनर्वास सहायता, चिकित्सा सहायता तथा पुनर्निर्माण प्रयासों को गति देनी चाहिए ताकि युद्ध में फंसे लोगों को राहत दी जा सके। युद्धविराम विस्तार के बाद स्थिति को फिर पहले जैसा होने से रोकने के लिए स्थाई राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता है। गाजा में युद्धविराम से फिलहाल इस क्षेत्र में शांति स्थापना की उम्मीद पैदा हुई है, पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को क्षेत्रीय शांति के लिए आगे का रास्ता निर्धारित करने में सतर्कता बरतनी होगी। राजनयिक पहलों के सक्रिय समर्थन, मानवीय आवश्यकताओं को संबोधित करने तथा निरतंर संवाद को प्रोत्साहन देकर विश्व समुदाय इस क्षेत्र में लंबे समय के लिए स्थायित्व सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। इसके उलट यदि युद्ध फिर शुरू हो जाता है तो इससे केवल हिंसा का दुष्चक्र और मजबूत होगा तथा युद्ध से सीधे प्रभावित होने वालों की पीड़ा और बढ़ेगी।

# नेपाल की रणनीतिक स्वायत्तता

नेपाल अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देते हुए स्वयं को चीन की आक्रामकता व दबाव वाली रणनीति से दूर रखने का प्रयास कर रहा है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



वर्तमान समय में नेपाल दशहरा और तीहर मनाने के साथ अपनी लंबी वार्षिक छुट्टियों से निकल कर कामकाज में तेजी ला रहा है। इन छुट्टियों से नेपाल को जाड़े का सामना करने तथा नव वर्ष विक्रम संवत 2080 मनाने का अवसर मिला है। नेपाल के लगभग एक तिहाई लोग भारत और विदेश में रहते हैं। इसके अलावा लगभग 1,500 नेपाली नौजवान रोज देश छोड़ कर विदेशों में नौकरियों और रोजगार के लिए जा रहे हैं। मैंने 1959 के बाद से लगभग हर साल नेपाल की यात्रा की है। मुझे वहां लोगों की जीवनशैली और उपभोग के बेहतर होते मानक स्पष्ट दिखाई देते हैं। नेपाल में आज भी लोग या तो बहुत अमीर हैं या बहुत गरीब तथा मध्य वर्ग का आकार बहुत छोटा है। नेपाल के अनेक लोग हाल में डेंगू या जाजराकोट भूकंप के शिकार हुए हैं, लेकिन इनको छोड़ कर नेपाल के बाकी लोग प्रसन्न हैं।

नेपाल के लोग बहुत संतोषी प्रकृति के हैं और वे बहुत थोड़े में ही प्रसन्न हो जाते हैं। नेपाल में विकास के परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ते हैं। जब नल से जल, बिजली, स्कूल और अस्पताल घाटियों में पहुंच जाते हैं अथवा सड़कों के किनारे उनका संजाल बिछ जाता है तो लोग पहाड़ों से उतर कर नीचे आ जाते हैं। उनमें से अनेक लोग पहाड़ों को प्रकृति से मिले उपहारों को छोड़ कर मानव-निर्मित सुविधाओं का लाभ लेने के बहुत इच्छुक दिखाई देते हैं। तेजी से बनाई गई अनेक सड़कों पर अभी डामर तक नहीं बिछा है। इनके कारण पहाड़ों में प्रदूषण फैल रहा है और परिवेश लगभग पूरी तरह बदल रहा है। इन अधबनी व घूल से भरी सड़कों पर स्कूटर, कार, मोटरसाइकिलें, ट्रक, ट्रैक्टर व इंजनों से चलने वाले अनेक प्रकार के वाहन चल रहे हैं। इन बदलती परिस्थितियों के कारण पर्यावरण प्रदूषण तेजी से फैल रहा है और इसके कारण कुछ लोग वापस पहाड़ों में ऊपर जाने लगे हैं। पिछले सप्ताह काठमांडू की खबरों में एक व्यक्ति छाया रहा। बिजनेसमैन और राजनेता दुर्गा प्रसेन को सीपीएन यूएमएल से निकाल दिया गया। उन्होंने सीपीएन यूएमएल प्रमुख तथा पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के खिलाफ काठमांडू में 10 लाख प्रदर्शनकारी एकत्र करने की धमकी दी थी। उन्होंने राज्य के बैंकों से भारी मात्रा में कर्ज लिया है और उसे न चुका पाने के कारण उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई पर उनका कहना है कि जब वे कर्ज देने की स्थिति में आ जाएंगे तो इसे चुकता कर दिया जाएगा। प्रसेन ने राजा ज्ञानेन्द्र को अपने साथ जोड़ा है जो धैर्य के साथ इस उम्मीद पर कायम हैं कि देर-सवेर देश में राजतंत्र फिर बहाल हो जाएगा।

इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि पंथनिरपेक्ष, संघीय, लोकतांत्रिक गणतंत्र नेपाल में राजनेताओं और सरकार के खराब रिकार्ड को देखते हुए जनता का एक हिस्सा राजतंत्र की वापसी के पक्ष में मन बनाने लगा है। नेपाल के इतिहास पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि प्रचंड के नेतृत्व में लगभग एक दशक तक चले माओवादी गृहयुद्ध ने 2008 में राजतंत्र को उखाड़ फेंका था। 2015 के संविधान ने भी राजतंत्र के उन्मूलन की पुष्टि कर दी थी। हाल ही में राजा ज्ञानेन्द्र ने प्रसेन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्वी नेपाल में भाग लिया था। इस कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र ने कहा था, 'हम कभी नहीं चाहते थे कि नेपाल ऐसा गणतंत्र बने जो अपने 10 लाख नौजवानों को नौकरियों व रोजगार के लिए खाड़ी देशों में भेज दे।'

हालांकि, राजा ज्ञानेन्द्र सरकार के निशाने पर हैं, पर उनकी बहू हिमानी समाज कल्याण का काम करती हैं और नेपाली समाज में बहुत लोकप्रिय हैं। ज्ञानेन्द्र ने इस साल दो बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल के शासक शाह राजपरिवार तथा योगी आदित्यनाथ की गोरक्षनाथ पीठ के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। पुराने नेताओं पशुपति राना और कमल थापा को हाशिए पर धकेल दिए जाने के बाद राजशाही-समर्थक आरपीपी का नेतृत्व राजेन्द्र लिंगदेन के हाथों में आ गया। उन्होंने चुनावों में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

हालिया नेपाल यात्रा के दौरान लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या भारत नेपाल में हिंदू राष्ट्र की स्थापना और राजतंत्र की वापसी का समर्थन करेगा। मैंने कहा कि इस बारे में निर्णय नेपाल की जनता को करना होगा। लेकिन पोखरा में मेरे निवास के निकट रहने वाले नेपाली कांग्रेस के नेता तथा बिजनेसमैन बुद्धिमान गुरुंग ने जोर देकर कहा, 'नेपाल में लोकतंत्र कभी वापस नहीं आ सकता है।' लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है और मैं भी इस बात का समर्थन करता हूं कि नेपाल में शाही परिवार के प्रभाव में हाल में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। इसका प्रमुख कारण लोगों में वर्तमान प्रशासन की खराब गुणवत्ता के कारण बढ़ता असंतोष है। इसी कारण लोगों का ध्यान फिर से शाही परिवार की ओर जाने लगा है। माओवादी नेता प्रचंड के पास 275 सांसदों वाले सदन में 32 सीटें हैं और उनकी पार्टी की स्थिति खराब हो रही है। हालांकि, उन्होंने भ्रष्टाचार पर सीधे हमला बोल कर अपनी गिरती लोकप्रियता सुधारने का प्रयास किया है। वे एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन नेपाली कांग्रेस तथा गठबंधन में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन यूएमएल के बीच चुनावी तालमेल के चलते प्रचंड किंगमेकर की भूमिका में हैं। वे अगले महीने सत्ता में एक साल पूरा करेंगे और देउबा के साथ सत्ता-साझा व्यवस्था के बावजूद वे कह रहे हैं कि पूरे पांच साल शासन करेंगे। इस प्रकार वे देउबा के साथ उसी व्यवहार की तैयारी कर रहे हैं जो उनसे ओली ने किया था। पहले ओली-नीत गठबंधन में प्रचंड का ओली के साथ सत्ता साझा समझौता था, पर उन्होंने इसका सम्मान नहीं किया था। राजनेताओं व नौकरशाहों के बीच अनेक घोटालों ने जनता को बहुत नाराज किया है। चीन से सोने की स्मगलिंग और बालूवाटर भूमि घोटाले के साथ मानव तस्करी का मामला भी है जिसमें भूटानी शरणार्थी के रूप में नेपाली अमेरिका में शरण लेते हैं। इन घोटालों में पूर्व प्रधानमंत्री, मंत्री, उनके परिवारी तथा बेटे शामिल रहे हैं। पूर्व जल-संसाधन मंत्री दीपक ग्यावली ने कहा था कि 'भ्रष्टाचार नेपाल को बरबाद कर देगा।' नेपाल में एक अन्य समकालीन मुद्दे - 'ट्रांजीशनल रिकंसीलियेशन एंड जस्टिस' का संबंध 17 साल पहले हुए माओवादी विद्रोह से है। हाल में नेपाल की यात्रा में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने नेपाल को सहायता का समर्थन करते हुए जोर देकर कहा था कि इसे 'पीड़ित-केन्द्रित' होना चाहिए। प्रचंड जलवायु शिखर सम्मेलन के लिए दुबई जा रहे हैं, पर जाजरकोट भूकंप पीड़ितों का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। टिकटाक पर प्रतिबंध अत्यधिक अलोकप्रिय सिद्ध हुआ है।

शांति गरुंग ने मुझे बताया कि वे और उनके मित्र इसे वीपीएन के माध्यम से प्रयोग करते हैं। टिकटाक ने नेपाल में सेलेब्रिटीज़ तथा कुछ अन्य लोगों को बहुत अमीर बना दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिब्बती मामला प्रबंधन कार्यकारी समिति के प्रमुख वांग जुनझेंग इस महीने नेपाल आए थे जो चीनी नेताओं की नियमित यात्राओं का हिस्सा है।

प्रचंड ने सितंबर में अपनी चीन यात्रा के दौरान बीआरआई-2 पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन सालों तक राजनीतिक दबावों तथा अमेरिका की परोक्ष धमकियों के बाद नेपाल ने अमेरिकी एमसीसी को स्वीकार किया है। नेपाल अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दे रहा है, पर चीन एक आक्रामक पड़ोसी है। काठमांडू चाहता था कि उसके 21 उत्तरी जिलों को चीन की तिब्बत पावरग्रिड से जोड़ा जाए। चीन से भारी ब्याज पर लिए कर्ज से बने भैरवारा और पोखरा हवाईअड्डे बिजनेस नहीं कर रहे हैं और केवल घरेलू उड़ानों तक सीमित हैं। गोरखपुर में भारतीय वायुसेना अड्डे तक जगुआर उड़ाने में समस्या है, पर इस समस्या का समाधान हो सकता है।

नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंधों में भारत की भौगोलिक स्थिति सबसे महत्वपूर्ण आयाम है। ऐसे में नेपाल को चीन और भारत में से चुनाव करने में दुविधा नहीं होनी चाहिए।

# कारपोरेट जगत में प्रगति की चुनौतियां



**उत्तम चक्रवर्ती**
**(लेखक, सहायक प्रोफसर हैं)**

ब्रिटिश लेखक और धर्मशास्त्री फ्रेडरिक विलियम रॉबर्टसन ने ठीक ही कहा है, दुनिया में तीन चीजें हैं जो दया के लायक नहीं हैं, पाखंड, धोखाधड़ी और अत्याचार। शक्ति मानवीय संबंधों में एक व्यापक और मौलिक शक्ति है और सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामाजिक समूहों में शक्ति का अंतर समूह की गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। अधिकांश लोग सत्ता चाहते हैं, और सत्ता के कई फायदे हैं। हालाँकि, कई मामलों में सत्ता एक भ्रष्ट करने वाली शक्ति है। सैम अल्टमैन का ओपनएआई से हाल ही में और संक्षिप्त प्रस्थान और फिर से उसी पद पर कंपनी में लौटना आश्चर्य की बात है। हालांकि, संस्थापकों को उनके संगठनों से बाहर किया जाना विचार-विमर्श की बड़ी तस्वीर रही है। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन नई नहीं है. इतिहास में ऐसे दूरदर्शी नेताओं के उदाहरण देखे गए हैं जिनका अपने बोर्डों या हितधारकों के साथ मतभेद था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हटा दिया गया। एप्पल में स्टीव जॉब्स से लेकर उबर में ट्रैविस कलानिक तक, कहानियाँ उतनी ही विविध हैं जितनी स्वयं उद्योग।

अजेयता का मिथक जारी है. एक सामान्य सूत्र जो अपदस्थ संस्थापकों की कहानियों को एक साथ जोड़ता है, वह अजेयता की धारणा है जो अक्सर उन्हें घेरे रहती है। जब कोई कंपनी अपनी प्रारंभिक अवस्था में होती है, तो संस्थापक सिर्फ एक नेता नहीं होता है, बल्कि संगठन की पहचान और उद्देश्य का प्रतीक होता है। हालांकि, जैसे-जैसे कंपनी बढ़ती है, मांगें और चुनौतियां विकसित होती हैं, और एक स्टार्टअप का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल एक बड़े निगम को चलाने के लिए आवश्यक कौशल के साथ संरेखित नहीं हो सकते हैं। संस्थापकों, विशेष रूप से मजबूत दृष्टिकोण और व्यक्तित्व वाले लोगों को इन बदलती गतिशीलता के अनुकूल ढलना चुनौतीपूर्ण लग सकता है।

ओपनएआई से कुछ दिनों के लिए सैम ऑल्टमैन का बाहर निकलना एक उदाहरण के रूप में कार्य करता है। हालाँकि उन्होंने संगठन की शुरुआती सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन तेजी से बढ़ते उद्यम की जटिलताओं से निपटने के लिए एक अलग नेतृत्व शैली की आवश्यकता स्पष्ट हो गई होगी। कंपनी की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के कर्तव्य से प्रेरित बोर्ड और हितधारक, उस नेता से अलग होने का कठिन निर्णय ले सकते हैं जिसने कंपनी को अस्तित्व में लाया था। भारतीय फिनटेक दिग्गज भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर की कहानी को इसी संदर्भ में सोचा जा सकता है। यह अपदस्थ संस्थापकों की किताब में एक और अध्याय है। उनके मामले में, संघर्ष केवल रणनीतिक दिशा के बारे में नहीं था, बल्कि अहंकार और नेतृत्व शैलियों के टकराव के बारे में भी था। ग्रोवर का मुखर और कभी-कभी विवादास्पद आचरण, जिसे स्टार्टअप चरण में सहन किया जा सकता था या मनाया भी जा सकता था, कंपनी के समय बीतते परिपक्व होने के साथ एक दायित्व बन गया। इससे एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- किसी संस्थापक की पहचान उनके द्वारा बनाई गई कंपनी से कितनी जुड़ी होती है, और वह पहचान संगठन को आगे बढ़ाने के बजाय कब बाधा डालने लगती है? ग्रोवर जैसे संस्थापकों को हटाने से पता चलता है कि कंपनियां अपने दूरदर्शी नेताओं के करिश्मे और विलक्षणताओं पर स्थिरता और अधिक सामंजस्यपूर्ण आंतरिक वातावरण को प्राथमिकता दे सकती हैं।

उबर में ट्रैविस कलानिक का मामला शायद इतिहास में किसी संस्थापक को बाहर करने के सबसे कुख्यात उदाहरणों में से एक है। राइड-शेयरिंग दिग्गज की तेजी से प्रगति के साथ-साथ कई विवाद भी जुड़े, जिनमें कार्यस्थल पर उत्पीड़न और जहरीली कॉर्पोरेट संस्कृति के आरोप शामिल थे। इस उदाहरण में, कलानिक को हटाने का बोर्ड का निर्णय न केवल वित्तीय चिंताओं से प्रेरित था, बल्कि कंपनी की खराब प्रतिष्ठा को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता से भी प्रेरित था। कलानिक की कहानी नेतृत्व में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करती है। जबकि संस्थापकों को अक्सर शुरुआती चरणों में छूट दी जाती है, जिस क्षण उनके कार्यों से कंपनी की अखंडता या सार्वजनिक धारणा को खतरा होता है, बोर्ड को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह संस्थापक की स्वायत्तता और कंपनी और उसके हितधारकों के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बीच नाजुक संतुलन पर सवाल उठाता है। वेवर्क के एडम न्यूमैन एक अन्य संस्थापक हैं जिनकी भव्य दृष्टि अंततः उनके पतन का कारण बनी। वेवर्क के लिए न्यूमैन की महत्वाकांक्षी योजनाएं, जिसमें उसका आईपीओ भी शामिल था, कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य और शासन प्रथाओं से जुड़े विवादों के कारण खराब हो गई थी। उन्हें हटाना कंपनी को बचाने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक आवश्यक सुधारात्मक उपाय था। एडम न्यूमैन की सावधान करने वाली कहानी एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि दूरदर्शी नेतृत्व एक स्टार्टअप की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है, अनियंत्रित महत्वाकांक्षा और ग्राउंडिंग की कमी, वास्तव में, एक संस्थापक की बर्बादी का कारण बन सकती है। बोर्ड और हितधारकों को सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या संस्थापक की आकांक्षाएं कंपनी की दीर्घकालिक स्थिरता के साथ संरेखित हैं या क्या वे कल्पना के दायरे में घूम रहे हैं। अपदस्थ संस्थापकों की मंडली में, स्टीव जॉब्स एक अनोखे मामले के रूप में सामने आए हैं। 1985 में एप्पल से उनका प्रस्थान आंतरिक सत्ता संघर्ष और बोर्ड के साथ असहमति का परिणाम था। जॉब्स की टकरावपूर्ण शैली और एकतरफा निर्णय लेने की प्रवृत्ति ने एप्पल के भीतर तनाव को और बढ़ा दिया। समझौता करने की उनकी अनिच्छा और असहमतिपूर्ण दृष्टिकोण के प्रति उनकी अधीरता ने सहकर्मियों और बोर्ड सदस्यों दोनों को अलग-थलग कर दिया। 1985 में, कई तीखी झड़पों और बोर्ड के अविश्वास प्रस्ताव के बाद, जॉब्स को सीईओ पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालाँकि, 1997 में जॉब्स की एप्पल में वापसी और उसके बाद कंपनी की किस्मत का पुनरुत्थान उस दुर्लभ परिदृश्य को दर्शाता है जहा एक संस्थापक को एक बार फिर से उनकी रचना का नेतृत्व करने के लिए बहाल किया जाता है। अय्यूब की कहानी एक दूरदर्शी नेता के स्थायी प्रभाव और मुक्ति की क्षमता का एक प्रमाण है। हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि जॉब्स एक संयमित दृष्टिकोण और सहयोग करने की इच्छा के साथ एप्पल में लौटे, जो उनके पिछले कार्यकाल के बिल्कुल विपरीत था। इससे पता चलता है कि असाधारण मामलों में भी, संस्थापकों को विकसित होना चाहिए और अपने संगठनों की बदलती जरूरतों के अनुरूप ढलना चाहिए।

## आप की बात

**आप की बात**



इस कॉलम में अपने विचार
या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### एआई के चमत्कार

**आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई के नित्य नए चमत्कार सामने आते जा रहे हैं। अब फेशियल रिकगनीशन सिस्टम के जरिए अपराधियों के पूरे बायोमेट्रिक रिकॉर्ड्स बनाए जा सकेंगे। इसमें बोलचाल, चेहरे के हाव-भाव, आंखों की हरकतें, क्रोध, तनाव आदि का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों व सॉफ्टवेयर से जोड़कर सिक्योरिटी रूम में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और भीड़भाड़ वाले स्थान पर अपराधियों के बार-बार आने-जाने पर नजर रखी जा सकेगी। बेंगलुरु के हेल्थ एवं न्यूरोसाइंस ने बेहतर ब्रेन मैपिंग तकनीक विकसित की है। इसमें 32 इलेक्ट्रोड वाले एक हेलमेट को अपराधी के सिर पर रखकर उसकी ब्रेन मैपिंग कर उसके द्वारा बोले झूठ का सटीक पता लगाया जा सकेगा। ब्रिटेन ने एआई प्रयोग में पुलिस को प्रशिक्षित कर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए तैयार किया है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि अपराध होने से पहले ही अपराधियों को पकड़ा जा सकेगा। यह किसी चमत्कार से काम नहीं होगा। लेकिन एआई तकनीकों पर विधिक व नैतिक नियंत्रण जरूरी होगा क्योंकि ऐसा न होने पर यह कुछ खास लोगों या समुदायों के उत्पीड़न का कारण बन सकती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बहादुर श्रमिक

**आखिरकार** 17 दिनों पुराना संघर्ष समाप्त हुआ और 41 मजदूरों को उत्तराखंड में सुरंग से बाहर निकल लिया गया। अमेरिकन औगुर, भारतीय सेना, एसडीआरएफएवं एनडीआरएफ सभी ने अपनी-अपनी भूमिका इस मिशन में निभाई है, परन्तु झाँसी से बुलाये गए-रैट होल माइनर्स- ने इसमें सबसे अहम भूमिका निभाई है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वे ईश्वर के भेजे दूत से कम नहीं थे। बचाव टीम की जितनी प्रशंसा करें वह कम ही होगी, लेकिन जिस धैर्य, दृढ़ संकल्प और संयम का परिचय इन 41 मजदूरों ने दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने बचाव टीम द्वारा बताये सारे टास्क ठीक से किये और ऑक्सीजन पाइप का भी समुचित उपयोग किया। सरकार को इस घटना से सबक लेकर अपने आपदा प्रबंधन में काफी सुधार लाने की जरूरत है। इस प्रकरण की पूरी उच्चस्तरीय व पारदर्शी जांच होनी चाहिए कि इतनी बड़ी परियोजना में आपातस्थिति की तैयारी ठीक से क्यों नहीं की गई थी। रैटहोल माइनर्स ने सिद्ध कर दिया है कि जीवन से संघर्ष करने वाले लोगों के पास ऐसे अनेक कौशल हैं जिनको मुख्यधारा में समुचित मान्यता नहीं मिली है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### तुष्टीकरण नीति

**बिहार सरकार** द्वारा आगामी वर्ष का कैलेंडर जारी करते ही चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। आगामी वर्ष में बिहार सरकार ने हिन्दू समाज के विशिष्ट उत्सवों पर अवकाश में कटौती कर दी है। हमारे देश की जनता को छुट्टियों से जितना लगाव है, उसे देखते हुए यह नाराजगी जायज है। परन्तु यह इसलिए अधिक गंभीर और अलग हो जाती है कि बिहार सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहारों की छुट्टियों में इजाफा कर दिया है, जबकि हिंदू त्योहारों की छुट्टियों में कटौती की गई है। बिहार में मुसलमानो का मत-प्रतिशत काफी है इसलिए वहाँ छुट्टियों के माध्यम से मुस्लिम मतदाताओं को साधने का प्रयास किया गया है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से तुष्टीकरण है। ऐसी नीतियों से एक वर्ग को जानबूझ कर गुस्सा नहीं किया जाना चाहिए। पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं के सहारे चुनाव जीतने का प्रयास हो रहा है उनमे पिछड़े वर्ग के त्योहारों की अपेक्षा करना कहाँ तक सही है? पहले भी एक बड़े नेता ने लाल किले से एक मुस्लिम त्योहार पर छुट्टी की घोषणा की थी, पर उन्होंने भी हिंदू त्योहारों पर छुट्टियों में कोई कटौती नहीं की थी।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

# रविंद्र आशीष रुद्र होगें रिपीट या फिर जिले मे खिलेगा कमल, होगा फैसला 3 दिसंबर को

**48घंटे का कांउट टाउन शुरु**

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के बाद लोग लोगों की नजर अब 3 तारीख का सभी से इंतजार किया जा रहा है जबकि कांग्रेस बीजेपी वाले समर्थकों का अपना-अपना दावा है की जीत हमारी होगी पर 3 दिसंबर को तय होगा कि साजा विधान सभा मे कांग्रेस से रविंद्र चौबे बेमेतरा से आशीष छाबड़ा दोबारा विधायक बनेंगे या नवागढ से गुरु रुद्र कुमार गुरु नवागढ से विधायक बनेंगे अथवा नवागढ से भाजपा के दयाल दास बघेल साजा विधान सभा से ईश्वर साहु एंव बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र से दीपेश साहु का कमल खिलेगा। छत्तीसगढ प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए मतदान की गणना 3 दिसंबर को होगी। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के नेता ये दावा कर रहे है की उनकी पार्टी जीत होगी उनका कौन सा गणित है वे वो ही जाने। खैर चुनावी माहौल पिछले दो माह से पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहा था नेता,व्यापारी,आमजनता के बीच सिर्फएक विषय पर चर्चा हो रही थी की उनकी क्षेत्र में कौन जीत रहा है और सरकार किस पार्टी की बन रही है इस बार तो चुनावी त्यौहार के चलते दीपावली त्यौहार भी फीका फीका सा नजर आ रहा था और अब सिर्फइंतजार है तो आने वाली 3 तारीख का जिसमे वोटो की गिनती मत गणना होनी है और शाम होते तक साफहो जाएगा।

## प्रत्याशियों की धड़कनें हुई तेज 48 घंटा का काउंन डाउन शुरू

छत्तीसगढ़ राज्य के पांचवें विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को होगा जैसे-जैसे मतगणना की तिथि नजदीक आ रही है। प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई है और पार्टी के समर्थक कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सभी लोगों को एग्जिट पोल को लेकर खासा इंतजार था जो 30 नवंबर 5:30 बजे तेलंगाना में मतदान होने के बाद सोशल मीडिया में जोर-जोर से शुरू हो चुका है। दावे और प्रति दावे को लेकर भाजपा कांग्रेस के अलावा अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता जीत को लेकर दावे प्रतिदावे करने लगे है। आगामी 3 दिसंबर रविवार को बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र नवागढ़, साजा और बेमेतरा के लिए 17 नवंबर को मतदान हुआ था।

## होने लगी चुनावी चर्चा चौक चौराहे में

परिणाम की तिथि नजदीक आते ही शहर से लेकर गांव-गांव में केवल हार जीत को लेकर चर्चा हो रही है गांव में भी कौन जीतेगा और कौन बनेगा विधायक इसकी जोर-शोर से चर्चा है। चर्चा में पार्टी के समर्थक कार्यकर्ताओं के अलावा जनमत के लोग भी शामिल हो रहे हैं आम जनों में भी यह खास चर्चा का विषय है कि बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस से कौन चुनाव जीत रहा है ऐसी जिज्ञासा के साथ आम जनों के द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं से पूछताछ हो रही है ।

## परिणाम जान ने पहुंचेंगे मतगणना केंद्र

बेमेतरा जिला मुख्यालय में होने वाले चुनाव मतगणना के समय आसपास के गांव के लोग भी परिणाम जानने और उत्साह में शामिल होने चुनाव के दरमियान गणना स्थल पहुंच जाते हैं ।पार्टी कार्यकर्ता भी समर्थन में मतगणना स्थल के आसपास आ जाते हैं गांव क्षेत्र के भी लोग विधानसभा चुनाव के मतगणना को लेकर शहर पहुंचते है। ताकि भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को कहां से और कितना मत प्राप्त हुआ।

# कार्तिक पूर्णिमा पर पाटेश्वर धाम में हुआ कवि सम्मेलन



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

कार्तिक पूर्णिमा के सुअवसर पर पाटेश्वर धाम में छत्तीसगढ़ स्तरीय कवि सम्मेलन का स्वर्णिम आयोजन सम्पन्न हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन केशव राम साहू ने किया। सुप्रसिद्ध संत बालयोगी राम बालक दास जी के आमंत्रण पर नवागढ़ से कृष्णा सेन भारतीय, दुर्ग से प्रदीप वर्मा, चिंवरी धमतरी से इंद्रजीत निशाचर,कोड़ेवा से गजपति राम साहू, गुण्डरदेही से केशव राम साहू, कोहंगाटोला से डॉ.अशोक आकाश, सम्बलपुर से देव जोशी गुलाब विरेन्द्र अजनबी, रायपुरा से बुटुराम पूर्णे, देवनारायण नगरिहा, कजराबॉधा गुंडरदेही से बिसेश्वर साहू, लोहारा से हर्षा देवॉगन, और कन्हैया लाल बारले ने अपनी कविताओं से कार्तिक पूर्णिमा को काव्यमय अभिव्यक्ति से रसमय किया।

## सुमधुर गजल से लयात्मक प्रस्तुति रही सराहनीय

चुटीले अंदाज में संचालन कर रहे कवि केशवराम साहू ने कवियों को काव्यपाठ हेतु आमंत्रित करते हास्य से सराबोर अभिव्यक्ति दी। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के बालोद जिला समन्वयक डॉ.अशोक आकाश को आमंत्रित किया गया। उन्होंने सिद्धिविनायक गणपति आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आकाश की ओजपूर्ण कविता मंदिर में राम विराजेंगे को जय श्री राम के उद्घोष से सम्मान मिला। दुर्ग से पधारे कवि प्रदीप वर्मा की सुमधुर गजल से लयात्मक प्रस्तुति सराहनीय रही। दर्षा देवॉगन ने प्रकृति की मनोरम छटा का उदात्त चित्रण करती कविता से तालियाँ बटोरी। गजपति राम साहू ने नाम की महिमा बताती कविता से हास्य की फुलझड़ियाँ छोड़ी, कृष्णा भारतीय ने हास्य का धमाल मचाती कविता से जन जन के जीवन में व्यतीत हो रहे घटनाक्रम पर निशाना साधती कविता से खूब हँसाया। देवनारायण नगरिहा ने सुप्रसिद्ध कविता गंधारी ऑखी ले पट्टी खोलके देखतिस ते का होतिस पर पुरुष प्रधान समाज की आँखों में बंधी पट्टी खोलने का प्रयास किया।

## कवियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र से किया गया सम्मानित

बिसेश्वर साहू ने बेटा और बेटी में हो रहे भेदभाव पर कटाक्ष करती कविता बेटी बर अभिमान करव का पाठ कर समाज को संदेश दिया। विरेन्द्र अजनबी ने प्रलोभित मतदाता को कटाक्ष करती श्रेष्ठतम् प्रस्तुति दी। देव जोशी गुलाब ने गीतों की लयात्मकता प्रस्तुति दे सुंदर संदेश दिया। संचालन कर रहे कवि केशवराम साहू, कन्हैया लाल बारले, बुटूराम पूर्णे, इंद्रजीत निशाचर ने अपनी प्रतिनिधि कविता पाठकर मंच को ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम में संत रामबालक दास द्वारा समस्त कवियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईश्वर साहू साजा विधानसभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी सहित बड़ी संख्या में काव्य प्रेमियों की उपस्थिति रही। संत रामबालक दास जी के आभार प्रदर्शन के साथ सभा समापन की घोषणा की गई।

# अगहन माह में विशेष रूप से किए जाने वाली महालक्ष्मी पूजा प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई घरों में अगहन बृहस्पति वार को मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया इसके साथ ही 1 महीने तक चलने वाली महालक्ष्मी की पूजा का यह माह इस गुरुवार से प्रारंभ हो गया बता दें कि हिंदी के मार्गशीर्ष माह जिसे आम बोलचाल की भाषा में अगहन माह भी कहा जाता है इस माह के प्रथम बृहस्पतिवार से लक्ष्मी मां की पूजा प्रारंभ किया जाता है इस साल 1 माह में चार गुरुवार पड़ेगा और इन चारों वृहस्पति वार को लक्ष्मी जी की विशेष पूजा आराधना घरों में की जाएगी जानकारी के अनुसार अगहन माह की प्रथम बुधवार की रात को शहर के अलावा कई गांव के घरों में लक्ष्मी मां की प्रतिमा की स्थापना की गई इसके पहले घरों को साफसफाई कर आंगन में चुना एवं रंगोली से विभिन्न प्रकार के आकर्षक आकृति बनाया गया शाम को घर के मुख्य द्वार पर के सामने गोबर से लीपकर रंगोली बनाई गई चावल आटे को पानी में गिला करके घर के मुख्य द्वार से लेकर पूजा स्थल तक मां लक्ष्मी के पद चिन्ह स्वास्तीक एवं कड़ी बनाए जाते हैं रात को घर के सभी सदस्य द्वारा भोजन तदुपरांत घर के पूजा स्थल अथवा अपने सुविधा अनुसार एक स्थान पर लक्ष्मी जी की मूर्ति की स्थापना लकड़ी के पटा मे नए वस्त्र बिछाकर लक्ष्मी की तस्वीर स्थापित किया गया इसके साथ ही श्री गौरी गणेश एवं कलश नवग्रह स्थापना किया गया वहीं कलश के ऊपर मिट्टी के दीए जलाकर रखा गया और स्नान कराने के बाद कुमकुम अक्षत फूल माला चढ़ाकर पूजा की गई इसके साथ ही लक्ष्म जी की मूर्ति पर सिंगार की सभी सामग्री चढ़ाई गई वहीं कुछ लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार विभिन्न फलों का भोग लगाकर धूप दीप से आरती किया गया उसके दूसरे दिन बृहस्पतिवार को मां लक्ष्मी की तीन बार विशेष रूप से पूजा किया गया जो एक मास तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को किया जाएगा इसमें सुबह विधि विधान के साथ महालक्ष्मी की पूजा आराधना कर धूप अगरबत्ती के साथ आरती किए गए दोपहर को फिर पूजा कर घर में बने विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया और शाम को एक बार फ़िर आरती की गई इसके पहले दोपहर में महिलाओं के द्वारा बृहस्पतिवार की कहानी कथा घरों सुनाया गया।

# जिले में सक्रिय हुए कोचिए, किसानों के पर्चे में खपा रहे धान, खाद्य और मंडी विभाग हुआ निष्क्रिय



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश भर जहां एक ओर एक नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी हैं। तो वही जिले के धान कोचिए एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। धान कोचिए किसान के पर्चे में अपनी खरीदी हुए धानो को संबंधित सहकारी समिति प्रबंधक से मिलीभगत कर ऊंचे दाम व बोनस की लालच में खपा रहें हैं। जो किसान धान की फसल नही ले पाते हैं या जिस किसान के खेत से फसल कम आती है। वैसे किसानों के पास जाकर धान कोचिए अपनी लुभावनी बातों से किसान के पर्चे में अपना धान शासन को बेच रहे हैं। वही अगर आगामी 3 दिसंबर को भाजपा की सरकार बनी तो 3100 और अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो प्रति क्विंटल 3200 घोषणा पत्र के अनुसार दिया जाएगा। उल्लेखनीय हो कि शासन कोचिया पद्धति पर लगाम लगाने के उद्देश्य से प्रदेश के किसानों से सीधे धान खरीदी कर रही है। 3 दिसंबर को भाजपा-कांग्रेस जिसकी भी सरकार बनी घोषणा पत्र के अनुसार घोषित राशि प्रति क्विंटल किसानो को देनी होगी। उन घोषणाओं में दिए जा रहे बोनस पर धान कोचियों की नज़र आ पड़ी हैं और ऐसा नही है कि यह इस साल देखने मिल रहा हैं। बल्कि हर साल यह देखने मिलता हैं। धान कोचिए मंडी अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए किसानों के पर्चो अपनी खरीदी हुई धानो को खपाते आ रहे हैं।

## अवैध कमाई कर रहे कोचिए

जिले भर में धान कोचिए किसानों के पर्चे का इस्तेमाल करते हुए अवैध कमाई कर रहे है। अक्सर देखा जाता है कि गरीब किसानों को जब पैसों की जरूरत आन पड़ती है। तो यही कोचिए किसानों को भारी ब्याज के साथ पैसे दे देते हैं। उक्त रकम के एवज में किसान का पर्चा और ब्लैंक बैंक विड्रॉल फार्म में हस्ताक्षर करवा अपने पास बतौर गारंटी रख लेते हैं। जिसके चलते किसान कोचियों की गिरफ्त में बंध जाता हैं। फिर उसी किसान के पर्चे का इस्तेमाल करते हुए कोचिए अपना धान खपाते हैं। जिससे किसान को आने वाले बोनस पर कोचिए डाका डाल लेते हैं।

## 4 वर्ष पूर्व हुई थी ताबड़तोड़ कार्यवाही

धान कोचियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 4 वर्ष पूर्व प्रशासन ने मंडी अधिनियम के तहत छापामार कार्यवाही करते हुए हजारों क्विंटल धान जब्त किया था। कोचियों के गोदामों से अवैध रुप से रखे धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई थी। जिससे जिले भर के धान कोचियों में हडकम्प मचा था। यहां तक कई राइस मिलरों में भी हड़कम्प मचा था। जिसके बाद जिले भर के करीबन 200 कोचियों ने अपना एक संगठन खड़ा कर जिला प्रशासन को कार्यवाही नही करने आवेदन पत्र भी सौंपा था। बता दे कि जिले भर में छोटे बड़े मिलाकर सैकड़ों धान कोचिए सक्रिय है। कई कोचिए ऐसे भी है जो किसान से धान को खरीदकर उन्हें पैसों के लिए भटकाते हैं।

## समिति प्रबंधक की मिलीभगत

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार समिति के प्रबंधक व अध्यक्ष कोचियों से आपसी मिलीभगत कर उनके धान को किसानों के पर्चे में खपाने अहम भूमिका निभा रहे है। जिनके बदले बकायदा उन्हें कमीशन भी दिया जाता है। जिसके चलते कोचियों के हौसले बुलंद है। कभी कभी पैसों की लालच में खराब धान को भी समिति द्वारा खरीदा जाता हैं।

## कोचिए खा चुके है जेल की हवा

जिले में दर्जन भर से ज्यादा ऐसे कोचिए है, जो किसानो से लाखों रुपये का धान खरीदकर उन्हें पैसों के लिए चक्कर लगाया हैं। जिसकी वजह से उन किसानों की शिकायत पर कुछ कोचियों को जेल की हवा भी खानी पड़ी हैं। आज भी ऐसे कई कोचिये है जो किसानों को पैसे के लिए चक्कर लगवा रहे हैं।

# तीन तारीख को सुबह आठ बजे गोपनीयता की शपथ के साथ प्रारंभ होगी मतगणना



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र आगामी तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना को लेकर कलेक्ट्रेट के दिशा विधानसभा अभ्यार्थी,/ निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं तैयारियों की जानकारी दी गयी। बाद में उन्हें कोषालय स्ट्रॉग रूम में कड़ी सुरक्षा में सुरक्षित रखें ईटीपीबीएस/डाक मतपत्र का अवलोकन कराया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस. एल्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा समान्य निर्वाचन-2023 मतदान समाप्ति के बाद मतगणना की तैयारियों पूरी व्यवस्थित ढंग से की जा रही है । हर एक-एक चीज को बारीकी से गहन निरीक्षण और परीक्षण के बीच से गुजरना पड़ रहा है । गलती की कोई गुंजाईश ना हो, इसलिए पूरी सावधानी से पूरी तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। रोजाना जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल पर चल रही तैयारियों को निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना से पहले दो दिसम्बर को मतगणना की पूरी रिहर्सल की जायेगी। तीनों विधानसभा क्षेत्र की गणना बनाए गये अलग-अलग कक्षों में होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने पुलिस प्रशासन की तैयारियों और अभ्यर्थी, उनके एजेंटों के आने-जाने के मार्ग एवं वाहन पार्किंग की जानकारी दी। उन्होंने अभ्यार्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि वह भी आकर व्यवस्था देखें कि कौन कहाँ से आयेंगे। ताकि उनके एजेंटों का भी रास्ते की जानकारी हो सकें। उन्होंने जानकारी दी कि नियुक्त गणना अभिकर्ता जिस विधानसभा के जिस टेबल के लिए नियुक्त होंगे वह उसके अलावा अन्य विधानसभा या अन्य टेबल पर नहीं जा सकेंगे।

# भाजपा दल्ली राजहरा मंडल में विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा मंडल में विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, सहयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में 29 नवम्बर को रखी गई। बैठक का प्रारंभ भारत माता, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात वार्ड क्रमांक 26 पार्षद टी.ज्योति द्वारा सत्यम शिवम सुंदरम गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी मंडल,भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा महिला मोर्चा,अनुसूचित जाति मोर्चा व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के साथ भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा नगर पालिका के पार्षद गण उपस्थित हुए। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहयोजक के द्वारा विधानसभा चुनाव में , वार्डो में बूथ पर किए गए कार्यो की समीक्षा की गई । जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार एवं विधान सभा प्रभारी राजेश ताम्रकार, जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू कुकरेजा, सुरेश जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, महेंद्र पिपरे, किरण सिन्हा, मुश्ताक अहमद, भूपेंद्र श्रीवास एवं मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी मंचस्थ थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राकेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि दल्लीराजहरा मंडल के समस्त वार्ड एवं बूथ में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता पूरी निष्ठा ईमानदारी से डौंडीलोहारा विधानसभा के प्रत्याशी देवलाल ठाकुर के पक्ष में उनके साथ चुनाव प्रचार किया, इसका परिणाम हमें दल्ली राजहरा में भारतीय जनता पार्टी के जीत के रूप में अवश्य देखने को मिलेगा। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के आधार पर हम दावा करने में सक्षम है कि दल्ली राजहरा मंडल में भारतीय जनता पार्टी की जीत के साथ विधानसभा डौंडीलोहारा के प्रत्याशी देव लाल ठाकुर को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह ने कहा की चुनाव के दौरान किसी वरिष्ठ कार्यकर्ता से से किसी बात को लेकर मतभेद हुआ हो तो उसके लिए भी हम सभी आप लोगों से क्षमा प्रार्थी हैं और आगे मिलजुल कर एक जुटता के साथ कार्य करेंगे डौंडीलोहारा विधानसभा के प्रभारी राजेश ताम्रकार ने कहा की कार्यकर्ताओं के उत्साह एवं उनके समर्पण को देखकर हमें विधानसभा की जीत स्पष्ट दिखाई पड़ती है। भारतीय जनता पार्टी बालोद जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार द्वारा बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर विषम परिस्थितियों पर भी कार्य कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सदैव डटे रहते हैं। यह उनकी निष्ठा का ही परिणाम है कि दल्ली राजहरा में भारतीय जनता पार्टी की सदैव बढ़त बनती है। आपसी सामंजस्य का परिणाम से इस बार दल्ली राजहरा में इतिहास रचेगा एवं रिकॉर्ड मत से भारतीय जनता पार्टी को बढ़त मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह एवं मदन मायती, रामेश्वर साहू, अंजू साहू, मनजीत कौर, रमेश जैन, लीलावती साहू, नीलेश श्रीवास्तव, सोनू ठगेल, शंकर साहू, सुमित जैन, सुखवंतिन ठाकुर, पार्षद राजेश कांबले, सोहद्रा ठाकुर, हेमंत गौतम, टी.ज्योति, ताम्रध्वज सुधाकर, प्रमिला पारकर, ममता नेताम, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम सुरेंद्र बेहरा दमनदीप सिंह, मेवा पटेल श्याम जायसवाल आर के माने तरुण साहू, हुकुम सिंह ठाकुर, गंगा रावते रमणी बाघ कुमारी रावटे उषा साहू भूषण निर्मलकर श्रीजीत मनन गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# पीयूष जायसवाल को मिला अंतरराष्ट्रीय बाल श्रेष्ठ पुरुस्कार

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के प्राचार्य के सुपुत्र मास्टर डॉ पीयूष जायसवाल को अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया पीयूष जायसवाल के पिता पी एल जायसवाल डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में प्राचार्य पद के पदस्थ पर हैं व माता भी डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धर्मपुरा में लाइब्रेरियन के पोस्ट में पदस्थ हैं बहन साभी छत्तीसगढ़ के पहली महिला साइंटिस्ट का अवॉर्ड प्राप्त कर चुकी हैं। पीयूष जायसवाल के पिता प्राचार्य डी ए वी जांता ने जानकारी साझा किया कि इससे पूर्व में भी मुख्यमंत्री जी ने दो बार सम्मानित कर चुके है हाल ही वर्ष में दाढ़ी भेंट मुलाकात में पीयूष जायसवाल को दो देकर सम्मानित किया था, व पियूष का बचपन आठवी तक के पढ़ाई उनके पिता के साथ रह कर डी ए वी में हुआ हैं, अभी पीयूष जायसवाल भिलाई शिक्षा नगरी के शैक्षणिक शिक्षा संस्थान शकुंतला गुरुकुल विद्यालय रामनगर के सी बी एस ई कक्षा दसवीं छात्र पीयूष के छात्र हैं। पीयूष जायसवाल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल क्षेष्ठ पुरुस्कार से नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय सभागार में सम्मानित हुआ हैं। पीयूष जायसवाल बचपन से ही प्रतिभावान छात्र है पीयूष मात्र 12 साल की उम्र में पीएचडी कर चुका है, एस्ट्रोफिजिक्स में दो किताब भी लिख चुके हैं एवं रिसर्च कर बाल वैज्ञानिक बनकर अलबर्ट आइंस्टीन के वर्ड रिकार्ड को तोड़कर वर्ड रिकार्ड भी बनाया है उन्हे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से भी नवाजा गया है साथ ही अनेकों राज्य व राष्ट्रीय लेवल के अब तक अवॉर्ड भी मिल चुका हैं। दिल्ली में आयोजित दो दिवसाय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी बाल श्रेष्ठ सम्मान नई दिल्ली प्रधानमंत्री सभागार सम्मान समारोह-2023 के मुख्य अतिथियों में प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी (निर्देशक, केन्द्रीय हिंदी संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, व हिमांशु गुप्ता जी, शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, एवं सी बी एस ई के प्रमुख डॉ. संयम भारद्वाज (परीक्षा नियंत्रक, बी. एस. ई. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा तीन मूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय सभागार नई दिल्ली में पीयूष जायसवाल को स्वर्ण पदक, मेमोंटो व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया हैं। हिन्दी विकास संस्थान के प्रमुख पीयूष कुमार शर्मा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार उपाध्यकक्ष कल्पना शर्मा महासचिव डॉ प्रेम कुमार शुक्ल संयुक्त सचिव के समक्ष यह अवॉर्ड दिया गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक व विदेशों से भी इस आयोजन का हिस्सा रहे हैं। वास्तव में यह बड़ी उपलब्धि हैं पीयूष जायसवाल छत्तीसगढ़ के एक मात्र चयनित छात्र है, जिसे यह अंतराष्ट्रीय अवॉर्ड मिला हैं। पीयूष जायसवाल के पिता पी.एल.जायसवाल को व पीयूष जायसवाल को ललित देवागन,राहुल पटेल, अखिलेश पटेल, ज्ञानेश्वर साहू, निशु गुप्ता, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार, गोविंद वर्मा आयुषी जैन, कैलाश सिंह, राजा तनतुवे, छोटू राम साहू, मनीषा सोनी,सविता साहू, रेणुका पटेल, रितिका साहू, आरती धीवर, सरिता साहू, सुमित्रा पटेल, दीपिका वर्मा, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, गीता साहू, नरेश साहू छात्र छात्राओं सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों ने इस उपलब्धि हेतु बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं।

# असामयिक वर्षा से फसल के नुकसान या क्षति की सूचना बीमित कृषक सीधे बीमा कंपनी को दें



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में असामयिक बारिश से फसल कटाई के उपरान्त खेत में रखी हुई फसलों को नुकसान की संभावना को देखते हुए उप संचालक कृषि से किसानों से अपील की कि ऐसी फसल क्षति की सूचना सीधे क्रियान्वयक बीमा कंपनी बजाज एलायंस इंश्योरेंस के टोल फ्री नम्बर 1800-209-5959 पर या लिखित रूप से स्थानीय राजस्व / कृषि अधिकारियों /संबंधित बैंक या राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल में निर्धारित समय-सीमा 72 घंटे के भीतर लिखित रूप से बीमित फसल के ब्यौरे तथा क्षति का कारण सहित सूचित कर सकते है। उप संचालक कृषि द्वारा दी गयी जानकारी में बताया गया कि प्रधानमंत्री फसली बीमा योजनान्तर्गत फसल कटाई उपरांत खेत में सुखाने के लिए फैलाकर रखी हुई फसल अथवा छोटे बंडलों में रखे हुए अधिसूचित फसलों को प्राकृतिक आपदा तथा ओला, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा एवं बे-मौसम वर्षा से अधिसूचित इकाई में 25 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में फसलों को क्षति होती है, तो ऐसी अवस्था में नमूना जॉच कर सभी बीमित कृषकों को क्षति का भुगतान किया जायेगा । कृषि इसकी सूचना क्रियान्वयन बीमा कंपनी बजाज एजायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी को सीधे उनके टोल फ्री नम्बर पर या लिखित रूप से करनी होगी। या संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सूचना दी जा सकती है।

# एड्स जागरूकता टीबी के बारे में उन्मुखीकरण


**बेमेतरा।** बेरला 29 नवंबर 2023 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी. एल. टण्डन एवं ज़िला नोडल अधिकारी डॉ एस. आर. चुरेन्द्र के निर्देशानुसार तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी बेरला डॉ. जे के कुंजाम के मार्गदर्शन में एड्स जागरूकता तथा टीबी उन्मुखीकरण 2023 कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमे शास. नवीन महा. बेरला प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे की अध्यक्षता में रेड रीबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रखा गया। जिसमे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शास. अस्पताल बेरला में पदस्थ दिनेश गंगबेर वरिष्ठ पर्यवेक्षक* द्वारा एड्स व टीबी जो की विश्व में वैश्विक महामारी का रूप धारण कर चुकी है, इस सम्बन्ध में एवं टीबी के लक्षण फैलाव, उपचार, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के बारे में विस्तार सेछात्र /छात्रों को बताया गया, इसी कड़ी में बेरला से कौंसलर मति मौसमी टण्डन द्धद्ध1 एड्स उन्मुखीकरण कार्यशाला के बारे में आवश्यक जानकारी जैसे के लक्षण, पहचान, उपचार, सम्बन्धी जानकारी के युथ के रूप में विद्यार्थियों को जानकारी दिया गया, तथा इस अभियान में चलाये जा रहें आहना प्रोजेक्ट से , छाया नायक, जिसमे अनुपम ताम्रकार,के द्वारा एड्स के बारे में गर्भवती माताओं को द्धद्ध1 एड्स से बचाव उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

# सिवनी शराब भट्ठी के सेल्समैन ने चांपा थाना प्रभारी पर लगाया दोहरे हत्याकांड को कबूलने के लिए दबाव बनाने का आरोप

## एसपी को लिखित शिकायत सौंपकर की उचित कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com





ग्राम सिवनी (चांपा) स्थित शराब भट्ठी के एक सेल्समैन ने चांपा थाना प्रभारी पर शराब भट्ठी में हुए दोहरे हत्याकांड को कबूलने के लिए दवाब बनाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सेल्समैन ने इस संबंध में बुधवार की शाम जिले के पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की है। वहीं स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिलने की स्थिति में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से गुहार लगाने की बात भी कही है।ग्राम सिवनी (चांपा) स्थित शराब भट्ठी के सेल्समैन भरत बघेल ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह विगत तीन वर्षो से शराब भट्ठी में सेल्समैन का कार्य करते आ रहा है। बीते चार-पांच नवंबर की रात सिवनी भट्ठी में कार्य करने वाले दो चैकीदारों की हत्या हुई है। शराब भट्ठी के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की वीडियो भी सुरक्षित है। उक्त घटना के दो दिन बाद चांपा थाना प्रभारी द्वारा उससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई और फिर छोड़ दिया गया। इसके बाद 21 नवंबर 2023 को पुनः थाने बुलाया और वहां लेदर के पट्टे और डंडे से बेतहाशा मारपीट की और हत्या को कबूलने के लिए कहा। सेल्समैन भरत बघेल ने अपनी शिकायत में आगे कहा है कि उसके साथ सुबह दस बजे से रात दस बजे तक मारपीट की गई फिर रात 10.30 बजे छोड़ दिया, जिसके बाद 28 नवंबर 2023 को शाम छह बजे शराब भट्ठी आए दो पुलिसकर्मी ने कहा कि वे रात को आएंगे, अकेले रहना और फिर रात लगभग 8.30 बजे पांच-छह लोग शराब भट्ठी आए और अकेला पाकर गाली-गलौज कर उसे धमकाया। इसके बाद शराब भट्ठी के पीछे तरफ लेकर गए और अपने साथ में लाए काले कपड़ों को पहनने को कहा, तब उसने मना किया, जिस पर मारपीट करने लगे। डर के कारण मजबूर होकर उन कपड़ों को पहना, जिसका पुलिस वालों ने फोटो व वीडियो बनाया है। शिकायत पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस वालों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि हत्याकांड को कबूल कर लो, नही तो अंजाम बहुत बुरा होगा। इस हत्याकांड में दिख रहे कद-काठी व हुलिये जैसा पकड़ा उसे जबरदस्ती पहनाए हैं और इस दोहरे हत्याकांड को कबूलने के लिए उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं तथा उसकी जान को खतरा है। शिकायतकर्ता सेल्समैन भरत बघेल ने एसपी से निवेदन किया है कि उसकी शिकायत को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही कर उसे सुरक्षा प्रदान की जाए। इधर, मीडिया से चर्चा करते हुए शिकायतकर्ता सेल्समैन भरत बघेल एवं उसके परिजनों ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से जिले के पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर उचित कार्यवाही के साथ ही साथ सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग की गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिलने की स्थिति में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर उनसे न्याय की गुहार लगाई जाएगी।

# भीम युवा चेतना समिति मालखरौदा द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस धुमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ मालखरौदा
www.dailypioneer.com



नवीन जिला सक्ति के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक एवं गौरव ग्राम मालखरौदा में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय दिनांक 26 नवंबर से लेकर 27- 11 -2023 तक संविधान दिवस एवं गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें हमारे महापुरुषों के जीवन संघर्ष एवं विशाल कड़ी विचारधारा विस्तार से सुनने समझने एवं जानने का अवसर प्राप्त हुआ सर्वप्रथम 26 नवंबर को भीम युवा चेतना समिति द्वारा डॉक्टर अंबेडकर जी की शोभायात्रा डीजे बजा के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष जनप्रतिनिधि पंच सचिव, वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए एवं सभी युवा,जवान, बालिकाओं बच्चों,ने खुब नाचते झुमते हुए जनपद पंचायत के प्रांगण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण नागरिक सभी फूल माला अर्पित किया एवं दीपक प्रज्वलित किया, सतनाम समिति के गुर संरक्षक जोसफ भारद्वाज एवं गया राम द्वारा जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया, एवं साथ ही, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह अजगल्ले, पूर्व जनपद अध्यक्ष सावित्री रंजीत अजगल्ले , सामाजिक कार्यकर्ता लालू गबेल जी पंच श्याम लाल खुराना अयोध्या प्रसाद,घृतलहरे सभी अंबेडकर को नमन किया,एवं 26नवंबर को पूर्व विधायक लाल साय खुटे, जी आकर अच्छा संविधान के बारे में बतायें, बाबा साहब को नमन किया, एवं रविन्द्र रात्रे उपसरपंच ने बाबा साहब को नमन किया, शुभकामनाएं दिया कार्यक्रम के, प्रवक्ता गण रामेशवर खुटे, भूषण बंजारे, रामनरेश अजगलले, शिवेंद्र लहरे, रामकुमार टंडन,, विजय धीरहे, भारत कुर्रे,, कन्हैया भारद्वाज,, राजकुमार कांत, डाक्टर डी.आर जांगड़े, सुरेश अजगल्ले, डॉक्टर भरत लाल नवरंग, विरेन्द्र अजगल्ले,जी, डॉक्टर सुनील राय,डा. भुषण बघेल, क्रांति लहरें, डा.हेमत रात्रे, क्रांतिवर्धन सोनवाने, सुधीर बंजारे, अजय बंजारे, नवल किशोर, अजीत जाटवार, गोपाल लहरें, हीरालाल, ललित अगिनहोत्री, भरत कुर्रे,शत्रुघ्न, रात्रे, बिहारी लाल रात्रे, लाला बंजारे, अक्ती भारद्वाज, अरुण खुटे, रामनरेश अजगल्ले, अमरचंद पंकज, ठाकुर राम बंजारे, राजेश अजगल्ले, धनीराम सोनवाने, राजाराम टंडन, भोलाराम टंडन, महेंद्र पंकज, आदि सभी ने अच्छा उदबोधन दिए। एवं 27नवंबर को रात्रि कालीन रंगारंग कार्यक्रम हुआ जिसमें शिक्षित सम्मानित ईमानदार योग्य, मिलनसार देव भारद्वाज टिचर बहुत सुन्दर मंच संचालन किया।

# मानवाधिकार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ह्यूमन राइट अवार्ड से नवाजे गए डॉक्टर जतिंदर पाल सिंह

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com




प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दिल्ली में ओपीजे ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो का अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन हुआ जिन में देश-विदेश से आए अतिथि गण के साथ भारत के कई राज्यों से पदाधिकारी एवं सदस्य सम्मिलित हुए अधिवेशन में कार्यक्रम की भव्यता जिसमे नेपाल से आए बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी और भारत के कई राज्यों ने अपनी अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुति की। साथ ही छत्तीसगढ़ से लोक कलाकार सूरज श्रीवास एवं करियारे के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य एवं पदाधिकारी का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिन्दरपाल सिंह को मंच पर स्थान मिला और उन्होंने एनएच आरसीसीबी के बारे चर्चा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार का धन्यवाद किया उन्होंने जो सम्मान दिया साथ ही उन्होंने आभार प्रकट किया अपने छत्तीसगढ़ टीम का कि वह अपने टीम के कारण आज इस जगह पर है और सारा श्रेय छत्तीसगढ़ टीम को जाता है। डॉ. सिंह को मंच पर विशेष सम्मान दिया गया साथ ही उनके उत्कृष्ट कार्यो को देखते और मानव अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट गतिविधियों का प्रदर्शन की सराहना करते उन्हें एनएच आरसीसीबी लीडरशिप अवार्ड दिया गया। जिसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय टीम एवं अपने छत्तीसगढ़ टीम का धन्यवाद करते आभार प्रकट किया।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की मतगणना के तैयारियों की समीक्षा




पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतगणना के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना की तैयारियों एवं मतपत्रों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, एआरओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग एवं मीडिया सेंटर एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल, गैजेट, स्मार्ट वॉच इत्यादि प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा कॉन्फ्रेंस में मतगणना दिवस की कार्यवाही, पोस्टल बैलेट वेरिफिकेशन, काउंटिंग हाल में सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, ईव्हीएम में दर्ज किए गए मतों की गणना, ईटीपीव्हीएस की काउंटिंग, व्हीव्हीपैट पेपर स्लिप की गणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

# 3 किलो 248 ग्राम गांजा सहित दो कथित आरोपी गिरफ्तार-एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने सर्व थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। इसी तारतम्य में दर्री पुलिस को जरिये मुखबीर सूचना मिली की प्रगति नगर निवासी एक युवती अपने एक साथी के साथ अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा अपने घर में रखकर बिक्री करती हैं कि सूचना पर थाना दर्री प्रभारी निरीक्षक चमन सिंहा एवं सायवर सेल प्रभारी कोरबा सउनि अजय सोनवानी के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा मौके पर जाकर मुखबीर के बताये अनुसार प्रगति नगर दुर्गा मंदिर के पास घर को घेराबंदी कर छानबीन करने पर 03 किलो 248 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। दोनों के विरुद्ध धारा-20 बी एनडीपीएस एक्ट के कार्यवाही की गयी हैं। उनको विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# वूमेंस ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रायपुर बना विजेता, मेजबान कोरबा रहा उपविजेता




पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले में आयोजित दो दिवसीय वूमेंस ताइक्कांडो चैंपियनशिप में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने अपने हुनर से फाइटिंग रिंग से संदेश दिया कि महिलाएं भी किसी कम नहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनटीपीसी के प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि आत्मरक्षा की इस उत्कृष्ट विधा में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों की ट्रेनिंग को अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।

इस चैंपियनशिप में रायपुर टीम विजेता का खिताब जीतने कामयाब रही, जबकि मेजबान कोरबा उपविजेता रही। एचटीपीओ दर्री स्थित जूनियर क्लब में हुई प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 70 जूनियर और सीनियर वर्ग के महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डीपीएस एनटीपीसी स्कूल के प्राचार्य सतीश शर्मा रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत् उत्पादन कंपनी की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मंजुला साहू छत्तीसगढ़ ताईक्कांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी व जिला ताईक्कांडो संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान ताईक्कांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने मेजबान कोरबा सहित दुर्ग, भाटापारा, रायपुर, सरगुजा, पेंड्रा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, रायगढ़ और जशपुर जिले से महिला खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# डाक मतपत्र की गणना के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डाक मतपत्रों की गणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आर्ब्जवर को प्रशिक्षकों ने डाक मतपत्रों की मतगणना के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी, 80 आयु वर्ग से अधिक और दिव्यांगजनों के घर-घर से प्राप्त डाकमत पत्र, अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं के मतपत्र की गणना की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र वहीदुर्रहमान शाह सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ठेठ छत्तीसगढ़ी व्यंजन अंगाकर रोटी का लुफ्त उठाया मारवाड़ी युवा मंच सदस्यों ने

**सक्ति।** मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के व्यंजनों के मशहूर अंगाकर रोटी का आनंद लिया, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने स्थानीय नेशनल हाईवे शक्ति में स्थित अतिथि ढाबे में अंगाकर रोटी की डिनर पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ी व्यंजन अंगाकर रोटी, चिला चटनी, मुर्रा तथा चावल के खजले की पार्टी दी गई ,इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में यहां के व्यंजनों में प्रमुख रूप से अंगाकर रोटी अपना एक अलग स्थान रखती है, तथा मंच सदस्यों के आग्रह पर आज यहां पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ी व्यंजन की डिनर पार्टी रखी गई है।

# 14 सौ 28 किसानों ने बेचा धान पांच लाख मि.टन खरीदी का लक्ष्य

## जिले में अब तक मात्र 7 हजार क्विंटल की हुई धान खरीदी

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में अभी तक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष तेजी नही आई है। चूंकि चुनावी वर्ष में किसानों के कर्ज माफी तथा प्रति क्विंटल में इजाफा होनें के कारण अधिकतर किसान नई सरकार बनने का इंतजार कर रहे हैं। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक रायगढ़ जिले में अभी तक केवल 7 हजार क्विंटल से अधिक ही धान खरीदा गया है। इस संबंध में जिले के खादय अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में पांच लाख मिट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य है। जिसके तहत 7 हजार 835 मिट्रिक धान खरीदी किया जा चुका है। अभी तक 14 सौ 28 किसान धान का विक्रय कर चुके हैं। राइस मिलों की पंजीयन और अनुमति की कार्रवाई की जा चुकी है। जिले में 58 प्रतिशत धान का उठाव भी किया जा चुका है। अवैध धान की रोक के लिये कड़ी निगरानी की जा रही है। 10 अंतराष्ट्रीय चेक पोस्ट हैं और अभी तक दो मामले बने है और वाहन की जब्ती बनाई गई है। पिछले साल की तुलना में इस साल धान खरीदी के संबंध में खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदी किया जाना है। जिससे किसानों का सोचना है कि हमारी उपज का पूरा धान सरकार क्रय करेगी। इसलिये इस बार ज्यादा धान मंडियों में आने की संभावना है।

**प्रपत्र क – सार्वजनिक घोषणा**
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]
जीके कालोनाइजर्स ऐंड बिल्डर्स लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

| | संबंधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | जीके कालोनाइजर्स ऐंड बिल्डर्स लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 18 जनवरी, 2005 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | आरओसी छत्तीसगढ़ |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U04520CT2005PLC017255 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | दुकान नंबर 6 एवं 7, सेक्टर–1, स्ट्रीट–ए, जीके टाउनशिप, सिलतारा, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 29 नवम्बर, 2023 |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 27 मई, 2024 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | नाम – अरूण कुमार गुप्ता<br>रजिस्ट्रेशन नंबर – IBBI/IPA-001/IP-P00013/2016-17/10037<br>एएफए नंबर AA1/10037/02/200224/105495<br>एएफए की वैधता 20–02–2024 तक |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | पता : पी 15, बेन्टिंक स्ट्रीट, तृतीय तल, कोलकाता–700001<br>ई–मेल – guptaarunkumar2001@yahoo.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | पता : पी 15, बेन्टिंक स्ट्रीट, तृतीय तल, कोलकाता–700001<br>प्रोसेस ई–मेल आईडी :<br>geekaycolonizers.ibc@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 13 दिसम्बर, 2023 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | विवरण अभी तक उपलब्ध नहीं |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | एनए |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और<br>(ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है : | वेबलिंक :<br>https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, कटक पीठ कटक ने दिनांक 29 नवम्बर, 2023 को जीके कालोनाइजर्स ऐंड बिल्डर्स लिमिटेड की कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।
जीके कालोनाइजर्स ऐंड बिल्डर्स लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपना दावा मय प्रमाण 13 दिसम्बर, 2023 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर प्रविष्टि सं. 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
किसी श्रेणी के साथ संबंधित वित्तीय लेनदार, जैसाकि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, संबंधित श्रेणी के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए (कोई नहीं) प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि प्रपत्र सीए में निदर्शित करेगा – आईआरपी के पास आज की तिथि तक उपलब्ध विवरण के अनुसार लागू नहीं।
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।
अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का नाम और हस्ताक्षर : अरूण कुमार गुप्ता
तिथि एवं स्थान : 01–12–2023, कोलकाता

# जिले के कलेक्टर-एसपी ने कहा पूरी पारदर्शिता के साथ होगी सक्ति जिले की मतगणना

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं की मतगणना प्रक्रिया के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं को 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना प्रक्रिया सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतगणना प्रक्रिया कराये जाने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना कृषि उपज मंडी परिसर नंदेलीभांठा में बनाये जा रहे विधानसभावार कक्ष में की जाएगी। उन्होंने कहा कि 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने कहा कि नवगठित जिला सक्ती में पहली बार मतगणना की प्रक्रिया होगी। जिसके लिए मतगणना केन्द्र और स्ट्रांग रूम सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर सुरक्षा बल पुरी सक्रियता से तैनात है, बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के मतगणना के लिए अलग-अलग 14 टेबल इव्हीएम कांउटिंग, 2 टेबल डाक मतपत्र कांउटिंग तथा 1 टेबल ईटीपीबीएस स्कैनिंग के लिए लगाए जायेंगें। इस तरह प्रत्येक विधानसभा के लिए 17 टेबल लगाएं जाएंगे। अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक भी नियुक्त किये गये है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगाकलेक्टर ने मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम खोले जाने के समय व जिला कोषालय में उपस्थित रहने वाले राजनैतिक अभिकर्ताओं की जानकारी जल्द उपलब्ध कराये जाने कहा। जिससे आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को विधानसभा स्तर पर भी सभी संबंधित राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारीयां दिये जाने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी राजनैतिक दल के अभ्यर्थियों व गणना अभिकर्ताओं को स्ट्रांग रूम व मतगणना केन्द्र के लिए किये गये सुरक्षा व्यवस्था व अन्य प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। पूरे परिसर में सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनी भी तैनात है, जो लगातार सुरक्षा कार्य में लगी है। उन्होंने कहा कि नये जिले सक्ती में मतदान सहित अन्य सभी निर्वाचन संबंधी कार्य सुव्यवस्थित ढंग से हुए हैं और बेहतर समन्वय के साथ मतगणना संबंधी सभी प्रक्रियाओं को शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने की सभी तैयारियां की जा रही है, बैठक में बताया गया कि मतगणना के दिन सुबह 8 बजे से गोपनीयता बनाये रखने की शपथ के साथ प्रेक्षक एवं रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर मतगणना प्रारंभ की जाएगी। अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रियाओं एवं उन्हें सुव्यवस्थित मतगणना कार्य हेतु किए जाने वाले व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में अभ्यथियों या उनके गणना अभिकर्ताओं को मतगणना के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंचने कहा गया है। मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर मोबाइल, प्लास्टिक एवं पॉलिथिन पैकेट में खाद्य सामग्री एवं नशे से संबंधित कोई भी समान आदि पूर्णतः वर्जित होगा।

# विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में जिले के देशी दुकानों से हो रही तस्करी

## कोचिये 83 रुपये में पेटी-पेटी उठाते है प्लेन का पौव्वा







**सुपरवाईजर और सेल्समैन 80 की देशी प्लेन शराब को बेच रहे 83 से 90 में, मुनाफा 10 रुपये प्रति पौव्वा**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के सरकारी देशी शराब दुकान तस्करी का अड्डा बन चुके है। कोचिये देशी शराब दुकानों से मनमाने ढंग से पेटी-पेटी शराब उठाकर गावों की गली मोहल्लों में धड़ल्ले से बेच रहे है। और ये सब हो रहा है दुकान में मौजूद सेल्समैन और सुपरवाईजर के सानिध्य में। जो 80 रुपये के देशी प्लेन के पौव्वे को 83 रुपये से 90 रुपये तक में शराब कोचियों को बेच रहे है। यानी कि प्रति पौव्वा 10 रुपये के मुनाफे के साथ शराब की तस्करी करने में ये सुपरवाईजर और सेल्समैन कोचियों की भरपूर मदद कर रहे हैं। शराब कोचिये भी 83-90 रुपये में देशी प्लेन के पौव्वे को 110-120 रुपये में गांव के गली मोहल्लों में धड़ल्ले से बेचते हैं। और इन्हें रोकने वाला कोई नही। सरकारी शराब दुकान में बैठे सूत्रों की माने तो तस्करी से कमाया हुआ हिस्सा आबकारी के अधिकारी तक भी पहुचता है। यह पूरा खेल आबकारी अधिकारियो के संरक्षण में होता है। आबकारी विभाग के अधिकारी कभी कभार छोटे कोचियों पर कार्यवाही कर सुर्खियां जरूर बटोर लेते हैं, किंतु आज भी बड़े शराब कोचियों पर ये कार्यवाही नही करते।

### सुपरवाईजर और सेल्समैन हो रहे मालामाल

रोजाना जिले के देशी शराब दुकान में लाखों रुपये की शराब की बिक्री होती है। जिसमें कोचियों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। जो शराब दुकान से ही पेटी-पेटी शराब बोरियों में भरकर गांव में ले जाकर उसे बेधड़क बेचते है। कुछ कोचिये तो दुकान से पौव्वा अपनी जेबो में और कमीज के भीतर छिपाकर दुकान से दूर ले सुरक्षित जाकर फिर बोरी में भर देते हैं। जिले के देशी शराब दुकानों से रोजाना शराब कोचिये हजारों नग देशी पौव्वा 83 से 90 रुपये प्रति नग की दर से खरीद ले जाते हैं यानी कि 80 का पौव्वा 90 में। तो 10 रुपये प्रति नग के हिसाब से सुपरवाईजर और सेल्समैन अवैध रूप से कमाते है। इस तरह रोजाना 10 से 20 हजार रुपये इनकी जेबो में जा रहा है।

### 3 को शुष्क दिवस, निकाली जा रही शराब की खेप

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी कुलदीप शर्मा ने मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को बालोद जिला मुख्यालय की देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु दिए गए निर्देशों के तहत बालोद के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बालोद एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद को 3 दिसम्बर (सम्पूर्ण दिवस) को बंद रखने के निर्देश दिए है। इसका फायदा उठाते हुए शराब कोचिये अवैध रूप से शराब बेचने के लिए बालोद से लगे गांवों तक शराब की खेप पहुचा रहे है। बालोद शहर के कई वार्ड के भी शराब कोचिये बेहद सक्रियता के साथ अवैध रूप से शराब बेचते है। ग्राम देवारभाट, जमरूवा, जगतरा, धरमपूरा पडकीभाट, पाकुरभाट, करहीभदर, कन्नेवाड़ा, सांकरा, नर्रा तरफकी क्षेत्रो में कोचिये काफी सक्रिय है। और इस क्षेत्र के कोचिये बालोद के ही देशी दुकान से शराब के जाते हैं। जो की शुष्क दिवस दिन दुकान बंद रहेंगी।

### सुबह 10 के पहले और शाम 6 के बाद होती है तस्करी

शराब कोचिये देशी दुकानो से सुबह 10 बजे के पहले और शाम 6 बजे के बाद देशी प्लेन शराबो की तस्करी करते है। तो कभी भरी दोपहरी में लंच के समय। दुकान के आने के पहले दुकान में मौजूद सेल्समैन और सुपरवाईजर से कोचिये फोन पर बात कर कर लेते है। फिर पेटी से प्लास्टिक की खाली बोरियों में पौव्वे को भरने का सिलसिला शूरू होता है। शराब कोचिये फिर बड़ी आसानी से शराब पार कर जाते है।

18 दुकानो में मॉनिटरिंग की जा रही है। 110 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। सभी को निर्देशित कर के रखा गया है, की जो दुकानो में विक्रय की लिमिट है, उससे ज्यादा नही देना हैं। लगातार पेट्रोलिंग जारी हैं। शुष्क दिवस को बालोद शहर की दोनों दुकानें व वेयर हाउस बंद रहेंगे। शहरी क्षेत्रों में भी पेट्रोलिंग की जाएगी। अवैध शराब की बिक्री और कोचियों पर हमारी कार्यवाही जारी हैं।

**राजेश शर्मा,**
**जिला आबकारी अधिकारी, बालोद**

# महाराष्ट्र मंडल ने अंबेडकर हॉस्पिटल में बांटे कंबल

## हफ्ते भर से जारी है कंबल वितरण अभियान




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र मंडल दीपावली के बाद लगभग एक सप्ताह से रायपुर शहर में घूम-घूमकर कंबल वितरण कर रहा है। रात 10 बजे के बाद शुरू होने वाले अभियान को समाजसेवी निधि सिंघानिया की मदद से चलाया जा रहा है। वितरण में इस बात का ख्याल रखा जा रहा है कि बेहद जरूरतमंद व्यक्ति को ही कंबल मिले। मंगलवार को रात 10.30 बजे रिमझिम बारिश के बीच महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सहप्रभारी परितोष डोनगांवकर के साथ समाजसेवी उषा सिंघानिया ने डा. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के कैंसर भवन में 200 से अधिक कंबल वितरित किया। यहां पर कंबल वितरण के दो- तीन दौर और चलेंगे। इससे पहले सोमवार को दोपहर हिंद स्पोर्टिंग मैदान के पास लाखेनगर में भी बड़े पैमाने पर कंबल वितरित किए गए।

युवा समिति के प्रभारी विनोद राखुंडे, सह प्रभारी रीना बाबर, रितेश बाबर ने परितोष डोंनगांवकर के साथ रविवार को डा. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल और रेलवे स्टेशन चौक के साथ स्टेशन के भीतर भी जरूरतमंदों को कंबल बा। विनोद राखुंडे ने बताया कि लगभग एक सप्ताह तक चलने वाले कंबल वितरण अभियान के बाद गर्म कपड़े वितरित करने की दिशा पर भी काम किया जाएगा। समिति के सदस्य इसकी तैयारी में जुट गए है। युवा मंडल गत एक दशक से कपड़े और गर्म अभियान चला रहा है।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित है। आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार शास्त्री, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय, सचिव जसविंदर कौर अजमानी मलिक द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्षप्रणीश चौबे, पी गोवर्धन,नरेश तिवारी, गिरीश शर्मा, विनय किशोर सिंह, हेमंत वर्मा एवं अन्य साथी अधिवक्ता के साथ अधिवक्ता बार रूम में बैठक ली। उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफ्ल बनाने के लिए अधिवक्ताओं के साथ परिचर्चा की गई।

## डॉ. रामानंद सोनी का निधन



**रायपुर।** फिंगेश्वर निवासी डॉ. रामानंद सोनी (उम्र - 76) का आकस्मिक निधन 30/11/23 को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान से फिंगेश्वर मुक्तिधाम में 01/12/23 को सुबह 9 बजे किया जाएगा । वे आर्चीद सोनी के दादा थे ।

## अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए मिला ग्रीनटेक CSR इंडिया अवार्ड




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड नेचुरल रिसोर्सेज को वर्ष 2023 के ग्रीनटेक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े और आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। ग्रीनटेक फॉउंडेशन की और से अदाणी के प्रतिनिधियों को यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में हुए एक समारोह में प्रदान किए गए। अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ में सरगुजा एवं रायगढ़ जिलों सहित मध्यप्रदेश के सिंगरौली, ओडिशा के सम्बलपुर और सुंदरगढ़, महाराष्ट्र के नागपुर और झारखण्ड के हजारीबाग जिले में सामाजिक सरोकारों की विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही है। जिनमें अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से रेमेडियल कोचिंग क्लासेस, नवोदय कोचिंग क्लासेस, मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मुफ्त स्कूल बस की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा आदिवासी लड़कियों के लिए साइकल

# आपको भी आता है अनजान वीडियो कॉल तो हों जाइए सावधान?

## गंवा सकते हैं लाखों रुपए



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

अगर आपको किसी अनजान नंबर से वीडियो कॉल आता है तो सावधानी बरतने की काफी जरूरत है इसके चक्कर में आप फंसे तो अपनी इज्जत बचाने के लिए लाखों रुपये भी गंवाने पड़ सकते हैं। इस तरह के साइबर अपराधी सबसे अधिक उत्तर प्रदेश, राजस्थान के लोगों को अपने न्यूड कॉल स्कैम में फंसाते हैं। पहले साइबर अपराधियों की तरफ से केवल हैकिंग की जाती थी, लेकिन अब इसमें ब्लैकमेलिंग का अपराध भी बढ़ता जा रहा है साइबर ठग ब्लैकमेलिंग के जरिए न्यूड कॉल स्कैम पर उतर गए हैं।

### क्या है न्यूड कॉल स्कैम?

न्यूड कॉल स्कैम में अपराधी आपको वाट्सऐप और फेसबुक के जरिये एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल करेगा आप यह फोन उठाएंगे तो अपराधी आपकी फोटो या वीडियो कैप्चर कर लेगा और फिर उसे मॉर्फ कर देगा अपराधी आपकी तस्वीर को न्यूड फोटो या वीडियो में तब्दील कर देगा और उसे वायरल करने की धमकी देगा इन धमकियों के बीच वह आपसे भारी रकम की मांग करेगा कई लोग न्यूड फोटो या वीडियो देखकर काफी डर जाते हैं और बदनामी से बचने के लिए वह इसका शिकार हो जाते हैं साथ ही ब्लैकमेलर को उनकी मांग के मुताबिक पैसे देने को मजबूर हो जाते हैं अपनी इज्जत को बचाने के लिए लोग ठगों को पैसे दे देते हैं।

### कैसे फंसाते हैं जाल में?

आपको फेसबुक, वाट्सऐप या दूसरे सोशल मीडिया से मैसेज या कॉल आएगा आप उसे उठाते हैं तो कोई महिला आपसे बात करना शुरू कर देगी बात करते-करते आपकी दोस्ती हो जाएगी, जिसके बाद वह आपको वीडियो कॉल करेगी आप भी इस वीडियो कॉल में शामिल हो जाएंगे और इसी दौरान आपकी तस्वीर को कैप्चर कर लिया जाता है अगर आप इस वीडियो कॉल के सामने एक सेकेंड के लिए भी आते हैं तो सामने वाला व्यक्ति आपकी तस्वीर खींच लेगा।इसके बाद वह आपकी तस्वीर को मॉर्फ कर आपका एक वीडियो क्रिएट कर उसे आपको भेज कर ब्लैकमेल करने की कोशिश करेगा जानकारी के लिए बता दें कि ऐसे बहुत ही कम लोग हैं, जो पुलिस में केस दर्ज कराते हैं हाल में ऐसे बहुत मामले सामने आए हैं। आपके साथ भी ऐसा न हो, इसलिए अनजान वीडियो कॉल से सावधान और सुरक्षित रहें।

### कैसे बचे न्यूड कॉल स्कैम से?

आपको अगर न्यूड कॉल स्कैम से बचना है तो सबसे पहले सोशल साइट पर जितने भी अकाउंट है, उन अकाउंट में किसी भी अनजान शख्स को अपना दोस्त न बनाएं पहले आप फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे गए शख्स के बारे में अच्छे से पड़ताल कर लें अगर आप उसे नहीं जानते हैं तो आप उसे अपना दोस्त न बनाएं फिर भी अनजाने में आप उनको अपना दोस्त बना भी लेते हैं तो उसके द्वारा वीडियो कॉल को रिसीव न करें गलती से आप उनका वीडियो रिसीव भी कर लेते हैं तो अपना चेहरा कैमरे के सामने न लाए, इससे आप इस न्यूड कॉल स्कैम से बच सकते हैं।

### सावधानी ही साइबर अपराध से बचने का उपाय

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि सावधानी ही साइबर अपराध से बचने का उपाय है। सोशल मीडिया अच्छाई और बुराइयों का भंडार है। इस प्लेटफार्म को अच्छाई के लिए सीखना चाहिए और बुराई से बचना चाहिए। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को अपनी जानकारी न दें और निजी जानकारी भी शेयर करने से बचें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आपके नंबर पर अनजान कल से फोन आते हैं तो उसे रिसीव ना करें खास कर वीडियो कॉलिंग में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है तभी आप साइबर ठगी से अपना बचाव कर सकते हैं।

# कलिंगा विश्वविद्यालय एवं अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय ने शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग के लिए एक मजबूत ढांचा स्थापित करने के लिए मेसर्स अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन किया। एमओयू का उद्देश्य अनुसंधान और अतिथि व्याख्यान के लिए संकाय और छात्रों के लिए संभावनाओं का पता लगाना है जिससे दोनों संगठनों को पारस्परिक रूप से लाभ होगा। समझौता ज्ञापन पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंजिनियर पीके निमोणकर ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य विभिन्न पहलों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और संयुक्त प्रयासों के माध्यम से छात्रों के विकास और विकास को बढ़ाना है। इस ज्ञापन को करवाने डॉ. आशा अंभईकर, प्रोफेसर- कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी और डॉ. स्वप्निल जैन, सहायक प्राध्यापक मैकेनिकल विभाग का विशेष योगदान रहा। कलिंगा विश्वविद्यालय और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने, नवाचार को बढ़ावा देने और वित्त के क्षेत्र में प्रतिभा का पोषण करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड वित्तीय सेवा उद्योग में एक प्रमुख संगठन है, जो अपने ग्राहकों को व्यापक और नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है। उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, संगठन बाजार में अपनी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है।

# पुलिस अधीक्षक डा.सिंह ने रक्षित केंद्र का किया वार्षिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने रक्षित केंद्र का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों के परेड की सलामी ली और किट परेड तथा पुलिस के सभी वाहनों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अच्छे परेड एवं किट हेतु कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु इनाम भी दिए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान चक्काचाम,हड़ताल एवं आन्दोलनों के समय बहुउपयोगी बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इसके उपरान्त डा.सिंह रक्षित केन्द्र में दरबार का आयोजन कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस कर्मचारियों को चुनाव के दौरान लगन से ड्यूटी करने, चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने, थाना प्रभारी को अपने अधीनस्थ कमचारियों की समस्याओं की जानकारी लेकर यथासंभव उसका निराकरण करने, कर्मचारियों की योग्यता अनुसार उनसे कार्य लेने कहा। उन्होंने आईजी के निर्देशानुसार इलाके में नशीले इंजेक्शन की बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई को पर्याप्त नहीं होना बताते हुए कहा कि इस पर अधिक से अधिक कार्रवाई की जाए। अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों पर उन्होंने सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी। थाने में रिपोर्ट आने पर उसे सुनने, कार्रवाई करने, जिस मामले में अपराध नहीं बनता उस मामले के प्रार्थी को फैमाइश नालिस देकर उसकी प्रक्रिया बताने निर्देशित किया। इस अवसर पर चन्द्रेश सिंह ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आपरेशन रक्षित निरीक्षक के विमलेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने वॉटर, सेनिटेशन एवं हाइजीन लोन के लिए वॉटर डॉट ओआरजी के साथ किया समझौता




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने एक विश्वस्तरीय गैर-लाभ संगठन वॉटर डॉट ओआरजी के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी किफ़ायती फाइनैंसिंग यानि छोटे लोन्स के माध्यम से लोगों के लिए सुरक्षित जल एवं सेनिटेशन सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाएगी। दुनिया भर में भारत की आबादी सबसे ज़्यादा है और यह साझेदारी आम जनता के लिए सुरक्षित जल एवं सेनिटेशन समाधान उपलब्ध कराने के लिए किफ़ायती फ इनैंस सुविधाएं पेश करेगी। इस साझेदारी के तहत वॉटर डॉट ओआरजी, उज्जीवन एसएफबी को उन क्षेत्रों को पहचानने में मदद करेगी जिन्हें स्वच्छ जल एवं हाइजीनिक सेनिटेशन के लिए फाइनैंसिंग की ज़रूरत है। वॉटर डॉट ओआरजी तकनीकी सहायता, बाज़ार मूल्यांकन, जानकारी के विकास, शिक्षा एवं संचार सामग्री, निगरनी एवं मूल्यांकन में सहयोग प्रदान करेगी। वहीं उज्जीवन एसएफबी नए एवं मौजूदा उपभोक्ताओं को रु 6000 से लेकर रु 1,00,000 तक के लोन देगी ताकि वे जल एवं सेनिटेशन सुविधाओं का निर्माण और नवीनीकरण कर सकें। उज्जीवन एसएफबी ने पिछले साल रु 30 करोड़ के वॉटर एण्ड सेनिटेशन लोन वितरित किए थे, ताकि उपभोक्ता भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप ज़रूरी सेनिटेशन सुविधाओं का निर्माण कर सकें। इस साझेदारी के द्वारा उज्जीवन एसएफबी अगले 3 सालों में किफायती लोन देकर 65000 परिवारों के लिए सुरक्षित पेयजल एवं हाइजीनिक सेनिटेशन सुविधाओं को सुलभ बनाएगी।

## ड्यूरोप्लाई ने अपनी सफलता में अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की प्रमुख और सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में शुमार, ड्यूरोप्लाई ने दिवाली का जश्न मनाते हुए अपने मूल्यवान सहयोगियों और समर्पित कर्मचारियों के प्रति दिल से आभार जताया है और उनकी सराहना की हैं। ड्यूरोप्लाई ने एक ऐसे ब्रांड के रूप में पहचान बनाई है, जो लगातार बेहतरीन प्रॉडक्ट्स को लॉन्च करने का प्रयास करते हैं। कंपनी अपने डिस्ट्रिब्यूशन पार्टनर के नेटवर्क को काफी अहमियत देती है। इस फेस्टिव सीजन में ड्यूरोप्लाई ने इस अवसर का इस्तेमाल टीमवर्क और मिलजुलकर साथ काम करने के महत्व को उभारने के लिए किया है। ड्यूरोप्लाई के दिवाली मिलन समारोह को कंपनी के प्रतिबद्ध साझीदारों और समर्पित कर्मचारियों ने अपनी मौजूदगी से चार चाँद लगा दिए। इन साझीदारों और कर्मचारियों ने कंपनी के विकास के सफर में अमूल्य योगदान दिया है। ड्यूरोप्लाई के कार्यकारी निदेशक और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, अखिलेश चितलांगिया ने कहा, दिवाली केवल एक त्योहार नहीं है। यह उत्साहपूर्ण झलक दिखाने, पुरानी वस्तुएं और व्यवस्था को नए सिस्टम से बदलने और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताने का अवसर होता है। ड्यूरोप्लाई में हम एकता की ताकत में पूरा विश्वास रखते हैं और अपने साझीदारों और कर्मचारियों के अमूल्य योगदान का सम्मान करते हैं। वह हमारी उपलब्धियों के पीछे की प्रेरक शक्ति हैं। उनके अटूट समर्पण और कड़ी मेहनत का यशोगान किया जाना चाहिए। हम काफी भाग्यशाली है कि हमारे पास ऐसे समर्पित और कुशल साझीदार और कर्मचारी हैं, जिन्होंने हमारी कंपनी में समृद्धि लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दीवाली पर अपने घरों और दिलों को रौशन करते हुए हम अपने कुशल पार्टनर्स और कर्मचारियों के विश्वास, समर्पण और सहयोग के लिए आभारी हैं, जो हमारे इस सफर की बुनियाद है।

## एक्सॉनमोबिल ने पहली एफ4 चैंपियनशिप और इंडियन रेसिंग लीग सीजन 2 को पावर देकर भारत के मोटरस्पोर्ट्स सीन को ऊपर उठाया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




एक्सॉनमोबिल इस वर्ष इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पावर देकर भारत के तेजी से बढ़ते मोटरस्पोर्ट्स सेक्टर को ऊपर उठा रहा है, जिसमें देश में पहली बार एफ 4 इंडियन चैंपियनशिप और चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) और नए फॉर्मूला रेसिंग सर्किट (एफसीआर) में आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) का दूसरा सीजन शामिल है। यह वर्ष पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में शहर के केंद्र में द्वीप मैदानों के आसपास स्थित एफसीआर में रात की रेस का एक रोमांचक कैलेंडर शामिल है। यह रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) के साथ एक्सॉनमोबिल की लगातार दूसरे वर्ष की साझेदारी का हिस्सा है, जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की लोकप्रियता और पहुँच को बढ़ाने और इसे सभी रेसर्स के लिए अधिक किफायती बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। आईआरएल के साथ साझेदारी का जश्न एमआईसी, चेन्नई में आईआरएल प्री - सीजन टेस्ट में मनाया गया। इस कार्यक्रम में ड्राइवरों ने Mobil-TM उत्पादों का प्रदर्शन किया, इसके अलावा Mobil-TM ब्रांड को पूरे स्थल पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। उत्कृष्ट इंजन प्रदर्शन जो रेसिंग के लिए केंद्रीय है, उसके लिए असाधारण ट्रैक रिकॉर्ड वाला Mobil 1 रेसर्स को आत्मविश्वास दे रहा है। भारत की पहली फ्रैंचाइज़ी आधारित मोटरस्पोर्ट्स लीग, आईआरएल सीजन 2 शहर आधारित सात टीमों को एक साथ लाती है। प्रतिस्पर्धी मोटर खेल में विशिष्ट मानक लाते हुए भारत की एकमात्र चार पहिया रेसिंग लीग और दुनिया की पहली लिंग के प्रति तटस्थ रेसिंग चैंपियनशिप आईआरएल ने मोटर रेसिंग में पहले वर्ष से ही एक अनूठा स्थान बनाया है।

# दरिंदा गिरफ्तार : सुरेश जोशी के हत्यारे तक पहुंची पुलिस, गोंदिया से गिरफ्तारी की खबर

## कारोबारी को ब्लैकमेल करने उसके कर्मचारी की जहर देकर की थी हत्या

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सुरेश जोशी हत्याकांड के मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा की गिरफ्तारी की खबरें सामने आ रहीं हैं। पुलिस विभाग के सूत्र बता रहे हैं कि प्रकाश गोलछा को महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से गिरफ्तार किया गया है। वह हत्याकांड में शामिल दूसरे 4 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद से ही फरार था। पुलिस लगातार उसकी खोजबीन में कई जगहों पर छापेमारी कर रही थी। बुधवार को ही प्रकाश के दफ्तर में दस्तावेजों को खंगाला गया था और उसके बैंक खातों को भी सीज़ कर दिया गया था।

जानकारी के मुताबिक 24 नवंबर से ही सायबर सेल और पुलिस की विशेष टीम अलग -अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। आरोपी की तलाश के लिए 4 टीमों को लगाया गया था। इस बीच प्रकाश की पत्नी और बेटा भी फरार हो गए थे। छत्तीसगढ़ के अलग - अलग शहरों के अलावा भी पुलिस ने अन्य राज्यों में उसकी खोजबीन की थी।



गुरुवार देर शाम खबर आई है कि, पुलिस ने आरोपी प्रकाश गोलछा को गोंदिया में दबिश देकर पकड़ा है।

पुलिस उसे राजनांदगांव लेकर आ रही है। वह किन-किन जगहों पर छिपा रहा और किसने उसकी मदद इस मामले का खुलासा उसे यहां लाए जाने और पुलिसिया पूछताछ के बाद ही होगा। बहरहाल, प्रकाश की गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है।

### 22 नवंबर को मिली थी लाश

गौरतलब है कि 22 नवंबर 2023 की सुबह सुरेश जोशी की लाश पार्रीनाला में बरामद हुई थी। 24 नवंबर को पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया था। पुलिस ने जानकारी दी थी कि सुरेश जोशी को जहर देकर उसकी हत्या की गई। इस मामले का मास्टर माईंड प्रकाश गोलछा था। मौत के बाद उसने ही शव को पार्रीनाला में फेंका था और इसे आत्महत्या दर्शाने की कोशिश की थी।

### कारोबारी को फंसाने की थी हत्या

प्रकाश ने सुरेश की हत्या उसके मालिक और शहर के एक प्रतिष्ठित कारोबारी को फंसाने की नीयत से की थी। पुलिस के तह तक पहुंचने से पहले ही आरोपी प्रकाश फरार हो चुका था। इधर, सुरेश की हत्या का षड़यंत्र सामने आने के बाद से शहर के नागरिकों में जमकर आक्रोश है। वे आरोपी को दरिंदा बताते हुए उसे फांसी की सजा की मांग कर रहे हैं। 28 नवंबर को नागरिकों को गंज लाईन से मौन रैली निकालकर जयस्तंभ चौक में मृतक सुरेश को श्रद्धांजलि देते हुए हत्यारे के लिए फांसी की सजा की भी मांग की थी।

### सूदखोरी-जिस्मफरोशी का धंधा करने के मामले भी दर्ज

बहरहाल, हत्याकांड के मामले में पुलिस ने पहले ही 4 आरोपी बैलापसरा निवासी नितेश सेन (27), प्रेमेन्द्र निर्मलकर (37) निवासी जिला बालोद, दयाराम साहू (36) जिला एमएमसी, मनीष खुटेल (21) थानाक्षेत्र डोगरगांव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रकाश के खिलाफ पहले भी पुलिस थाने में संगीन मामले दर्ज हैं। उस पर अवैध उगाही, सूदखोरी, प्रताड़ना और जिस्मफरोशी का कारोबार चलाने के आरोप हैं।

# सड़क पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सड़क पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नो-पार्किंग जगह में खड़े बस, कार आदि वाहनों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। वहीं आमजन की आवागमन सुविधा के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा दल बल के साथ जिला मुख्यालय खैरागढ़ में सड़क पर उतर कर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया। खैरागढ़ के ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने बस स्टैंड, आम्बेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, दाउ चौरा, इतवारी बाजार आदि प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। आंबेडकर चौक के पास स्थित पंजाब बैंक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सामने ग्राहकों के बेतरतीब खड़े मोटर



साइकिल की पार्किंग व्यवस्था के लिए बैंक मैनेजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। दाउ चौरा चौक पर आम पब्लिक को आने-जाने में असुविधा होने को देखते नो-पार्किंग स्थान में बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए बसों और आटो चालकों पर कार्रवाई करने थाना प्रभारी खैरागढ़ को निर्देश दिया गया।

निरीक्षण दौरान मौके पर नो पार्किंग स्थान पर खड़ी बस, कार और ऑटो चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला मुख्यालय सहित जिला केसीजी के सभी थाना क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों में चौक चौराहे बाजार में आमजन की आने जाने एवं स्कूल एकॉलेज के बच्चों के आवागमन को ध्यान रखते सभी थाना प्रभारी को ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने एवं ट्रैफिक व्यवस्था हेतु आवश्यक उपाय करने निर्देश दिया गया साथ ही तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले एमोडिफाइड सायलेंसर, प्रेसर हॉर्न आदि वाहनों पर लगातार कड़ी कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिया गया। निरीक्षण दौरान एसडीओपी गंडई प्रशांत खाण्डेए डीएसपी प्रदीप येरेवार, प्रतिभा लहरे, रक्षित निरीक्षक के देव राजू, टीआई गंडई शिव शंकर गेंदले, टीआई छुईखदान जितेन्द्र बंजारे, टीआई ठेलकाडीह आलोक साहू, उप निरीक्षक सक्ती सिंह, मोरध्वज देशमुख आदि उपस्थित रहे।

# धान खरीदी बंद होने की कगार पर : मिलर्स ने परिवहन से हाथ खींचे, प्रबंधक आगे खरीदी को तैयार नहीं

- प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, परिवहन की स्थिति न सुधरने पर 4 दिसंबर से खरीदी बंद करने का अल्टीमेटम

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



धान खरीदी के एक माह पूरे होने के साथ ही उपार्जन केंद्रों में संग्रहण क्षमता से अधिक धान पहुंच चुका है। इसे लेकर समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। समितियां खरीदी से पीछे हटने की तैयारी में हैं। परिवहन न हो पाने की स्थिति में सूखत और धान के खराब होने पर होने वाले नुकसान की भरपाई अपनी जेब से किए जाने की आशंका के चलते वे खरीदी बंद करने की बात कह रहे हैं। प्रबंधकों ने प्रशासन को पत्र सौंपकर धान खरीदी बंद किए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि है कि अगर परिवहन में तेजी नहीं आती है तो 4 दिसंबर से खरीदी रोक दी जाएगी। प्रबंधक कह रहे हैं कि, मिलर्स ने धान का उठाव बंद कर दिया है। उनके परिवहन न करने से स्टॉक बढ़ता जा रहा है। कई केंद्रों में तो धान रखने की जगह नहीं है। बफर लिमिट के पार होने के बाद भी धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा है कि - परिवहन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। धान के पड़े रहने से होने वाले नुकसान की वसूली अंततः समिति प्रबंधकों से की जाती है। जबकि इसके लिए प्रबंधक किसी तौर पर जिम्मेदार नहीं हैं। बुधवार को समिति प्रबंधकों ने कलेक्टर के नाम पत्र सौंपकर अल्टीमेटम दिया है कि परिवहन शुरू नहीं किया गया तो 4 दिसंबर के बाद से खरीदी नहीं करेंगे। राजधानी स्तर की परेशानी बता रहे समिति प्रबंधकों की इस चेतावनी से हड़कंप मच गया है। प्रबंधकों ने बुधवार को मार्कफेड डीएमओ और जिला खाद्य अधिकारी से भी मुलाकात की। इन अफसरों ने राज्य स्तर पर परिवहन को लेकर दिक्कतें होने की बात बताई। बताया कि मिलर्स भुगतान को लेकर परेशानी बता रहे हैं। इसलिए उठाव में देरी हो रही है।

### मिलिंग की राशि नहीं मिली मिलर्स ने हाथ खींचे

इधर, राईस मिलर्स एसोसिएशन के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में करीबन सवा सौ राईस मिल है। इनको बीते दो साल से कस्टम मिलिंग की राशि का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया गया है। इसके साथ ही मिलरों को तीन साल से ट्रांसपोर्टिंग की राशि भी नहीं मिली है। ऐसे ही पोषण आहार तैयार करने के लिए किए खर्च का भी भुगतान नहीं हुआ है। बारदाना का भी पैसा नहीं मिला है। अविभाजित जिले में ही करीबन ढाई सौ करोड़ का भुगतान अटका हुआ है। जिसके कारण ही मिलर्स खरीदी केंद्रों से उठाव नहीं कर रहें है। बताया गया कि जल्द ही प्रदेशव्यापी रणनीति तैयार की जाएगी, जिसके अनुसार मिलर आगे काम करेंगे।

## रुद्र महायज्ञ व शिवमहापुराण कथा की तैयारी

**राजनांदगांव।** ग्राम गठुला-भेंड़ीकला के नजदीक ग्राम भाठागांव स्थित स्वयं भू लिंगेश्वर धाम में आगामी दिनों रुद्र महायज्ञ व श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में रुद्र महायज्ञ हेतु यज्ञशाला निर्माण व श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन स्थल का भूमिपूजन कार्यक्रम 1 दिसंबर को आयोजित है। इस दिव्य समारोह में प्रधानाचार्य पं. रामप्रसाद शास्त्री पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगतगुरु शंकराचार्य जी के कृपा पात्र शिष्य का पावन सानिध्य बना रहेगा। स्वयं-भू लिंगेश्वर धाम भाठागांव के वितरागी पुजारी विजेंद्र व आयोजन समिति के लोगो ने बताया कि इन महान विभूतियों के सान्निध्य में होने वाले उक्त रुद्र महायज्ञ व श्री शिवमहापुराण कथा में यजमान बनने आयोजन समिति से संपर्क किया जा सकता हैं।

# लगभग पूरे शहर में रहेगा पानी का शॉर्टेज, शाम को देर से खुलेंगे नल

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शुक्रवार की शाम देर से नल खुलेंगे। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के मुताबिक जल संयंत्र गृह मोहारा के 17 एवं 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में हुये इंटर कनेक्शन राईजिंग पाईप लाईन लिकेज हो गया है, जिसका मरम्मत कार्य एक दिसम्बर को किया जाएगा। इसके लिए 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट कुछ घंटो के लिये बंद किया जाएगा।



फिल्टर प्लांट से भरने वाली इंदिरा नगर (हास्पिटल परिसर) टंकी, सिंगदई मोहड़ टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टांकाघर नया आरसीसी टंकी, टांकाघर नया टंकी, टांकाघर टंकी, शंकरपुर नया टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी, तुलसीपुर टंकी, नवागांव टंकी, यातायात नगर टंकी, न्यू सिविल लाईन टंकी, आरके नगर टंकी में पानी देर से पहुंचेगा।

इसके चलते शहर में नल देर से खुलेंगे। उपरोक्त टंकियों से शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति होती है जो कि प्रभावित होगी।

# 14 टेबल लगाए गए, 17 राऊंड में होगी मतगणना अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ मोहला
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत मतों की गणना 3 दिसंबर को शासकीय नवीन श्याम लाल शाह महाविद्यालय में किया जायेंगा। मतों की गणना के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। रिटर्निंग ऑफिसर हेमेंद्र भुआर्य ने बताया कि मतों की गणना सर्वप्रथम डांक मतपत्र की मतदान की गणना से किया जायेंगा। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतों की गणना का कार्य संपन्न कराया जायेंगा। बताया गया कि गणना अभिकर्ता अपने निर्धारित टेबल पर ही बैठकर गणना की प्रक्रिया को देख सकेंगे। वह किसी अन्य टेबल और अन्यत्र स्थान पर भ्रमण नहीं कर सकेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शीता पूर्वक किया जायेंगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। गणना कक्ष में कोई भी अभ्यर्थी या गणना अभिकर्ता मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। कंट्रोल यूनिट से 8:30 बजे से मतों की गणना किया जायेंगा। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतों की गणना के लिए 14 टेबल लगायें गयें हैं। 17 राउंड में मतों की गणना की जायेंगी। प्रशिक्षण प्रभारी धर्मेन्द्र सारस्वत एवं अहमद कुरैशी ने अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण देते हुए गणना से संबंधित सभी बारीकियां की जानकारी दी। डाकमत पत्र एवं कंट्रोल यूनिट से गणना के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी गई।

रिटर्निंग ऑफिसर हेमेंद्र भूआर्य ने अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं से कहा कि निर्वाचन का यह अंतिम चरण है, सभी से सहभागिता की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा की गणना के दौरान पारदर्शिता का पूरा ख्याल रखा जायेंगा। उन्होंने कहा कि गणना के दौरान गोपनीयता बनायें रखेंगे।

## मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी : खूबचंद पारख

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा डोंगरगढ़ के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने आज पांचो राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात अपने दावे में विश्वासपूर्वक कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार स्पष्ट बहुमत से बनने जा रही है। पारख ने कहा कि 5 वर्षों में भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार एवं वादाखिलाफी के कारण सरकार की नीतियों से परेशान जनता ने भूपेश सरकार की घोषणा पत्र पर कतई विश्वास नहीं किया है। क्योंकि पिछली बार भी 36 वायदों साथ भरोसे सरकार बनाई गई थी, वह सरकार ने पूरे नहीं किए। साथ ही इस बार भाजपा ने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी योजना लाकर लोगों का दिल जीत लिया जिसके कारण यहां के सभी वर्गों ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है। इसलिए छत्तीसगढ़ में स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।



# महाराष्ट्र ने लगातार 7वीं बार विजेता, कर्नाटक को दी तगड़ी शिकस्त, सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र पुरुष व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने कर्नाटक की टीम को 41-32 अंको से परास्त कर लगातार सातवीं बार स्वर्ण पदक जीता। उक्त आशय की जानकारी छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी और नेशनल प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनील गोलछा ने बताया कि जब से यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है तब से महाराष्ट्र पुरुष टीम विजेता है। पंजाब ने तमिलनाडु को 36-14 अंको से परास्त कर कांस्य पदक जीता। सुनील गोलछा ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के समापन समारोह युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, पत्रकार परमानंद रजक, अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक एवं बास्केटबॉल के हाई परफार्मेंस डायरेक्टर कालवा राजेश्वर राव, अंतराष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल कोच जशपाल धानी, के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रेफरी, कोच




व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, टेक्नीकल कमिश्नर अब्राहम पोलो, अंतराष्ट्रीय रेफरी राजन, अमितकुमार, मेधना मुणोत सहित व्हीलचेयर बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, पत्रकार गण व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर व्हीलचेयर बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता एवं तिसरे स्थान पर रही टीम के खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक, व्यक्तिगत पुरस्कार, एवं ट्राफी प्रदान की गई। इसके अलावा इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों को एवं अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।

## 3 दिसंबर को होनी है मतगणना, रुझान कांग्रेस की सरकार दोहरा रहे

# एक्जिट पोल में कांटे की टक्कर : भाजपा, कांग्रेस ने किए अपनी-अपनी जीत के दावे

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गुरुवार की शाम 5 बजे के बाद एक्जिट पोल पर प्रतिबंध हटते ही कई पेशेवर सर्वे एजेंसियों और मीडिया संस्थानों ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के एक्जिट पोल सामने रखे हैं। इन सर्वे में मुख्य दलों भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। हालांकि अधिकतर पोल्स में दावा किया जा रहा है कि कम सीटों के साथ ही लेकिन एक बार फिर कांग्रेस सत्ता में लौट सकती है। कुछ एक्जिट पोल के आंकड़े भाजपा के पक्ष में भी जाते दिख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए मतदान का आंकलन लंबे समय से जारी है। इस बार मतदाताओं की चुप्पी, महिला मतदाताओं के अधिक मतदान तो दूसरी ओर मतदान के प्रतिशत में कमी जैसी कई परिस्थितियों ने चुनाव को रोचक बना दिया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में भी हार-जीत का आंकड़ा 3-3 या 4-2 की स्थिति में आंका जा रहा है। भाजपा को इसमें फायदा मिलने के आसार हैं।





वैसे भी मौजूदा स्थिति में इन 6 सीटों में सिर्फएक भाजपा के पास है। सीटों की बढ़त से भाजपा को फायदा ही मिलेगा। दूसरी ओर कांग्रेस के लिए इस बार स्थिति पिछले बार की तरह नहीं है। अविभाजित राजनांदगांव की लगभग सभी सीटों पर कांग्रेस को कड़ी टक्कर मिली है। कुछ प्रत्याशी भी बदले गए हैं और नए चेहरों पर दांव लगा है। इन सभी मसलों पर राजनीतिक विश्लेषक अपनी राय बना रहे हैं।

### भाजपा-स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनेगी

एक्जिट पोल के आंकड़ों पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कहा कि - एक्जिट पोल के आंकड़े ही सहीं बैठें ये जरुरी नहीं है। जहां दावा किया जा रहा था कि कांग्रेस की सरकार दोबारा बनेंगी वहां कांटे की टक्कर से ये तय है कि जीत भाजपा की ही झोली में गिरेगी। भाजपा बहुमत लेकर आएगी और भाजपा की ही सरकार बनेगी।

रुझानों को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि - छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। पैसे से साधन खरीदे जा सकते हैं, समान खरीदा जा सकता लेकिन जनमत नहीं खरीदा जा सकता। कांग्रेस को नतीजों में सबक मिलेगा।

डोंगरगांव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भरत वर्मा ने रुझानों पर कहा कि - भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। 50 से अधिक सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। पिछले पांच सालों में लोगों ने कांग्रेस और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार का कुशासन देखा है। नागरिकों ने भाजपा को चुना है।

### कांग्रेस -फिर बनेगी भरोसे की सरकार

भागवत साहू ने एक्जिट पोल पर कहा कि - कांग्रेस की सरकार बन रही है। प्रदेश में 60 सीटों पर जीतकर एक बार फिर जनहितैषी सरकार गढ़ी जाएगी। राजनांदगांव जिले की सभी सीटों पर हम मजबूत हैं। 3 तारीख को नतीजे आने पर सब स्पष्ट हो जाएगा।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे ने प्रति या देते हुए कहा कि - एक्जिट पोल के आंकड़े कांग्रेस सरकार के पक्ष में है। जनता ने जो भरोसा कांग्रेस सरकार पर किया है उस भरोसे की जीत का ये रुझान है। एक बार फिर भरोसे की सरकार स्थापित होगी। यह एक्जिट पोल प्रदेश के सर्वांगीण विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के रुझान हैं।

एक्जिट पोल के रुझानों पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि - नतीजों के जो आंकलन दर्शाएं जा रहे हैं कांग्रेस उससे ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेगी। 60 से ज्यादा सीटों पर जीत के साथ एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। पिछले 5 सालों के काम और कांग्रेस के भरोसे पर लोगों ने मुहर लगाई है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से उठाईगिरी करने वालीं एमपी के कुख्यात राजगढ़ गिरोह की तीन शातिर महिलाएं गिरफ्तार

## त्यौहारी सीजन में चैन स्नैचिंग, पर्स एवं रकम चोरी करने जैसे वारदातों में शामिल

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दीवाली के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसा निकालकर अपने थैले में डालकर घर जा रही ग्रामीण महिला के थैले को ब्लैड मारकर काटने और उससे पैसे को गिराकर उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर महिलाओं को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार महिलाएं मध्यप्रदेश के कुख्यात राजगढ़ गिरोह की सदस्य हैं। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उठाई गिरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों अनुराधा सिसोदिया निवासी कड़िया थाना बोडा जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) जोशनी सिसोदिया निवासी गुलखेड़ी थाना बोडा जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) एवं रूबी सिसोदिया ग्राम कड़िया थाना बोडा जिला राजगढ़ को सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

### त्यौहार में करतीं हैं वारदात

उपरोक्त महिलाएं राजगढ़ गिरोह के सदस्य हैं इनका प्रमुख कार्य त्यौहारिक सीजन में भीड़ भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं का चैन स्नैचिंग करना, पर्स से पैसे चोरी करना और बैंक के आस-पास भीड़-भाड़ वाले जगह पर थैले को ब्लेड मारकर पैसे चुराना इनका प्रमुख कार्य है। कुछ दिनों पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में एक व्यक्ति के थैला काटकर 5000 रू. निकालने की शिकायत थाना जशपुर में प्राप्त हुई थी जिसके बाद से ही बैंक एवं सराफा दुकानों के आसपास लगातार सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मी एवं पुरुष कर्मचारी लगाकर लगातार निगाह रखी जा रही थी उसी दौरान गुरूवार को संदेह परिस्थितियों में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने उक्त महिलायें मिली, जिन्हें महिला कर्मचारियों द्वारा पकड़ कर पूछताछ के लिए थाना लाया गया एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

उक्त आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, स.उ.नि. मनोज सिंह, प्र.आर. 274 त्रिनाथ यादव, म.प्र.आर. 361 गायत्री गुप्ता आर. 596 शोभनाथ सिंह, आर. 378 विनोद तिर्की, आर. 350 हेमंत कुजूर, म.आर. सुषमा बाई, म.आर. कौशल्या, म.आर. 95 पूनम तिर्की, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# देवांगन समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**मुंगेली।** दीपावली महापर्व समापन भले ही हो चुका है, लेकिन विभिन्न समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का सिलसिला अभी भी लगातार जारी है।

इसी तारतम्य में देवांगन समाज मुंगेली द्वारा दीपावली मिलन समारोह का 26 नवम्बर को पटवा पारा स्थित देवांगन भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता परमेश्वरी की स्थापित प्रतिमा को पूजा अर्चना कर समाज के लोगो द्वारा समाज की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान समाज के लोग एक दूसरे को मुंह मीठा व गले लगाकर बधाई दिया और शिक्षा, व्यापार और समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक दूसरे से आपसी भाई- चारे के साथ रहने की बात कही।

इस अवसर पर देवांगन समाज के अध्यक्ष आनंद देवांगन (अधिवक्ता) ने कहा कि दीपावली मिलन समारोह से समाज में भाईचारा और आपसी प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने की भी बात कही।

# कटघोरा तहसील के भूमि से निकले बेशकीमती खजाने वाले लिथियम ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया हुई शुरू

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिलान्तर्गत गत दिवस कटघोरा तहसील में खनन उत्पादन के दौरान बेशकीमती खनन पदार्थ लिथियम के भारी मात्रा में होने की जानकारी मिली थी। खान मंत्रालय ने 29 नवंबर से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की पहली किश्त की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी हैं। इसके तहत देशभर में स्थित 20 मिनरल्य ब्लॉक्स के लिए बोली लगाई जाएगी। इसमें छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा-घुचापुर में स्थित लिथियम ब्लॉक भी सम्मिलित हैं।सर्वे के अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स (लिथियम) की उपलब्धता है। बताया जा रहा हैं की कटघोरा-घुचापुर में 256.12 हेक्टेयर में लिथियम ब्लॉक फैला हुआ हैं। इसमें 84.86 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड हैं। यहां लिथियम एंड री ब्लॉक का जी-4 सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका हैं। सर्वे के अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता है। महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी



प्रक्रिया 29 नवंबर से प्रारंभ की गई है। निविदा दस्तावेजों की बिक्री का कार्य 16 जनवरी, 2024 तक चलेगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित की गई हैं। नीलामी से जुटाया गया राजस्व राज्य सरकार को भी मिलेगा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लिथियम की उपलब्धता को लेकर सर्वे किया गया था। 100 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र से 138 नमूने एकत्र किए गए थे। इन नमूनों की जांच के बाद पता चला कि यहां रेअर अर्थ एलिमेंट्स के साथ ही इससे संबंधित तत्वों की पर्याप्त मात्रा में मौजूदगी है। यहां बताना होगा कि भारत अब लिथियम को लेकर चीन से अपनी निर्भरता पूरी तरह से खत्म करने के प्रयास में हैं।

**क्या है लिथियम**-लिथियम एक रासायनिक पदार्थ है, जिसे सबसे हल्की धातुओं की श्रेणी में रखा जाता है। यहां तक कि धातु होने के बाद भी ये चाकू या किसी नुकीली चीज से आसानी से काटा जा सकता है। इस पदार्थ से बनी बैटरी काफी हल्की होने के साथ-साथ आसानी से रिचार्ज हो जाती है।

लिथियम का इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरियों में होता है और इस क्षेत्र में चीन का भारी दबदबा है। REE के विशिष्ट गुणों के कारण इसका इस्तेमाल स्मार्ट फोन, एचडी डिस्प्ले, इलेक्ट्रिक कार, वायुयान के महत्त्वपूर्ण उपकरण, परमाणु हथियार और अंतरिक्ष कार्यक्रमों के साथ कई अन्य महत्त्वपूर्ण तकनीकी विकास में होता है।

**आसान होगा स्वदेशी बैटरी निर्माण**-लिथियम के स्रोत पर अधिकार होने के बाद भारत के लिए अपने देश के अंदर ही बड़े स्तर पर बैटरी निर्माण करना आसान हो जाएगा। नीति आयोग इसके लिए एक बैट्री मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम भी तैयार कर रही है जिसमें भारत में बैटरी की गीगाफैक्ट्री लगाने वालों को छूट भी दी जाएगी।

# 21 नवम्बर से 04 दिसंबर 2023 तक पुरुष नसंबदी पखवाड़ा का आयोजन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्पुरुष नसबंदी एवं सेक्सुअल हेल्थश् विषय पर परिचर्चा का आयोजन शाम 04 से 06 बजे जिला मुंगेली में पुरुष नसबंदी को बढ़ावा दिए जाने दिनांक 21 नवम्बर से 04 दिसंबर 2023 तक पुरुष नसंबदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष नसबंदी पखवाड़ा स्वस्थ्य माँ, स्वस्थ्य बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छाश् के थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु जिला मुंगेली के कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अमले और स्वयं सेवी संगठनों को पुरुष नसबंदी को बढ़ावा दिए जाने हेतु अधिक जन-जागरुकता फैलाने के लिए ज्यादा प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर



कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए हैं। पुरुष नसबंदी का यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में दम्पत्ति संपर्क पखवाडा अंतर्गत पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर जिले में दम्पतियों को जागरुक कर नसबंदी के फायदे बताएँगे। इस दौरान पुरुष नसबंदी पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और साथ ही सास-बहु सम्मलेन भी आयोजित किये जा रहे है। द्वितीय चरण में जिले के स्वास्थ्य केन्द्रो में पुरुष नसबंदी ऑपरेशन एवं पुरुष नसबंदी के लाभ से संबंधित बैनर-पोस्टर को प्रदर्शित किया जाना है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 28.11.2023 दिन मंगलवार शाम 04 से 06 बजे तक जिला चिकित्सालय-मुंगेली के सभाकक्ष में मुख्य प्रवक्ता डॉ. विनय गुप्ता एन्ड्रोलाजिस्ट, सेक्स सलाहकार, अध्यक्ष बी. आर. साव. धर्मारा ट्रस्ट मुंगेली पुरूष नसबंदी एवं सेक्स पर अपना विचार प्रसतुत किया। यह एक समान्य सुराक्षित पुरूष नसबंदी की प्रकिया है जिसके बिना चाकू के इस्तामाल किये ऑपरेशन कियाच जाता है। इसमे व्यक्ति के कोई शारिरिक कमजोरी नही होती, और यौनकिया पूर्व से बेहतर होती है। लिंग संबध में भी इस शल्यकिया का कोई प्रभाव नही होता महिला नसबंदी के तुलना में यह प्रकिया आसान बेहतर सुराक्षित कम समय लेती है।

# हाथी-मानवद्वन्द रोकने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं : सौरभ कुमार

## कलेक्टर ने वन सहित विद्युत और क्रेडा विभाग की ली बैठक

- अवैध हुकिंग पर दिए कार्यवाही के निर्देश

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सौरभ कुमार ने वन विभाग सहित विद्युत और क्रेडा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी और मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर भगाने में लगी टीम को अलर्ट रहने और वन्य प्राणियों को नुकसान पहुँचाने वाले विद्युत तारों को दुरुस्त करते हुए निर्धारित ऊँचाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए।




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हाथी मानवद्वन्द कम करने हेतु गठित समिति की बैठक लेते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले में अवैध हुकिंग पर कार्यवाही के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। उन्होंने वन क्षेत्रों में खुले हुए विद्युत तारो को कवर करने के निर्देश दिए। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों के नुकसान पर मुआवजे का वितरण समय पर कराने, जनहानि की घटनाओं पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्दी तैयार कर प्रस्तुत करने, धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी और उठाव कर परिवहन कराने, जंगली जानवरों के शिकार के लिए जंगल में जाने वाले शिकारियों पर कार्यवाही करने, अनावश्यक जंगलों में नहीं जाने के लिए लोगों को जागरूक करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में हाथियों को आकर्षित करने वाले फसलों के स्थान पर अन्य फसल के लिए प्रोत्साहित करने के सम्बंध में भी चर्चा हुई।

# मतगणना पश्चात् सीलिंग कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण




पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना स्थल शासकीय मॉडल स्कूल डोड़काचौरा जशपुर में मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मतगणना के पश्चात् सीलिंग कार्य हेतु नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया ने मतगणना के पश्चात् सीलिंग के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस कार्य के लिए प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स के द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों के मतगणना के पश्चात् सीलिंग के प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आरओ एवं एआरओ सहित सीलिंग कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 12 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मुंगेली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 12 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना मुंगेली द्वारा उपलेटा राईस मिल के पास दाउपारा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी सुमीत वर्मा के कब्जे से 2.1 लीटर अवैध देशी शराब, पुलपारा के पास दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी गोपी पाठक के कब्जे से 2.3 लीटर अवैध देशी शराब, एवं आरोपी दीपक मानिकपुरी के कब्जे से 2.3 लीटर अवैध देशी शराब, ग्राम रीवापार में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी कौशल आनंद के कब्जे से 2.7 लीटर अवैध देशी शराब, पड़ाव चैक में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी विजय कुमार सारथी के कब्जे से 2.5 लीटर अवैध देशी शराब एवं आरोपी अभिषेक टोंड्रे के कब्जे से 2.1 लीटर अवैध देशी शराब, बुधवारी बाजार में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी



अरूण राजपूत के कब्जे से 2.3 लीटर अवैध देशी शराब एवं आरोपी पुष्पराज सप्रे के कब्जे से 2.1 लीटर अवैध शराब, थाना लोरमी द्वारा तहसील तिराहा लोरमी में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी रामचरण यादव के कब्जे से 2.7 लीटर अवैध देशी शराब, ग्राम तुलसाघाट में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी भागीरथी खरे के कब्जे से 2.7 लीटर अवैध देशी शराब, थाना जरहागांव द्वारा ग्राम दाउकापा में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी मुकेश बांधले के कब्जे से 3.5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं चैकी खुड़िया द्वारा ग्राम झिरिया में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी घनश्याम ध्रुव के कब्जे से 03 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# डाक मत पत्रों एवं ईवीएम से मतों की गणना की बारीकियों का विस्तार से दी गई जानकारी

- मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक का प्रशिक्षण हुआ आयोजित, मतगणना केंद्र में मोबाइल पूर्णतः रहेगा प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु मतगणना के तैयारी एवं मतगणना की प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु मतगणना कर्मियों, पोस्टल बैलेट पर्यवेक्षक, गणना सहायकों का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया, प्रोफेसर टी आर पाटले, प्रोफेसर एस के मारकंडे द्वारा बताया गया कि निर्वाचन की प्रक्रिया में मतगणना का कार्य बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है। मतगणना का पूरा कार्य रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन एवं निगरानी में होता है। डाक मत पत्रों एवं ईवीएम से मतों की गणना कैसे की जाती है के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। रिटर्निंग ऑफिसर प्रशांत कुशवाहा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला जशपुर के तीनों विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव का मतगणना शासकीय मॉडल स्कूल जशपुर में 03 दिसंबर को की जाएगी। मतगणना केंद्र पर नियुक्त सभी गणना कर्मचारी, अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणन अभिकर्ता को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना निषेध है। मतगणना स्थल में प्रवेश के पूर्व सभी व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जाएगी। मतगणना केंद्र में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना का कार्य एक बड़े मतगणना हॉल में संपन्न होगा जिसमें मशीनों से मतों की गणना हेतु कुल 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक गणना टेबल पर गणना का कार्य मतगणना दल द्वारा किया जाएगा। जिसमें एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक और एक माइक्रो आब्जर्वर (निगरानी हेतु) रहेंगे।

# युवती की हत्या कर जंगल में लाश दफनाने के आरोप में पांच कथित आरोपी गिरफ्तार, युवती का शव किया गया बरामद

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में लापता हुई संतोषी विश्वकर्मा की 15 लाख फिरौती मांगने के मामले में पुलिस की पतासाजी में एक बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा हैं की उसका अपहरण कर बलात्कार के बाद हत्या उपरांत शव को दफना दिया गया था। उस मामले में पुलिस ने 5 कथित आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। उक्त मामले का खुलासा करते हुए कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि बांगो थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रार्थी कृष्णा विश्वकर्मा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 सितम्बर के प्रातः लगभग 08:00 बजे उसकी लडकी जिसका नाम संतोषी विश्वकर्मा हैं, सिलाई मशीन का काम सीखने कोरबा जा रही हूं कहकर घर से गई हैं, जो 30 सितंबर तक वापस घर नहीं आने पर प्रार्थी द्वारा थाना बांगो में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना बांगो में गुम इंसान क्रमांक 32/2023 कायम कर जांच



पतासाजी किया जा रहा था। विवेचना के दौरान अपहृता संतोषी विश्वकर्मा के मोबाईल नंबर से घर की मोबाईल नंबर पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन कर बोला गया कि आपकी लड़की को मैं किडनैप कर लिया हूं, मुझे 15,00,000 (पन्द्रह लाख) रूपये बताये हुये जगह पर लाकर दो तब मैं आपकी लड़की को छोड़ दूंगा। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लड़की को किडनैप कर फिरौती रकम मांगने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर अपराध धारा 364 (क), 365 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित कर अलग-अलग जगह ग्राम पाली, पोडी, रतनपुर, सकरी बिलासपुर में दबिश दी गयी जो उनके द्वारा लगातार जगह बदल कर गिरफ्तारी के डर से लुकछिप रहे थे। उसके पश्चात आरोपियों के द्वारा 28 नवम्बर को न्यायालय कटघोरा में अपने आपको आत्मसमर्पण किया जा रहा था। जहां पुलिस रिमांड प्राप्त कर उनसे हिकमतअली से पूछताछ करने पर अपहृता को एक कथित आरोपी के द्वारा गला घोट मारकर थाना पाली के केराझरिया जंगल में रखकर अपने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर जमीन में दफना देना जुर्म स्वीकार किया।

## बांस का काम करके परिवार का करता था पालन पोषण, बगीचा के घुघरी की घटना

# 3 समूह से 1 लाख रुपए लोन लेकर कर्ज वसूली से तंग, दो बच्चों के पिता ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

इन दिनों बिना किसी सुरक्षा गारंटी के घर-घर जाकर लोगों को लोन देने का कारोबार चल रहा है। इसका कई पुरूष और महिलाएं सभी लाभ ले रहीं हैं। लेकिन कर्ज की वसूली से परेशान कई लोन लेने वाले गलत कदम उठा रहे हैं। ऐसी ही एक घटना जशपुर जिला के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम घुघरी में घटी है। कर्ज से परेशान एक 30 वर्षीय एक विवाहित व्यक्ति ने आत्म हत्या कर ली है। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टिया जहर सेहन की वजह से आत्महत्या का मामला लग रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार शाम छः बजे की है।जब मृतक अमीर राम पिता





फूलचंद अपने घर में था। अचानक उसे उल्टियां शुरु हो गईं और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। मृतक के पिता फूलचंद ने सबसे पहले इसे देखा और एम्बुलेंस को फोन करके मदद की गुहार लगाई। एम्बुलेंस आते ही युवक को गंभीर हालत में बगीचा अस्पताल लाया गया।रास्ते में एम्बुलेंस पंचर होने के कारण मृतक रात्रिं 9 बजे के आसपास बगीचा अस्पताल पंहुचा जहां लगभग एक घंटे के ईलाज के बाद युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता फूलचंद ने बताया कि उसके बेटे पर लगभग एक लाख पांच हजार का कर्ज था जिसको लेकर वह काफी परेशान था।उन्होंने बताया कि अलग अलग समूहों से बीस हजार,पैंतीस हजार व पचपन हजार के कर्ज तले वह दबा हुआ था। जिसकी वसूली के लिए समूह के लोग उसे रोजाना परेशान कर रहे थे। पिछले दो दिन पहले भी समूह के द्वारा कर्ज की वसूली के लिए उसपर दबाव बनाया गया था।तब से वह मानसिक रुप से प्रताड़ित हो रहा था। मृतक अमीर राम के पिता ने बताया कि अमीर शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं और बांस का काम करके अपना जीवन यापन करते हैं।कई बार कर्ज चुकाने के लिए उन्होंने भी अमीर की मदद की है। इस बार कर्ज की राशि अधिक होने के कारण वे उसकी मदद नहीं कर पाए। बगीचा पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी हुई है। डॉ नीरज गुप्ता व डॉ अमोल सिंह के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। डॉ नीरज ने बताया कि पीएम के दौरान प्रथम दृष्टया शरीर में जहर के अंश पाए गए हैं। बिसरा जांच के बाद विस्तृत जांच रिपोर्ट पुलिस को सौंपने की बात उन्होंने कही है।

> मामले की जांच की जा रही है फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। कर्ज को लेकर जांच की जा रही है।
>
> **एसके सोनवानी, टीआई बगीचा थाना**

# हत्या के आरोपियों को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुरानी रंजिश को लेकर हुयी हत्या के आरोपियों को थाना सिटी कोतवाली, मुंगेली पुलिस ने किया गिरफ्तार। हीरालाल निषाद पिता स्व. निहाली निषाद उम्र 40 वर्ष, देवचरण उर्फसूरज निषाद पिता हीरालाल निषाद उम्र 23 वर्ष, गंगोत्री बाई पति हीरालाल निषाद उम्र 38 वर्ष सभी साकिनान लिम्हा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग। 26.11.2023 को कंट्रोल रूम मुंगेली से प्राप्त सूचना की तस्दीकी के दरम्यान जिला अस्पताल मुंगेली में प्रार्थीया परदेशनी बाई पति भागवत निषाद उम्र 42 वर्ष सा. लिम्हा थाना मुंगेली रिपोर्ट दर्ज करायी कि पूर्व रंजिश को लेकर आज दिनांक समय सदर को आरोपी हीरालाल, अपने पुत्र सूरज, तथा पत्नि गंगोत्री बाई तथा 03 पुत्रियों के साथ मिलकर एक राय होकर अश्लील गाली गुप्तार एवं जान से मारने की धमकी देकर पत्थर, लाठी डंडा तथा हाथ मुक्का से मारपीट कर तथा गला को दबाकर मृतक उसके पति भागवत निषाद की हत्या कर दिये हैं।

# अब सिर्फ आज और कल का ही इंतजार, दावों के विपरीत आ सकते है चौकाने वाले नतीजे

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में अब सिर्फ3 दिन बचे है। यानि तीन दिसंबर को दोपहर तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यो में किस किस पार्टी की सरकार बन रही है लेकिन अभी अनुमानों और उम्मीदों का बाजार गर्म है ।लोग अपनी सुविधा संतुलन के हिसाब से संभावना जता रहे है और दावे भी कर रहे है । पिछले विधानसभा चुनाव में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभा में भाजपा को 4 कांग्रेस को 2 और जोगी कांग्रेस को 2 सीटे मिली थी लेकिन इस बार बड़े बदलाव की गुंजाइश दिख रही है । पुलिस मैदान में प्रियंका गांधी की सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बात विशेष तौर पर कही थी कि पिछले चुनाव में हम बिलासपुर जिले से पिछड़ गए थे लेकिन इस बार छक्का लगाना है। मुख्यमंत्री का आशय बिलासपुर जिले के सभी 6 विधानसभा में कांग्रेस को जिताने का था या फिर बिलासपुर लोकसभा अंतर्गत 8 विधानसभा में से 6 में जीत दर्ज करने का था यह स्पष्ट नहीं है लेकिन उनकी जो मंशा है, उन्होंने आमसभा में स्पष्ट कर दिया था। इधर भाजपा नेताओ को भारी उम्मीद है कि महतारी वंदन योजना के आवेदनों से प्रभावित होकर जिले की महिलाएं भाजपा को वोट देंगी और ऐसा होता है तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है लेकिन भाजपा नेताओ को यह भी चिंता सताए जा रही है कि कम वोटिंग का खामियाजा कही भाजपा को भुगतना न पड़ जाए । इसके पीछे यह तर्क है कि खासकर बिलासपुर विधानसभा समेत शहरी क्षेत्रों में यदि भूपेश बघेल सरकार के प्रति नाराजगी होती तो कांग्रेस के खिलाफ वोट भी पड़ते और वोट प्रतिशत 70 से 75 तक जाता और उसका लाभ निश्चित तौर पर भाजपा को मिलता लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोगो का मतदान के प्रति उदासीनता का कारण सरकार के खिलाफ नाराजगी नही बल्कि कुछ और रहा हो ।यह भी माना जाता है कि ज्यादा वोट पड़ने से सत्तारूढ़ दल का नुकसान होता है । यह भी उल्लेखनीय है कि मतदान दिवस को कई विधानसभा क्षेत्र के अनेक बूथों में कई घंटे तक वोटिंग मशीन खराब रही जिसके चलते सैकड़ो मतदाता बिना वोट डाले लौट गए बताया जाता है कि इन बूथों में पार्टी विशेष के वोटरों की संख्या काफी ज्यादा है इसलिए यह आशंका जताई जा रही कि पार्टी विशेष के वोटरों को मत देने से रोकने वोटिंग मशीन में गड़बड़ी की गई हालांकि इस आरोप के कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है और यदि यह बात सत्य है तो इस चुनाव में नतीजे पर भी असर पड़ेगा । इस चुनाव में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद अरुण साव जो स्वयं लोरमी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे है ,की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है ।उन्हे न केवल स्वयं चुनाव जीत कर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को बताना है बल्कि उसके लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभा सीटो में से या तो सभी या फिर कम से कम 7 सीटो पर भाजपा की जीत दिखानी है उससे कम सीटो पर जीत और खुद की यदि हार होती है तो उनका संसदीय सीट और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद खतरे में पड़ सकता है । उनका यह कथन कि वह चुनाव मजे लेने के लिए लड़ते है, आश्चर्यजनक है । इसी तरह दो पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और डा कृष्णमूर्ति बांधी को भी चुनाव जीतने की कड़ी चुनौती है । हार की स्थिति में राजनैतिक कैरियर खतरे में पड़ सकता है । एक और पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले जो लगातार 5 हजार से भी कम मतों से भले ही , चुनाव जीतते आ रहे है ,इस बार भी उन्हें उम्मीद है कि मुंगेली क्षेत्र की जनता उन्हें जिताएगी लेकिन यदि वे हार गए तो उम्र के हिसाब से वे भी भाजपा के मार्ग दर्शक मंडल में शामिल कर लिए जाएंगे । बिल्हा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक भी कड़ी टक्कर में फंसे हुए है । इधर लगातार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहने वाले विजय केशरवानी भी अबकी बार नही तो कभी नहीं के मुख्य सूत्र पर चुनाव लड़ रहे है ।पार्षद, एम आई सी मेंबर और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष का भार संभालते हुए उन्होंने अपनी राजनैतिक कौशल और कथित पहुंच के बल पर बेलतरा सीट से कांग्रेस की टिकट तो हासिल कर ली लेकिन चुनाव मैदान में कूदते ही उन्हें एहसास हुआ कि चुनाव जीतना टिकट लाने से कही ज्यादा कष्टप्रद है सो उन्होंने तमाम तरह के समझौते किए, हर उस शख्स को राजी और खुश किया जो चुनाव जीतने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बाद भी यदि वे चुनाव नही जीत पाए तो उनका जिला अध्यक्ष पद तो खतरे में पड़ेगा ही ,पार्षद की दुबारा टिकट पाने के लिए भी उन्हें कई बार सोचना पड़ेगा। वैसे भी विधानसभा चुनाव लड़ने वाले किसी को भी पार्षद चुनाव लडना शोभा नही देता और चुनाव जीत जाते है तो सरकार में मंत्री बनने जोड़तोड़ करेंगे।

## सीईओ से मिलकर भाजपा ने की मतगणना के लिए समुचित व्यवस्था की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा सांसद सुनील सोनी, निर्वाचन आयोग संपर्क समिति के संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा, रायपुर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण प्रत्याशी मोतीलाल साहू प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सुव्यवस्थित व निष्पक्ष मतगणना के लिए जरूरी आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि भाजपा द्वारा नियुक्त मतगणना-अभिकर्ता मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से मतगणना स्थलों में उपस्थित हो जायेंगे। जिस कारण मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल में मत-गणना को नोट करने हेतु प्लास्टिक के पेन की आवश्यकता है अतः प्लास्टिक के पेन ले जाने की अनुमति दी जावे। मतगणना स्थल पर मतगणना से प्राप्त वोट की एंट्री के लिए पेपर शीट की आवश्यकता है अतः पेपर शीट ले जाने की अनुमति दी जाए जिसमें कि विधानसभा के सभी बूथ का नंबर ईवीएम मशीन के सीरियल का नंबर हो। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि मतगणना स्थल पर प्राप्त वोटों को जोड़ने के लिए कैलकुलेटर ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए। भाजपा के मतगणना अभिकर्ता प्रातः काल 7 बजे से पूर्व मतगणना स्थल पर उपस्थित हो जाएंगे, अतः उनके खान-पान की व्यवस्था के लिए भाजपा के कुछ सदस्यों को व्यवस्था पास दिया जाए, जिससे वह खान-पान इत्यादि आवश्यक व्यवस्था के लिए मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकें। मतगणना स्थल पर सीसीटीवी लगाये जाने का प्रावधान हैं। मतगणना स्थल के सभी सीसीटीवी निर्बाध कार्य करें यह सुनिश्चित किया जाये।

## हार के बहाने तलाशने भाजपा चुनाव आयोग जा रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा के द्वारा बार-बार चुनाव आयोग जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा अपने तय हार के लिये अभी से बहाना तलाश कर रही है। इसीलिये भाजपा के नेता रोज-रोज नये बहाने तलाशने चुनाव आयोग पहुंच कर आरोप लगाते है। भाजपा कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाती है, तो कभी जिलों के अधिकारियों को धमकाती है, तो कभी स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी के मनगढ़त आरोप लगाती है। भाजपा की यह बौखलाहट बताती है कि भाजपा चुनाव में बुरी तरह से पराजित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा द्वारा लगातार बयानों और चुनाव आयोग में गलत शिकायत करके अधिकारियों को धमका रही है। चुनाव में तय हार की खीझ से भाजपाई अधिकारियों को धमकाने और डरवाने पर उतर आये हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। भाजपा के नेता सरकार बनाने के मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे है। राज्य में कांग्रेस की सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ वापस आएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन थी चुनाव में भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का जम कर दुरूपयोग किया। जनता ने भाजपा के सारे षड़यंत्रों को नकार कर उसके खिलाफमतदान किया है।

## 3 दिसंबर को कांग्रेस की रवानगी तय है : संजय श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ➤ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा जिला संगठन प्रभारी ज्योति नंद दुबे, जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा तथा पूर्व सांसद कमलभान सिंह की उपस्थिति में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में जनता के बीच ऐसा कोई आकर्षण नही था कि कांग्रेस को लाना है लेकिन कांग्रेस ने षड्यंत्र करके झूठे घोषणा पत्र के माध्यम से महिलाओं युवा, किसान तथा आम जनता को ठगने के लिए तमाम वादे किये, और छ्ल पूर्वक सरकार बनाया। पूरे 5 वर्षो तक भूपेश की सरकार केवल बहाना करती रही और घोषणा पत्र में किए हुए कोई भी वादे पूरे नहीं किए। अब 3 दिसंबर को कांग्रेस की रवानगी तय है और सरगुजा संभाग में भाजपा 14 सीटों में कम से कम 10 सीटें जीतकर 2003 का इतिहास दोहराएगी आगे उन्होंने कहा कि कॉग्रेस की सरकार ने पिछले पांच वर्षो में इस क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं किया जिसको उपलब्धि माना जा सके। भूपेश सरकार में यहाँ से तीन तीन मंत्रियों के होते हुए सरगुजा अंचल भारी उपेक्षा का शिकार हुआ। आम जनता खासकर यहाँ के आदिवासी समाज के लिए कांग्रेस सरकार में ऐसा कोई काम नहीं हुआ जिससे आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में परिवर्तन आया हो या उन्हें प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा हो। जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराकर उन्हें आरक्षण का लाभ दिलाया। पिछले विधानसभा चुनाव परिणाम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग की 14 सीटें कॉग्रेस इसलिए जीत पाई थी क्योंकि यहाँ की जनता में स्थानीय टी एस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाने की बात थी तथा जिसको कॉग्रेस ने भी जनता के बीच जाकर मुद्दा बनाया था। परंतु इस बार आम जनता ने बाबा और कॉग्रेस को उनकी नाकामी के लिए हराने का मन बना लिया है। क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए टी एस बाबा ने कभी भी सीएम भूपेश बघेल से लड़ाई नहीं की बल्कि पूरे 5 साल सीएम की कुर्सी पाने के लिए भूपेश बघेल से लड़ते रहे।

## पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**रायपुर।** पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन के साथ-साथ पीसीपीएनडीटी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म-बी में आवेदक का नाम अंकित किए जाने और पीसीपीएनडीटी पोर्टल में 06 माह प्रशिक्षण हेतु अधिसूचित संस्था एवं प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों की सूची प्रदर्शित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक प्रशांत श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, पीसीपीएनडीटी की सलाहकार डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. ओमकार खंडेलवाल सहित अन्य संबंधित कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

## एक्जिट पोल के नतीजे से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के आयेंगे कांग्रेस के पक्ष में परिणाम : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एक्जिट पोल के नतीजो से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में कांग्रेस अबकी बार तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी। कांग्रेस के 75 से अधिक विधायक चुनाव जीतकर आयेंगे। भाजपा चुनावों में दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। जनता ने कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे को देखकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 सालों में राज्य की जनता का भरोसा जीता है। 2018 में 68 सीटों के साथ सरकार बनाने के बाद कांग्रेस ने 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय, पंचायतो का चुनाव जीता। 5 सालों में कांग्रेस कभी कोई चुनाव नही हारी। इस बार भी हम रिकार्ड बरकरार रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा भाजपा छत्तीसगढ़ मे ईडी क़े अगुआई मे चुनाव लडी। ईडी नें आपने संवैधानिक मर्यादाओ को ताक मे रख कर कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियों मे बाधा पहुंचाने क़े लिए चुनाव क़े दौरान तमाम हथकंडे अपनाया मुख्यमंत्री की छवि खराब करने क़े लिए एक व्यक्ति क़े फर्जी बयान क़े आधार पर प्रेस नोट जारी कर क़े झूठे आरोप लगाया गया उसी क़े आधार पर प्रधानमंत्री से लेकर छोटे बड़े भजपा नेताओं नें ईडी की झूठी कहानी को जनता क़े सामने रखा लेकिन जनता नें भाजपा क़े षड्यंत्रो को नकार दिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि पूरे चुनाव क़े दौरान समुची भाजपा भूपेश बघेल क़े कद क़े सामने बौनी नजर आ रही थी प्रधानमंत्री खुद 7 सभा करने आने को मजबूर हुए अमितशाह सहित एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री आधा दर्जन मुख्यमंत्री अडानी क़े इशारे पर छत्तीसगढ़ मे डेरा डाले थे।

## कांग्रेस ने मतगणना एजेंटो को ट्रेनिंग दी मतगणना एजेंट हर राउंड मे रखेंगे पैनी नजर



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

3 दिसम्बर रविवार को पूरे प्रदेश मे विधानसभा चुनाव की मतगणना होनी है। रायपुर जिले के सातों विधानसभा सीटों की मतगणना भी सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज मे की जायेगी। जिसके लिए कांग्रेस ने अपने एजेंटो को ट्रेनिंग दी है। गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन मे 2 चरणो मे कांग्रेस एजेंटो को ट्रेनिंग दी गई। जिसमे प्रथम चरण मे रायपुर की चार सीटे एवं द्वितीय चरण मे ग्रामीण की तीन सीटे शामिल थी। ट्रेनिंग के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप मे अनिल कुमार चौहान एवं किरणमयी नायक मुख्य रूप से शामिल थे। ट्रेनरों के द्वारा एजेंटों को मतगणना प्रक्रिया को बारिकी से समझाया गया। मतगणना के समय एक घंटा पूर्व अपनी उपस्थिति टेबल पर दर्ज करानी होगी। बुधवार को डाले गये वोट को प्रत्याशियो को मिले वोटो के साथ मिलान करना होगा। साथ ही रिर्टनिंग आफिसर द्वारा दिये गये प्रत्येक बुथो के फार्म 17 सी की कापी अपने साथ ले जाना होगा। बुथवार टेबल शीट एवं फाइनल टेबुलेशन शीट तैयार करना माकपोल के दौरान बदली गई मशीनो के नंबरो का मिलान करना हर राउंड के बाद रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिए गये प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करना दावा आपत्ति या रिकाउंटिंग की स्थिति मे रिटर्निंग आफिसर को तत्काल आवेदन करना बताया गया। इस अवसर पर महंत राम सुंदर दास प्रतिमा चंद्राकर प्रमोद दुबे गिरीश दुबे पंकज शर्मा उधोराम वर्मा सहित सातो विधानसभा के मतगणना एजेंट उपस्थित थे।

## चावल से भरे ट्रक में पकड़ाया 517 किलो गांजा

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



जिले के सायबर सेल और पिथौरा पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर नेशनल हाइवे पर चावल से भरे ट्रक से 517 किलो गांजा बरामद किया है। ट्रक के चालक व खलासी पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर भाग निकले। बता दें कि पिथौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक के माध्यम से भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद पुलिस एक्टिव मोड़ में आकर तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की थी। मगर इसी दौरान तस्करों को पुलिस की घेराबंदी के बारे में भनक लग गयी। जिसके बाद ट्रक का ड्राइवर और उसका साथी ट्रक हाइवे पर मौजूद एक ढाबे के पास छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ट्रक के पास पहुंचकर ट्रक की तलाशी ली, तो ट्रक में चावल का खण्डा लदा हुआ था। जिसका उपयोग मुर्गी के दाने के तौर किया जाता है। इसके पीछे 517 किलो गांजा छुपाकर रखा हुआ था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर जांच की तो पता चला कि ट्रक चालक उड़ीसा के बौद्ध से गांजा लेकर दुर्ग जा रहा था। मामले में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब्त गांजा, चावल व ट्रक की कीमत लगभग 2 करोड 76 लाख रुपये है। पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच मे जुटी है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403